ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 09.06.2024 | वर्ष 11, अंक 158

RNI No. - JHAHIN/2014/59110



**सुविचार**

कठिन समय में समझदार व्यक्ति रास्ता खोजता है और कायर व्यक्ति बहाना।

## क्विक न्यूज

### शिवखोड़ी गुफा के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला, 10 लोगों की मौत

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी गुफा तीर्थ स्थल पर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलीबारी की. पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं. लोगों के हताहत होने की आशंका है.जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध आतंकवादियों के गोलीबारी में 10 लोग मारे गए है. यह आतंकवादियों का वहीं समूह है जो राजौरी,पुंछ और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपा हुआ है.

### नासिक में दो छात्रों ने की आत्महत्या

**मुंबई :** नासिक जिले में नासिक रोड स्टेशन के पास दो छात्रों ने बीती रात ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। दोनों छात्रों के शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। आत्महत्या के कारणों की छानबीन पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार दो छात्र संकेत राठौड और सचिन दिलीप कारवार 12वीं कक्षा में पढ़ते थे। दोनों छात्र शनिवार रात को घर से टहलने गए थे। इसी दौरान दोनों ने ट्रेन के आगे कूद गए। घटना की जानकारी आज सुबह रेलवे पुलिस को लगी तो पुलिस ने दोनों शव बरामद किये।

### नीट-2024 में धांधली को लेकर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली :** भारतीय युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित धांधली के खिलाफ रविवार को दिल्ली के रायसीना रोड स्थित अपने ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया।भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में पार्टी के नेता अपने हाथों में तख्तियां एवं पोस्टर लिए हुए थे। इसमें नीट में हुई कथित घोटाले की जांच की मांग की गई थी। श्रीनिवास ने कहा कि देश के 24 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा में डॉक्टर बनने का सपना देखते हुए भाग लिया लेकिन उन्हें धोखा मिला है। हम मांग करते हैं कि इसकी जांच होनी चाहिए।नई दिल्ली क्षेत्र में इस समय प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। इसके चलते दिल्ली पुलिस ने इन्हें अपने दफ्तर के आगे नहीं जाने दिया। सभी को पुलिस ने हिरासत में लिया।

### पूजा तोमर ने रचा इतिहास, यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली बनीं पहली भारतीय महिला फाइटर

**नई दिल्ली।** मिक्स मार्शल आर्ट में द साइक्लोन के नाम से फेमस भारतीय महिला फाइटर पूजा तोमर ने यूएफसी में इतिहास रच दिया। फाइटर के रूप में अपना डेब्यू करते हुए यूएफसी जीत करने वाली पहली भारतीय महिला फाइटर बन गई। उत्तर प्रदेश की रहने वाली पूजा तोमर का पहले ही मुकाबले में स्ट्रॉवेट में रेयान डॉस सैंटोस से सामना हुआ। तीन राउंड तक चली तोमर और डॉस सैंटोस की लड़ाई में 30-27, 27-30, 29-28 से जीत दर्ज की। सैंटोस ने अपनी ऊंचाई और रेंज का फायदा उठाने की कोशिश की, लेकिन पूजा तोमर के आगे एक ना चली।

### मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर इंडिगो-एयर इंडिया के विमानों की टक्कर टली

**मुंबई:** मुंबई एयरपोर्ट पर रविवार को सुबह एक ही रनवे पर दो विमानों की टक्कर होते-होते बची। डीजीसीए ने इस घटना की छानबीन का आदेश दिया है और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है।इंदौर से आए इंडिगो के विमान को एटीसी ने रनवे पर उतरने की अनुमति दी। उसी रनवे पर एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। इंडिगो विमान के पायलट ने लैंडिंग के समय बेहद सावधानी बरती, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हो सकी। इन दोनों विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ के बीच कुछ ही पलों का फासला था। इसका वीडियो बनाकर यात्रियों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।उधर, डीजीसीए ने इस घटना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एटीसी टीम को तत्काल काम से हटा दिया है और मामले की छानबीन का आदेश दिया है। मुंबई एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि इन कर्मचारियों पर दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य मंत्रियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ

### अन्नपूर्णा ने ली मंत्री पद की शपथ



केन्द्रीय मंत्री के रूप में कोडरमा से भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने शपथ ली। इससे पहले भी वह केन्द्र सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

### संजय सेठ ने ली राज्य मंत्री पद की शपथ



रांची से भाजपा के सांसद संजय सेठ भी इस बार के मोदी मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली हैं। संजय सेठ दूसरी बार रांची से सांसद बने हैं।

# तीसरी बार पीएम बने मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली. राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह में विशेष अतिथियों के सामने नरेंद्र मोदी ने पद और गोपनीयती की शपथ ली.उन्होंने शपथ ग्रहण के दौरान कहा,मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी ईश्वर की शपथ लेता हूं कि विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा। मैं संघ के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक एंव शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करुंगा। तथा मैं भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना सभी प्रकार के लोगों के प्रति संविधान और विधि के अनुसार न्याय करूंगा। पीएम मोदी के बाद अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा ने भी शपथ ले ली। जेपी नड्डा के बाद शिवराज सिंह चौहान और फिर निर्मला सीतारमण को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। पीएम मोदी ने लगातार बार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की है। पीएम मोदी के बाद अन्य मंत्रियों ने शपथ लिया। इस अवसर पर एनडीए का पूरा कुनबा सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पड़ोसी देशों के नेता हुए शामिल

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने समारोह में हिस्सा लिया.

### जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार ली पीएम पद की शपथ

रोचक तथ्य यह है कि 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद तीसरी बार सत्ता में आई है। इसी के साथ नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले नेताओं की सूची में शामिल हो चुके हैं। मोदी से पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 में लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।इंदिरा गांधी ने 1966 में पहली, 1967 में दूसरी और 1971 में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने भी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। सबसे पहले 1966, 1998 और इसके बाद 1999 में प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि, सिर्फ एक बार ही वे अपना कार्यकाल पूरा कर सके थे।

### शपथ ग्रहण समारोह में फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज भी पहुंचे

प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज भी पहुंचे हैं। अभिनेत्री और हिमाचल से सांसद चुनी गईं कंगना रणौत, अभिनेता रजनीकांत, बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले शाहरुख खान, अभिनेता विक्रांत मेसी और निर्माता राजकुमार हिरानी भी शपथ ग्रहण में शामिल होने पहुंचे हैं।

### पीएम मोदी का सफर



- मोदी ने पं. जवाहर लाल नेहरू के लगातार 3 बार पीएम बनने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है
- मोदी का जन्म गुजरात के वडनगर में 17 सितंबर 1950 को हुआ।
- 8 साल के थे तो वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए।
- 1975 संघ द्वारा मोदी को गुजरात लोक संघर्ष समिति का महासचिव नियुक्त किया गया था।
- वर्ष 1979 में वह संघ के संभाग प्रचारक बनाए गए।
- मोदी ने 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की राम रथ यात्रा और 1991 में मुरली मनोहर जोशी की एकता यात्रा आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- सात अक्टूबर 2001 को मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री बने।

### चार बार सीएम और 6 बार सांसद

#### पहली बार मोदी कैबिनेट में शिवराज की एंट्री

मध्य प्रदेश में मामा के नाम से लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी मोदी सरकार 3.0 में जगह दी गई है और वो केंद्र में मंत्री बन गए हैं. उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में पद और गोपनीयता की शपथ ली है. साल 1990 में पहली बार बुधनी से चुनाव जीतकर विधायक बने शिवराज सिंह चौहान बीजेपी के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं. उन्होंने नब्बे के दशक में अखिल भारतीय केशरिया वाहिनी के संयोजक के रूप में अपने राजनीतिक करियर का आगाज किया था. इसके बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार 1990 में बुधनी विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधायक बने थे. इसके अगले ही साल 1991 में वो 10वीं लोकसभा चुनाव में विदिशा से चुनाव जीतकर पहली बार सांसद भी बन गए थे. 1996 में, वह 11वीं लोकसभा चुनाव में भी सांसद बने और मानव संसाधन विकास मंत्रालय में सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में काम किया. इसके बाद उन्होंने 1996 से 1997 तक मध्य प्रदेश में पार्टी महासचिव के पद पर रहे. 1998 में फिर से, उन्हें लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की और शहरी और ग्रामीण विकास मंत्रालय में उप-समिति के सदस्य के रूप में काम किया. 13वीं लोकसभा चुनाव में वो फिर चुनाव जीत कर संसद पहुंचे. वहीं उन्होंने 2000 से 2003 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में काम किया।



### केंद्र में शुरू की पारी

शिवराज सिंह चौहान को राज्य से मोदी केंद्र में लेकर आए हैं। शपथ लेने वाले मंत्रियों में शिवराज सिंह भी शामिल रहे।



### मंत्रिमंडल में वापसी

पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में जेपी नड्डा की वापसी हो गई है।



### गडकरी पर भरोसा

पीएम मोदी ने नागपुर से सांसद नितिन गडकरी पर फिर से भरोसा जताया है।



### अमित शाह ने ली शपथ

पीएम मोदी के बेहद करीबी शाह को एक फिर मंत्रिमंडल में जगह मिली है।



### राजनाथ ने ली शपथ

राजनाथ सिंह ने एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली।



### सीतारमन पर भरोसा

पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में सीतारमण पर फिर भरोसा जताई है।

#### जेईई-एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम घोषित

## वेद लाहोटी बने ऑल इंडिया टॉपर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** आईआईटी मद्रास का 26 मई को हुई जेईई-एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम मात्र 14 दिन बाद रविवार 9 जून को घोषित कर दिया। इस परीक्षा में 1,91,283 विद्यार्थियों को पंजीकृत किया गया था। इस बार 48,248 विद्यार्थियों को आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिये क्वालिफाई घोषित किया गया है। उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में 40,284 छात्र एवं 7964 छात्राएं हैं। आईआईटी मद्रास के जारी परिणामों में ऑल इंडिया मेरिट सूत्री में इस वर्ष एलन कोटा के कोचिंग छात्र व इंदौर निवासी वेद लोहाटी ने ऑल इंडिया रैंक में टॉप किया।

लोहाटी ने 360 में से सर्वाधिक 355 अंक हासिल किये है। गर्ल्स केटेगरी में छात्रा द्विजा धर्मेश कुमार पटेल टॉपर रही, जिसने 360 में से 322 अंक हासिल किए हैं।उल्लेखनीय देश के 23 आईआईटी संस्थानों में गत वर्ष 17,385 सीटें थी, जिसमें से 13,918 पर छात्रों को एवं 3422 पर छात्राओं को प्रवेश दिया गया था। इस वर्ष 10 प्रतिशत सीटें बढ़ने की उम्मीद है। याद दिला दें कि जेईई-मेन से इस वर्ष 2.50 लाख शीर्ष परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड के लिये क्वालिफाई घोषित किया गया था, लेकिन इनमें से 60 हजार इस कठिन प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुये।



## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान एवं संग्रहालय परिसर कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल एवं बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा नमन किया।

मौके पर मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा की लड़ाई लड़ी। यहां के आदिवासी-मूलवासी के हक, अधिकार एवं अस्मिता की लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो सीएनटी/एसपीटी एक्ट बना है यह हमारे पूर्वजों का ही देन है, यह कानून राज्य के आदिवासी एवं मूलवासियों के लिए सुरक्षा कवच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन हम सभी लोग धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को सहृदय याद करते हैं और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हैं।

## भीषण गर्मी से तप रहा झारखंड, पारा 40 पार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में गर्मी का कहर जारी है. रांची समेत झारखंड के 20 जिलों का तापमान 40 डिग्री से. के पार जा चुका है. वहीं रविवार को डाल्टेनगंज का तापमान 45 डिग्री से. पार रहा. मौसम विभाग के अनुसार 13 जून तक गर्मी से राहत मिलने कि कम संभावना है. 10 जून से झारखंड कई प्ले स्कूल समेत हाई स्कूल खोले जा रहे है. वहीं गर्मी को देखते हुए झारखंड अभिभावक संघ ने सभी विद्यालय में गर्मी की छुट्टी 16 जून तक बढ़ाने की मांग की है. झारखंड अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को ईमेल के माध्यम से एक ज्ञापन भी भेजा है. इसके साथ कई अभिभावक ने भी बच्चों के स्कूल शुरू होने पर चिंता जताई है. लेकिन विभाग ने नौनिहालों के लिए स्कूल बंद करने कि जगह स्कूल के समय में परिवर्तन किया है. रविवार को झारखंड शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालय को 15 जून तक केजी से क्लास 12 तक की कक्षाएं सुबह 7 से 11.30 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया है.मौसम विभाग ने सोमवार को गढ़वा, पलामू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं 11 से 13 जून तक देवघर, दुमका, गोड्डा, गढ़वा और पलामू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके साथ संथाल परगना के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में 13 जून तक येलो अलर्ट जारी किया गया है. रविवार को राज्य के गढ़वा और पलामू में भीषण गर्मी की लहर महसूस की गई. वहीं राज्य के चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, दुमका और गुमला जिलों में ले चली.

## 10 लाख रुपये का इनामी नक्सली गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला :** गुमला पुलिस ने भाकपा माओवादी के 10 लाख रुपये के इनामी सबजोनल कमांडर शंभु गंझू उर्फ रवि गंझू को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। रवि गंझू का घर चतरा जिला के टंडवा थाना स्थित हुम्बी सराढू गांव है। पुलिस ने उसे घाघरा थाना के दीरगांव स्थित झलकापाठ कारासिली जंगल से गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर चतरा, लातेहार, गुमला में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को इसकी गुप्त सूचना मिल गय। इसके बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ गुमला, घाघरा थाना प्रभारी व क्यूआरटी की टीम का गठन किया । पुलिस टीम ने रवि गंझू को पकड़ने के लिए रणनीति बनायी। इसके बाद पुलिस टीम घाघरा थाना क्षेत्र के दीरगांव इलाके में घुसी और घेराबंदी कर रवि गंझू को गिरफ्तार किया, जिस समय रवि गंझू को पकड़ा गया। वह अकेला था। उसके अन्य साथी साथ में नहीं थे। रवि के पास हथियार नहीं मिला है। क्योंकि वह ग्रामीण वेशभूषा में गांव-गांव घूमकर संगठन मजबूत करने में लगा हुआ था। हालांकि, उसके पास से एक थैला मिला है, जिसमें रवि गंझू के उपयोग के समान साबुन, टूथ ब्रश, कोलगेट पेस्ट, कपड़ा साथ ही भाकपा माओवादी की प्रिंटेड पर्चा मिला है।

प्रेस कांफ्रेंस में गुमला के एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गुमला के बिशुनपुर, घाघरा व चैनपुर इलाके में भाकपा माओवादी के कमजोर होने के बाद सैक सदस्य छोटू खेरवार के कहने पर रवि गंझू घाघरा इलाके में लेवी का पैसा वसूलने व संगठन विस्तार करने के इरादे से घुसा था।

### उपायुक्त ने की नगड़ी सीओ के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** नौकरी के कागजात वेरिफाई कराने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ नगड़ी सीओ ने बदसलूकी की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले को लेकर रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा की ओर से सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ राज्य सरकार से रविवार को कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। इसकी पुष्टि उपायुक्त ने की है।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# आजसू पार्टी ने मनाया भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भगवान बिरसा चौक स्टेशन रोड मेदनीनगर में आजसू कि ओर से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि मनाते हुए पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रखा कर श्रध्दांजलि सभा की गयी। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि झारखण्ड राज्य का अस्तित्व बिरसा भगवान के बिचार के बिना अधूरा है। इन्होंने कहा कि पलामू जिला प्रशासन कि भुमिका निसंदेह सवालों के घेरे में है। पलामू में एक मात्र बिरसा भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण तो दुर कि बात, निगम सफाई भी नहीं करवाया। जितनी भी निन्दा की जाय कम है। केन्द्रीय सचिव ईन्तयाज अहमद नजमी ने कहा कि पुण्य तिथि पर संकल्प लिया गया कि भगवान बिरसा मुंडा की आदर्श पर चलकर झारखण्ड नव निर्माण के आन्दोलन को तेज कर बिकास की अलख जगाना है। बिकेश शुक्ला केन्द्रीय सचिव ने कहा कि झारखण्ड अलग राज्य के आन्दोलन मे लाखों लोग ने प्रताड़ित हुए हैं। हजारों ने सहादत दी है आज पुण्य तिथि पर सपथ लेकर आन्दोलनकारियो के मान सम्मान व स्वाभिमान के संघर्ष के मशाल को जलाकर बेहतर राज्य के सपनो को साकार करे। युवा आजसू के नेता अभिशेख राज ने कहा कि आज झारखण्ड के युवाओं के भविष्य के लिए राज्य के नौजवानों को सड़क पर उतर कर ही बिरसा मुंडा के स्वावलंबी राज्य की स्थापना के लिए बढना होगा। राहुल मिश्रा ने कहा कि आज संकल्प लेने का अवसर है छात्र नौजवानों को गोलबंद होकर खुशहाल झारखण्ड की नवनिर्माण हो जहाँ लुट झुठ अपराध भ्रष्टाचार की कई नामो निशा न हो।कार्यक्रम मे आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव बिजय मेहता, बबलू गुप्ता, केन्द्रीय सदस्य तुलसी शुक्ला व युवा आजसू व आजसू छात्र संघ के शमीर तिवारी कमल शुक्ला रंजीत पाण्डेय राहुल पाण्डेय जिम्मी हिमान्सु जी शैलेन्द्र पाण्डेय रोहित जी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## जलमीनार रहने के बावजूद ग्रामीणों को पीने के लिए नहीं मिल रहा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड के राजहरा गांव के बहेरा ढोढ़ा टोला में भीषण गर्मी से परेशान हैं लोग वहीं जलमीनार रहने के बाद भी ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र पाल के द्वारा आधार कार्ड हम सबों से यह कह कर लिया गया कि जलमीनार लगेगा और हम सबों को पानी मिलेगा जब जलमीनार के लिए बोरिंग हुई जल मीनार भी लगी और जब पानी सप्लाई की बात करें तो जितेंद्र पाल के द्वारा जलमीनार को निजी बताकर पानी देने से मना कर दिया गया हम लोगों को पानी नहीं मिलती और जितेंद्र पाल खेती करने में सारे पानी को बर्बाद करते हैं। इस संबंध में जितेंद्र पाल से बात करना चाहा तो घर पर नहीं रहने के कारण उनके पिताजी से बात हुई उनका कहना है विभाग जाने आखिर आगे क्यों पाइप नहीं लगा और ग्रामीणों को पानी क्यों नहीं पहुंचा विभाग जाने। हालांकि इस मामले में विभाग को कटघरे में खड़ा करता है की जलमीनार लगने के बाद भी आगे पाइप क्यों नहीं लगा और पानी क्यों नहीं पहुंचा। वही ग्रामीणों ने बताया कि जल्द जल मीनार से पानी नहीं मिली तो डीसी के पास जाएंगे और न्याय की गुहार लगाएंगे।

## भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर के स्टेशन चौक स्थित धरती आबा भगवान विरसा मुंडा जी के 124 वीं शहादत दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि व सहस्त्र नमन अर्पित किया।उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने छोटे जीवन काल में महान आदिवासी संस्कृति के साथ जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण की रक्षा का अनवरत संदेश देनेवाले जननायक भगवान विरसा मुंडा जी ने अंग्रेजी सल्तनत के खिलाफ ऐतिहासिक विद्रोह का नेतृत्व कर काले अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती देते हुए रांची जेल में जो कूर्बानी दिया, वह हमारी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने कहा कि आज के ऐतिहासिक शहादत दिवस के दिन भी पलामू जिला प्रशासन द्वारा धरती आबा की प्रतिमा की भीषण उपेक्षा व साज-सज्जा से वंचित रखना निंदनीय है।राज्य में चम्पाई सोरेन जी (जेएमएम) के नेतृत्व में सरकार के बावजूद भी धरती आबा की उपेक्षा चिंतनीय है।यही हाल आज शाम को तीसरी बार शपथ लेने जा रहे पीएम मोदी की पार्टी भाजपा का भी है, जो अक्सर जनजातीय गौरव दिवस का क्षद्म प्रलाप कर झारखण्डियों को मूर्ख बनाती है। उक्त अवसर पर झारखण्ड क्रांति मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम, नगर अध्यक्ष प्रदीप राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज कार्याकल्प विनर अवार्ड में पूरे राज्य में प्रथम स्थान किया प्राप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलांबर पितांबरपुर कायाकल्प विनर अवॉर्ड में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वास्थ्य केंद्र इससे पहले भी कायाकल्प कमेंडेशन अवार्ड जीता है पर इस बार सबसे बेस्ट रनर पुरस्कार में भी अव्वल रहा है जिसके तहत अवार्ड के रूप में 15 लाख + 5 लाख स्वास्थ्य संस्थान को मिलेगा, जिसमें 25 परसेंट कर्मचारियों में बटेगा एवं 75प्रतिशत परसेंट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकास में लगेगा। डॉ. राजीव रंजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिए जाने की प्रशंसा की उन्होंने कहा की लगातार कायाकल्प अवॉर्ड के लिए नामित होना दर्शाता है कि यहां कार्य की गुणवत्ता को लगातार जारी रखा जा रहा है। बता दें की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन एवं बीपीएमयू के सदस्यों के नेतृत्व में लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलांबर पितांबरपुर बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जिसके लिए पिछली बार आयुष्मान भारत में भी पूरे राज्य में टॉप किया था जिसमें डॉक्टर राजीव रंजन को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा अवार्ड भी दिया गया था। उनकी पूरी टीम विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रही हैं यह पुरस्कार प्राप्त करना टीम की मेहनत से हीं संभव हो पाया है।

## किसान ब्रिगेड कोर कमेटी का बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** रविवार को हरिहरगंज स्थित नयन होटल में किसान ब्रिगेड हरिहरगंज एवं पीपरा प्रखंड इकाई के तत्वावधान में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान तथा संचालन पीपरा प्रखंड अध्यक्ष लालबहादुर सिंह ने किया। इस बैठक में दोनों प्रखंड के सभी पंचायत प्रभारियों ने भाग लिया और बारी बारी से अपनी वक्तव्य को रखा। कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए विनोद पासवान ने कहा कि यह बैठक किसान महापंचायत के सफल आयोजन पर विचार विमर्श करने लिए किया गया है। इसलिए आप सभी पूरी ईमानदारी ऊर्जा और जोश के साथ दिए गए दायित्व का निर्वहन करें। अपने संबोधन के दौरान किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज पलामू जिला सहित पूरा हुसैनाबाद विधानसभा के किसान खेती बारी छोड़कर पलायन करने को मजबूर हैं। इनका सूद लेने वाला कोई नहीं है। किसान ब्रिगेड किसानों के हितैषी संगठन है और किसान हित की लड़ाई विगत कई वर्षो से लड़ रही है। जनता इस समय भूमि गड़बड़ी, 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ नहीं मिलना, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में फैला भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न समस्याओं से जूझ रही हैं। इन समस्याओं के निराकरण हेतु आगामी 19 जून को किसान ब्रिगेड ने किसान महापंचायत का आयोजन किया है।

## सहिया दीदी की आकस्मिक मौत से विभाग मर्माहत : वीरेंद्र पासवान

**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर अन्तर्गत ग्राम डाला खुर्द की सहिया मृतक सरस्वती देवी के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिजन से मिलने पहुंचे सामुदायिक प्रशिक्षक संघ झारखंड राज्य अध्यक्ष बिरेन्द्र पासवान, प्रमंडलीय अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, रिजनल कॉर्डिनेटर धर्मेन्द्र पाठक, पलामू डीपीसी अभिषेक आनंद, प्रमंडलीय सदस्य महेन्द्र कुमार, सहिया साथी गुलशन बीबी सहित कई सहियाओ ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया,और संघ की तरफ से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग किया। सामुदायिक राज्य प्रशिक्षक संघ के अध्यक्ष विरेंद्र पासवान ने कहा कि इसके आलावे हर तरह से मदद की जायेगी, और जल्द ही सहिया मद से मिलने वाली राशि,भी परिजन को दिया जाएगा, रीजनल कॉर्डिनेटर धर्मेन्द्र पाठक ने कहा कि सहिया दिन रात मेहनत कर अपने गांव, कस्बा अपने क्षेत्र का हर तरह से लाभ पहुंचाने का काम करती है, खास कर स्वाथ्य के प्रति सजग रहती है उन्हें हर तरह से लाभ दिलाने की कोशिश करेंगे।पलामू डीपीसी अभिषेक आनंद ने बताया कि सहिया सहिया मातृ मद और बीमा का पैसा भी उनके परिजन को जल्द कागजी प्रक्रिया कर दे दिया जाएगा।

## लक्ष्मीनारायण यज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर

**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा कला शिव मंदिर प्रांगण में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में होने वाले यज्ञ का तैयारी जोरों पर है। 21 जून दिन गुरुवार को सुबह 6 बजे चतुर्मास व्रत का शुभारंभ स्वामी जी के सानिध्य में शुरू होगा। इस दिन से ही स्वामी जी द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण कथा प्रारम्भ करेंगे। मालूम हो की पांच दिनों का यज्ञ विजयादशमी के दूसरे दिन से शुरू होगा। इससे पूर्व चार महीना अनवरत परम पूज्य गुरुदेव श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी द्वारा कथा प्रवचन करेंगे। यज्ञ समिति ने 21 जून सुबह छह बजे ज्यादा से ज्यादा संख्या धर्म प्रेमी श्रधालुओं को शामिल होकर यज्ञ को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## दंगवार सूर्य मंदिर की चहारदीवारी समेत सुंदरीकरण की निविदा निकली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तेज हो गई है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि उनका एक एक पल हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता को समर्पित है। उनकी समस्याओं को हल कराने में जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद क्षेत्र का ऐतिहासिक दंगवार सूर्य मंदिर के विकास का उन्होंने वादा किया था, उसे पूरा कर दिया है। सूर्य मंदिर की चाहत दिवारी निर्माण के साथ परिसर को विकसित व सुसज्जित करने की निविदा निकल चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए पहले भी कई गांव में स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण कराया गया है। बचे हुए स्वास्थ्य उप केंद्रों के भवन निर्माण कार्य की निविदा निकाल दी गई है। इसमें पिपरा के अंधेरी भाग, सरइया, हरिहरगंज के अररुआ कला व पचमो, हुसैनाबाद के झारगड़ा, कामगारपुर व लोटानिया, हैदरनगर के बरदंडा स्वास्थ्य उप केंद्र भवन शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ग्रामीणों की मांग पर पिपरा के तेंदुआ पंचायत अंतर्गत टंडवा जगदीशपुर पुल निर्माण की भी निविदा निकली गई है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति के बाद अधिकांश पर कार्य किए जा रहे हैं।

## रिकवरी एजेंट प्रियरंजन हत्याकांड मामले में पुलिस सक्रिय, फिर भी सफलता नहीं लगी हाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा, पलामू :** छतरपुर प्रखंड के कचनपुर निवास समस्ता माइक्रोफाइनेंस के रिकवरी एजेंट प्रियरंजन कुमार को सतबरवा में गोली मारकर दिनांक 03/06/2024 को हत्या कर दी गई थी। प्रियरंजन कुमार हत्याकांड मामले में युवा एकता मंच पलामू जिला अध्यक्ष संदीप सरकार ने थाना प्रभारी सतबरवा से मुलाकात किए, उन्होंने बताया कि इस तरह की हत्याकांड से पूरे पलामू के युवाओं में दहशत की माहौल पैदा हो गया। घर की जिम्मेवारी संभालने के लिए युवाओं के घर से बाहर रहकर काम करना पड़ता है।ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है , दोषियों को पकड़ कर कड़ी करवाई की मांग किए।पुलिस को इस मामले में अबतक सफलता नहीं मिल पाई है हालांकि प्रशासन के द्वारा पूरी तरह से सक्रियता दिखाई जा रही है। एवं मामले की छान बीन की जा रही है। मौके पर कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामजन्म राम, पूर्व मुखिया नृपत राम, मृतक के पिता युगेश राम, मालीकचंद राम विजय कुमार, चंदन कुमार उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय रेफरी एवं कोच सेमिनार परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक 09 जून 2024 को जीएलए कॉलेज ऐथलेटिक्स स्टेडियम में जिला स्तरीय खो खो रेफरी कोच का सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन किया गया। सेमिनार में पलामू जिला के लगभग 20 रेफरी एवं कोच प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए। सेमिनार का प्रारंभ पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे के संबोधन से हुआ। सेमिनार और रेफरी के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने सभी उम्मीदवारों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए सेमिनार प्रारंभ किया। सेमिनार के मुख्य प्रशिक्षक एवं व्याख्याता पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन सचिव संजय कुमार त्रिपाठी जिला टेक्निकल पदाधिकारी रेशमा पांडे, प्रीति कुमारी, अक्सा नाग, रंजीत सिंह, सोनी कुमारी ने सभी प्रशिक्षु उम्मीदवार को प्रशिक्षण दिया तथा परीक्षा का संचालन किया। सभी उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के उपरांत 50 अंक का लिखित परीक्षा एवं 50 अंक का व्यवहारिक परीक्षा का आयोजन कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

## झामुमो ने मनाया बिरसा मुण्डा का शहादत दिवस, दी श्रद्धांजलि



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला समिति गढ़वा के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 122वीं शहादत दिवस मनायी गयी। शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयास से गढ़वा में बिरसा मुण्डा हेलीपैड पार्क का निर्माण कर धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापित की गई है। वक्ताओं ने बिरसा मुण्डा की जीवनी एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला। साथ ही लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने एवं उनके विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष, तनवीर आलम खान, सचिव, मनोज ठाकुर, केन्द्रीय सदस्य, शरीफ अंसारी, जिला संगठन सचिव, करीब अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष, संजय सिंह उर्फ छोटू, रीता देवी, परशु राम कुशवाहा, अजय यादव, परशु राम, अखिलेश कुमार तिवारी, सुरेन्द्र गोस्वामी एवं सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## महापुरुषों की प्रतिमा लगाने पर ओंकारनाथ के बयान का विधायक प्रतिनिधि ने किया पलटवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** पांकी विधायक द्वारा पुरे पांकी विधानसभा में महापुरुषों के प्रतिमा लगाए जा रहे हैं। जिस पर आप नेता ओंकारनाथ जयसवाल ने पांकी विधायक कुशवाहा डॉ.शशिभूषण मेहता पर विधायक कोटे कि राशि पर गोलमाल करने का आरोप लगाया है। और उनका कहना हैं कि विधायक मद की राशि उपयोग कर महापुरुषों की प्रतिमा लगाई जा रही है और माननीय विधायक जी निजी खर्च बताते हैं। इस व्यान पर पांकी विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता और जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता समाजसेवी बिनोद ने प्रेस वार्ता कर पलटवार किया है।जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने कहा कि पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता डॉ भीमराव अंबेडकर में आस्था रखते हैं। जिससे कि वह भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पूरे पांकी विधानसभा में निजी घर से लगा रहे हैं। जिससे घबराए कुछ दिवालिया नेता को मिर्ची लग रही है। और उनको पता होना चाहिए भगवान या महापुरुष में आस्था रखने वाले लोगों को भगवान या महापुरुष की मूर्ति लगाने में विधायक मद की राशि नहीं आती है। समाजसेवी विनोद राम ने कहा कि पांकी विधानसभा में विधायक कुशवाहा डॉ. मेहता ने निजी खर्च से लखनऊ से मंगा कर बाबासाहेब को मानने वाले उनके समर्थक हैं उनके मांग पर सुपुर्द किया है और बाबा साहब को मानने वाले जितने भी लोग हैं अपने निजी खर्च से आस्था के साथ स्थापित कर रहे हैं। उन महानुभाव को मैं कहना चाहता हूं कि पेशा से वकील हैं।

# सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से नाम जप, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। इसके बाद संगीताजली कार्यक्रम में धृतिसुन्दर लाल, अनिता देवी, रामा देवी, व दीपमाला अम्बष्ट ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋ त्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि सर्व प्रथम वर्तमान समय को ठीक करना है, यदि हम सबका वर्तमान समय ठीक हो जाता है तो भविष्य भी स्वतः ठीक हो जायेगा. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय को ठीक करने के लिये सतनाम और दान दोनों करना चाहिये। सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी ने मानव को सत्संग और सतनाम पर विशेष रूप से कहा कि सत्संग में सभी देवी देवतागण उपस्थित होते हैं। इसलिये सत्संग में सभी मानव जाति को उपस्थित होना चाहिये। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्रदत्त सतनाम का जप करने से मानव में सुसंस्कार आते हैं। उन्होंने कहा कि अपने गुरु के प्रति निःस्वार्थ भाव से सेवा करना चाहिये.कहा जाता है कि सद्गुरु के चरणों मे ही चारो धाम स्थित है। याजक राजकुमार दा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण कर उनके आदेशो का पालन करने से सभी प्रकार की बाधाएं दूर हो जाती है.श्री श्री ठाकुर जी द्वारा प्रदत्त नाम कल्याण करने वाला है। सत्संग के अंत मे सत्संग आश्रम देवघर के वर्तमान आचार्य देव अर्कधुती चक्रवर्ती उर्फ बाबई दा शुभ 57 वां जन्म दिवस मनाया गया.सत्संग में प्रसाद की व्यवस्था चेचरिया निवासी सत्संगी रामा देवी द्वारा किया गया था। सत्संग में ऋ त्विक विजयनन्दन सिन्हा, संजय दा, भोला प्रसाद, सरयू प्रसाद, शिवम, कुमार, पप्पू कुमार, विकास कुमार, शुभम कुमार, प्रीतम कुमार, सृष्टि, सुमिरन, सुप्रिया, वृंदा देवी, रीता देवी, सतवंती देवी, चंचला गुप्ता, निर्मला जायसवाल, विमला देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान बिरसा मुंडा के शहादत पर कल्पना सोरेन ने श्रद्धासुमन की अर्पित

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित की है। सोरेन ने रविवार को रांची स्थित अपने आवास पर भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान और संघर्ष ने आदिवासी समाज सहित पूरे विश्व में आत्मसम्मान और गरिमा की भावना को प्रबल किया। आज वे पूरी दुनिया के शोषित और पीड़ित लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हर अन्याय के खिलाफ उलगुलान, यही पुरुखों का रास्ता है उनके दिखाए मार्ग पर हम सदैव आगे बढ़ेंगे, तानाशाहों के समक्ष झुकेंगे नहीं। भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। जय झारखंड।

### राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि महान क्रांतिकारी, धरती आबा, जनजातीय गौरव, भगवान बिरसा मुंडा का त्यागमय जीवन राष्ट्र सेवा का अद्वितीय उदाहरण है।

# भगवान बिरसा मुंडा विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं : झामुमो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** धरती आबा भगवान वीर शहीद बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया । इस अवसर पर कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधी स्थल पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के समाधि पर माल्यार्पण किया और उनको श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती सपूत भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान और संघर्ष को पूरे विश्व में याद किया जाता है। वे पूरी दुनिया के शोषित और पीड़ित लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हम उनके दिखाए मार्ग पर हम सदैव आगे बढ़ेंगे।

इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता , अजीत नायक, अकबर कुरैशी, अवधेश यादव, मोहम्मद फैयाज , पंकज कुमार सहित कई दुकानदार मौजूद थे।

### कांग्रेस मुख्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज पूरे राज्य भर में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि वृहत रूप से मनाई जा रही है। अंग्रेजों के शोषणकारी प्रवृति की वजह से मुण्डाओं की सामुहिक खूँटकटी व्यवस्था नष्ट होने के कगार पर पहुंच गयी थी। बिरसा मुण्डा का क्रांतिकारी मन इनके खिलाफ बगावत से भर उठा। उन्होंने अपने अनुचरों के साथ इनके खिलाफ 1897 में उलगुलान (क्रांति) की शुरूआत की। वीर बिरसा आरंभ से ही जल,जंगल,जमीन की रक्षा और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में इनका नाम अमर शहीदों की सूची में शुमार है। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते-लड़ते कारावास में1900 मे उनकी मृत्यु हो गयी। वक्ताओं ने कहा कि वीर बिरसा मुण्डा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलको,राजीव रंजन प्रसाद,मदन मोहन शर्मा,सतीश पॉल मुंजनी,सोनाल शांति अजय सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले महान क्रांतिकारी थे : संदीप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वनवासी कल्याण आश्रम के सभागार में जनजाति सुरक्षा मंच एवं सेवाधाम पुरातन छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक (झारखंड-बिहार) संदीप उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले महान क्रांतिकारी थे। भगवान बिरसा मुंडा मात्र 25 साल की उम्र में देश के लिए शहीद होकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई को प्रेरित किया। इसके चलते देश आजाद हुआ। मुंडा आदिवासियों और अन्य सभी के जरिये बिरसा को आज भी धरती बाबा के नाम से पूजा जाता है। बिरसा ने अंग्रेजों की लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी। साथ-साथ जंगल-जमीन की लड़ाई के लिए उलगुलान की शुरुआत की। 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों कुटिल नीति अपनाकर आदिवासियों को लगातार जल-जंगल-जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने लगे। डॉ एचपी नारायण ने कहा कि बिरसा मुंडा एक ऐसे युवा थे जो मात्र 25 वर्ष की आयु में ही अपनी अमिट छाप छोड़ दिए। आप सबको भी उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर समाज के निचले स्तर तक जाकर लोगों की मदद करनी चाहिए और धर्म की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा की आज बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर हमें युवाओं एवं छात्रों की सेवा एवं शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रण लेनी चाहिए। सेवाधाम दिल्ली के पुराने छात्रों से झारखंड में भी एक सेवाधाम खोलने की पहल करने की बात रखी।

## 5157वें माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस महेश नवमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** माहेश्वरी समाज के 5157वाँ माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस महेश नवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ रांची सेवा सदन पथ पर स्थानीय माहेश्वरी भवन में सुबह ब्लड डोनेशन से हुआ। नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से 9 बजे से रक्तदान महादान की शुरुआत हुई। रक्तदान शिविर में दिखाया गया उत्साह, अतुलनीय रहा, रक्तदाताओं द्वारा प्रदत्त रक्त के द्वारा अनेकों मनुष्य के जीवन बचाने में सहायता मिलती है और उनकी दुआएं भी रक्तदान दाताओं को मिलता है। इस लिए रक्तदान करते रहना चाहिए। आज के कैंप में 110 यूनिट ब्लड संग्रह हुआ 7 यह ब्लड कैंप 10 जून 2024 से 15 जून 2024 तक नागरमल मोदी सेवा सदन के ब्लड बैंक में चालू रहेगा। निशुल्क हेल्थ कैंप में 102 लोगो ने लाभ उठाया। महेश्वरी सभा, रांची के उपाध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद भाला के साथ चिकित्सा शिविर के संयोजक मनीष खटोड़, रक्तदान शिविर के संयोजक बिपिन भाला,दिनेश काबरा के साथ युवा संगठन के हिमांशु धूत, तरुण बजाज, नितेश शारदा, मनीष चितलांगिया, आकाश चितलांगिया, अमित लखोटिया, पंकज साबू, हेमंत साबू , महेश नवमी महोत्सव संयोजक नीरज चितलांगिया, रुपेश काबरा, माहेश्वरी महिला समिति लक्ष्मी चितलांगिया, मंजू मंत्री, ममता डागा, सुस्मिता सोमानी, नेहा साबू आदि का साथ रहा।

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे : रवीन्द्र नाथ महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो ने झारखण्ड विधानसभा परिसर स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किए और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। उन्होंने ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे।

हमें गर्व है कि हम उसी राज्य के रैयत है जहाँ उनका जन्म हुआ। धरतीआबा अपने संघर्ष तथा नेतृत्व क्षमता के बूते अल्पायु में ही इस प्रांत से जन अधिकार की लड़ाई लड़ी और भारत की स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष करते हुए राँची कारावास के दौरान नौ जून के दिन उनका देहांत हुआ। महान क्रांतिकारी धरतीआबा बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर मैं समस्त झारखंड वासियों एवं झारखण्ड विधान सभा की ओर से उन्हें नमन करता हूँ।

## आम जनता हेल्पलाइन रांची ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आम जनता हेल्पलाइन रांची द्वारा अंजुमन इस्लामिया हॉल मेन रोड, रांची में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के हुफ्फाज, कुर्रा, उलेमा और मुफ्तीयान ए कराम को सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने की और संचालन इमारत शरिया रांची के उप काज़ी शरीयत मुफ्ती अबु दाऊद कासमी ने किया। नात पाक मौलाना मोकर्रम मदनी ने पढ़ा। जबकि हाजी फिरोज जिलानी ने आम जनता हेल्पलाइन के कार्यो के उद्देश को बताया। विभिन्न मदरसा के बच्चो को सम्मानित किया गया साथ ही 36 हुफ्फाज, कुर्रा, उलेमा, मुफ्तियान ए कराम को शॉल ओढ़ाकर, शिल्ड, सर्टिफिकेट, बुके देकर सम्मानित किया गया। आए हुए सभी लोगों का एजाज गद्दी, हाजी जसीम, हाजी फिरोज आदि ने स्वागत किया। मौके पर कारी सोहेब अहमद, मुफ्ती तल्हा नदवी, मौलाना रिजवान, मौलाना तौफीक अहमद क़ादरी, मुफ्ती कमर आलम कासमी, मौलाना नजमुद्दीन, मौलाना डॉक्टर असगर मिस्बाही, मौलाना तल्हा नदवी, हाजी फिरोज जिलानी, मोहम्मद इस्लाम, अनवर खान, सैयद निहाल अहमद, जावेद अहमद, अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉक्टर तारिक, शहजाद बबलू, शाहिद अख्तर तुक्लु, मोहम्मद वसीम, समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में मामा भांजा सहित तीन की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो दुर्घटना में रविवार को तीन लोगों की मौत हो गई। पहला सड़क दुर्घटना मांडर थाना क्षेत्र हातमा जंगल में हुई। सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गई है। दोनों कार से अपने एक रिश्तेदार के यहां सगाई में जा रहे थे।

इसी दौरान यह दुर्घटना घटी । सालीस अंसारी( 26) और मंसूर आलम (26) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रांची के मांडर थाना क्षेत्र के कंजिया के रहने वाले सालीस अंसारी( 26) और बुड़मू निवास मंसूर आलम सहित चार लोग रविवार को अपनी कार से बुड़मू के लिए निकले थे। बुड़मू में सभी को एक रिश्तेदार के यहां सगाई के कार्यक्रम में शामिल होना था। मंसूर आलम चला रहा था। इसी दौरान मांडर के हातमा जंगल के पास तीखे मोड़ पर कार अनियंत्रित हो गई और कार एक पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में दो लोगों मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में बैठे अन्य दो लोग भी घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों की सहायता से मांडर पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवा दिया।

मांडर थाना प्रभारी राहुल ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों शख्स रिश्ते में मामा- भांजा थे। घायलों का स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज कर रिम्स भेज दिया गया है। वहीं दूसरी और रविवार की सुबह पिठोरिया घाटी में एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार स्टंट कर रहा था।

इसी दौरान राऱहा के समीप बाइक सवार ने टर्बो ट्रक में टक्कर मार दी।इसमें बाइक सवार युवक मुरूम गांव निवासी निखिल उरांव (19) की मौके पर मौत हो गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन ने व्यवसाय प्रोत्साहन शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अहारी उप समिति द्वारा सोमवार, 10 जून को सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड योजना, कृषि विपणन अवसंरचना योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केंद्रीय योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, कृषि उद्योग राज्य नीति, कृषि निर्यात राज्य नीति जागरूकता एवं कार्यान्वयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य में कोल्ड स्टोर, कोल्ड रूम, राइपनिंग चेम्बर, पैक हाउस, ग्रामीण क्षेत्र में गोदाम, माइक्रो खाद्यान्न उद्योग, कमर्शियल खेती, पॉली हाउस में फूल की खेती, आधुनिक फलों की खेती की असीम संभावनाएं हैं। इन सभी योजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा आकर्षक योजनाएं संचालित की जा रही हैं किंतु झारखण्डवासी इन योजनाओं के लाभ से अनभिज्ञ एवं वंचित हैं। चैंबर की अहारी उप समिति द्वारा संपूर्ण राज्य में राज्य के सभी जिले, प्रखंड एवं गांव तक इन योजनाओं का लाभ पहुचाने का बीडा उठाया गया है। इन योजनाओं का लाभ सभी उठायें। उन्होंने यह भी बताया कि यह सभी योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा संचालित हैं और इन योजनाओं में बैंक एंडेड सब्सिडी उपलब्ध है तथा इन योजनाओं में 25 फीसदी से 50 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान है। साथ ही ब्याज दर में 3 फीसदी छूट है। इन योजनाओं के ब्याज दर 6 फीसदी लगेगा। शिविर में एनएचबी के उप निदेशक एस एस पूर्ति, एएमआई के झारखण्ड प्रभारी सचिन कुणाल, एआईएफ के झारखण्ड प्रभारी प्रभाषचंद्र दूबे, एसीबीसी योजना के झारखण्ड नोडल एजेंसी, नाबार्ड के एजीएम गुडीया कुमारी, पीएमएफएमई योजना के राज्य पदाधिकारी अंजली लकडा, बैंक ऑफ इंडिया के जीएम मनोज, केनरा बैंक के प्रोफेशर अशोक सिन्हा, एवं निदेशक उद्योग विभाग के पदाधिकारी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देने के लिए विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस एक दिवसीय शिविर में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रू0 है।

# बिरसा के सपनो को जीने के लिए एक और उलगुलान की जरूरत : सीपीआई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय के सभागार में धरती आबा शहीद वीर बिरसा मुंडा 124 वां शहादत दिवस के अवसर याद किया गया एवम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बिरसा के सपनो को जीने के लिए एक और उलगुलान की जरूरत । सीपीआई धरती आभा साहित्य विरसा मुंडा को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की जल जंगल जमीन हिफाजत के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए बिरसा मुंडा ने अपनी शहादत दी । इस अवसर पर पीके पांडेय, इम्तियाज खान, नीरज सिंह, सुरेंद्र दीक्षित, धर्मेंद सिंह, मनोज ठाकुर,अर्जुन कुमार,अनिल सिंह, चुम्मू उरांव,राज्य सचिव महेन्द्र पाठक और जिला सचिव अजय सिंह एवम झारखंड आंदोलनकारी नेता पुष्कर महतो मुख्य रूप से शामिल हुए।

### बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है कांटा टोली के लोग

**रांची।** तेज धूप की लहर, चिलचिलाती गर्मी से परेशान लोग और ऐसे में पानी भी ना मिले तो लोग परेशान होंगे ही। रविवार को वार्ड 11 के कांटा टोली क्षेत्र के कांटा टोली कुरेशी मुहल्ला ,हरिजन बस्ती , सुल्तान कॉलोनी ,सुल्तान लेन और इसके आसपास के कई मुहल्ले में सुबह नल नहीं खुलने से लोग पानी के लिए परेशान रहे। बार-बार बिजली काटने से भी रांची नगर निगम द्वारा लगाए गए सिंटेक्स में भी पानी की कमी देखी गई। कुछ महिलाएं पानी के लिए दर दर भटकती नजर आई। दूर दराज से कुआं एवं सिंटेक्स से पानी लाने के परेशान दिखे।

# राँची के सांसद संजय सेठ बने केंद्रीय मंत्री, एक ऐतिहासिक क्षण : संजीव विजयवर्गीय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राँची लोकसभा चुनाव में जो मेहनत की गई थी, आज वह मेहनत रंग लाई है। चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत से संजय सेठ ने लगभग 1,20,000 वोटो से शानदार जीत दर्ज की और दूसरी बार सांसद चुने गए। आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में उन्हें केंद्रीय मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह राँची के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। साथियों के साथ की गई लगातार 3 महीनों की मेहनत सफल हुई। सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में राँची में कई विकासात्मक कार्य किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री बनने पर हम सभी राँचीवासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। संजय सेठ ने हमेशा अपनी मेहनत और समर्पण से राँची की जनता की सेवा की है, और उनका यह नया पद निश्चित रूप से विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

उनके कुशल नेतृत्व में राँची और देश के विकास की नई ऊंचाइयाँ प्राप्त करने की आशा है। उनका अनुभव और दूरदर्शिता मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एक बार फिर से उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई और भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ।

# ठग विद्या व भ्रम फैलाने में झामुमो-कांग्रेस-राजद पारंगत : बाउरी



**बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद साप्ताहिक रूप से जेल जाकर हेमंत सोरेन के सामने हाजिरी लगाते हैं।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंपाई सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ठग विद्या और भ्रम फैलाने में पारंगत झामुमो, कांग्रेस - राजद सरकार का नया एजेंडा सुनिए, हेमंत सोरेन अपनी ही सरकार के जेल के अंदर खतरे में हैं झारखंड में सरकार किसकी है? फिर भी खतरा? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद साप्ताहिक रूप से जेल जाकर हेमंत सोरेन के सामने हाजिरी लगाते हैं। फिर भी खतरा? जेल को राज्य सरकार चलाती है या नहीं? गृह एवं कारा विभाग का प्रभार तो स्वयं मुख्यमंत्री के पास है। फिर भी खतरा? अगर सरकार में रहकर खुद के नेता के जान को खतरा है तो मुख्यमंत्री जी अपने पद से इस्तीफा दें और अगर यह कोई एजेंडा है तो झामुमो-कांग्रेस-राजद भ्रम फैलाने के लिए राज्य की जनता से माफी मांगे, चुनाव के पश्चात भाजपा सरकार में हेमंत सोरेन सुरक्षित रहेंगे। कल्पना सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में खतरा होने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कहा था। कल्पना ने लिखा था कि जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टेन को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया, आज उसी तरह का जुल्म हेमंत सोरेन पर हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फादर स्टेन स्वामी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर भी साझा की है।

# भगवान बिरसा मुंडा के शहादत की याद में किया गया पौधरोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस की याद में रविवार को पौधरोपण किया गया। सामाजिक संस्था टीम ग्रीन, भाजयुमो और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में युवाओं और खिलाड़ियों ने भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, नीलांबर पीतांबर, सिद्धों कान्हो, अलबर्ट एक्का सहित कई वीर सपूतों की याद में पौधे लगाकर उनकी रक्षा का भी संकल्प लिया। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनचुन राय, भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम खेल संघ के अध्यक्ष दीपक वर्मा, जन सेवा मंच के निशांत यादव, युवा नाट्य संगीत अकाडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## वरिष्ठ प्रशिक्षकों व कनिष्ठ प्रशिक्षकों की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सिहान विमल आनंद नाग ( मुख्य तकनीकी निदेशक,इस्मा) के अध्यक्षता पर वाई.एम.सी.ए (बी.टी.सी) कांटाटोली रांची झारखंड में वरिष्ठ प्रशिक्षकों एवं कनिष्ठ प्रशिक्षकों (इस्मा) की बैठक हुई जिसमें इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट(इस्मा) के कानूनी सलाहकार शुभनारायण दत्त जी की देखरेख में ÷इस्मा रांची जिला÷ के पदाधिकारियों का चयन हुआ जिसमें संरक्षक के रूप मे वाई.एम.सी.ए (बी.टी.सी) कांटा टोली के सचिव - चोनस कुजूर जी। अध्यक्ष - सिहान विमल आनंद नाग । उपाध्यक्ष - संदाई शेखर कुमार, संसाई साजिद खान , संपाई सुष्मिता प्रियंका किस्पोट्टा , सदाई सुरेश उरांव ।महासचिव - संसाई लालचंद लोहार , सचिव - संसाई गुमान गाड़ी , सदाई राहुल सिंह, संपाई विनीता बरला। कोषाध्यक्ष- संसाई पिंटू कुमार । मीडिया प्रभारी - संसाई लालचंद लोहार सहायक मीडिया प्रभारी - संदई राहुल सिंह । कार्यकारिणी सदस्य - प्रवीण कुल्ला ,लावण्या शर्मा ,अहाना कर्मकार , कौसर अली, सुमेल अहमद ,साक्षी संपत,आरजू अली आयाना अली, श्वेता कुमारी, आंचल कर्मकार ,फरहान अंसारी, यशिका ,राकेश प्रमाणिक ,मधु कुमारी ,नितेश कुमार, माही कर्मकार ,रश्मि कुमारी। आज के इस बैठक में इस्मा रांची जिला सदस्यों के चुनाव में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :- सिहान विमल आनंद नाग,संसाई कलेवर कर्मकार,संसाई नौशाद खान, संसाई कमल किशोर कच्छप ,संसाई जाकिर हुसैन संसाई गुलाम गौस, संसाई अनिल शर्मा, संसाई गुलाम जावेद, संसाई इबरार अंसारी,संसाई बेनेट मलिंग्स,संसाई पिंटू कुमार , संसाई गुमन गाड़ी,संसाई लालचंद लोहार, संदाई राहुल सिंह, संपाई सुष्मिता प्रियंका किस्पोट्टा,संपाई बिनीता बारला,संदाई शेखर कुमार,संदाई सुरेश उरांव,संदाई प्रवीण कुल्ला,इस्मा के कानूनी सलाहकार सुभनारायण दत्त आदि उपस्थित थे ।

## कर्रा में झामुमो प्रखंड समिति की हुई समीक्षा बैठक



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोमा भगत बगीचा कर्रा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विजय होने पर रविवार को झामुमो प्रखंड समिति कि समीक्षा बैठक प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक में सबसे पहले खूंटी लोकसभा के जनता व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को बधाई दिया गया बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा की जीत जनता की जीत है जिसे जनता ने अपने मन व विवेक से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को अपना सांसद चुना है या काफी गर्व की बात है. झामुमो खूंटी जिला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केसरी ने कहा कि खूंटी लोकसभा मैं इंडिया गठबंधन की लोकप्रियता को बनाए रखने के लिए हम सभी को जनता के मुद्दों को हमेशा उठाना पड़ेगा और जनता को विकास कार्यो पर जोड़ने के लिए जनसंपर्क अभियान चलना पड़ेगा वहीं कर्रा अंचल में वर्ष 2009 के बाद 250 से 300 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री बाहरी लोगों के द्वारा किया गया है. वही झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष के रूप में रशीद खान उर्फ लक्की एवं संगठन सचिव गंदूर मुंडा को सर्वसम्मति से चुना गया.बैठक पर सुनील होरो, जॉनसन होरो, गेब्रियल होरो ,महादेव मुंडा मुखिया संदीप हेरेंज, रोशन होरो, जीवन होरो, वसंत धान नसीब अहमद के अलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित है।

## सिल्ली में लचर विद्युत व्यवस्था सुधारने हेतु सब स्टेशन के सामने हुआ धरना प्रदर्शन



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार के दिन लचर विद्युत व्यवस्था को सुधारने हेतु उपभोक्ताओं के द्वारा विद्युत सब स्टेशन रामडेरा में धरना प्रदर्शन किया गया। बताते चले की फिलहाल सिल्ली मुरी में विद्युत की आपूर्ति क्षेत्र में नगण्य मात्रा में हो रही है जिसके कारण उपभोक्ता काफी परेशान होकर आज धरना प्रदर्शन के लिए विवश हो गए। धरना प्रदर्शन से पूर्व ही उपभोक्ताओं ने लिखित रूप से सिल्ली अंचल पदाधिकारी और सिल्ली थाना प्रभारी को लिखित रूप से ज्ञापन सौंपा था। परंतु बिजली के मामले में कोई सुधार नहीं हो पाया। उपभोक्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन सुबह लगभग 11 बजे शुरू किया गया। धरना प्रदर्शन की सूचना बिजली विभाग के एसडीओ और कनिष्ठ अभियंता को मिलते ही मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं की आठ सूत्री मांगों के बारे में जानकारी प्राप्त किया और आश्वासन दिया कि यह सभी मांगे शीघ्र ही पूरी कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं ने लिखित रूप से मांग की है कि बिजली आपूर्ति कम से कम 20 घंटे होनी चाहिए। कनीय अभियंता की उपस्थिति सिल्ली में अनिवार्य होनी चाहिए। लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए एवं सिल्ली मुरी में लचर तार व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। प्रखंड के सारे ट्रांसफार्मर में ए वी स्विच की व्यवस्था अविलंब की जाए। उपभोक्ताओं के द्वारा कनीय अभियंता एवं वरीय अभियंता तथा स्थानीय कर्मचारियों को फोन रिसीव कर सही जानकारी उपलब्ध कराने की बातें कहीं। बिजली मीटर रीडिंग नहीं लेने के कारण उपभोक्ताओं को सही ढंग से बिल प्राप्त नहीं होती है इसक समाधान शीघ्र किया जाए। सिल्ली मेन रोड में एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाए इत्यादि मांगों के साथ बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा उचित आश्वासन दिया गया। इसके बाद धरना प्रदर्शन को खत्म किया गया। मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार सशस्त्र बलों के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## कौन ठिना हेराय गेलय ठेठ नागपुरी वीडियो की हुई शूटिंग

**खलारी :** खलारी के अभिनंदन राम ठेठ नागपुरी में अपनी पहचान बना रहे हैं. इसी को लेकर एक बार फिर लपरा चट्टी नदी के समीप कौन ठिना हेराय गेलय ठेठ नागपुरी वीडियो शूटिंग किया गया. इस दौरान ग्रुप डांस एवं कैमरा मैन का भरपूर सहयोग रहा.वीडियो शूटिंग साइड सॉन्ग ठेठ में फरमाया गया.ये नागपुरी वीडियो भारती ऑफिशल चैनल में जल्द ही रिलीज कर दी जाएगी. इसमें गायिका बसंती देवी, अभिनंदन राम व दिव्या कुमारी मुख्य कलाकार में हैं. मौके पर अभिनंदन राम ने बताया कि नागपुरी भाषा हमारी धरोहर है, इसे बचाए रखना हमारा दायित्व है. हम इसे किस रूप में समाज के सामने परोसते हैं, ये हम पर निर्भर करता है. राम बताते हैं कि करीब एक दशक पूर्व से नागपुरी एलबम के लिए काम कर रहे हैं. जो कि अबतक 31 एलबम में मुख्य कलाकार में काम किए हैं. साथ ही लघु फिल्म बिरुआ और जगह में मुख्य कलाकार में काम किए हैं. ये दोनों फिल्मों को काफी सराहा गया है. आने वाले दिनों में एक और लघु डरावनी फिल्म पर काम चल रहा है. इस शूटिंग में आरती कुमारी, भारती कुमारी, शोभा कुमारी, ज्योति कुमारी, सुनीता कुमारी, धनंजय कुमार सहित कैमरा मैन रिवान आदि उपस्थित थे.

## ग्राहकों के लिए एक अनूठी सेवा प्रस्ताव पेश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की एक प्रमुख बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपने ग्राहकों के लिए एक अनूठी सेवा प्रस्ताव पेश किया है। पॉलिसीधारक बिना किसी कवरेज को खोए अपनी बीमा पॉलिसी से 1 लाख रुपये तक का तुरंत लोन प्राप्त कर सकते हैं। लोन की राशि बीमाकर्ता के अत्याधुनिक मायडिजीअकाउंट पोर्टल के ज़रिए 1 मिनट के भीतर उपभोक्ता के खाते में जमा हो जाती है। लॉन्च के बाद से, इस डिजिटल-फ़र्स्ट पहल ने पहले ही 500 से ज़्यादा अनुरोधों को संसाधित किया है और लगभग 5.5 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जिससे पॉलिसीधारकों के लिए लिक्विडिटी समाधान को सुव्यवस्थित किया गया है।यह सुविधा उपभोक्ताओं को चुनिंदा जीवन बीमा पॉलिसियों के सरेंडर मूल्य के बदले उधार लेने की अनुमति देती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे कम से कम कागजी कार्रवाई और प्रतिस्पर्धी दरों के साथ जल्दी से जल्दी फंड प्राप्त कर सकते हैं।

## बदलती प्रकृति में भी श्री राम सुपर 4466 से मिल रही किसानों को बेहतर उत्पादकता

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्री राम लिमिटेड की इकाई श्री राम फार्म सॉल्यूशंस की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 4466 धान बीज से बदलती प्रकृति में भी उनकी उत्पादकता बढ़ी है। आधुनिक अनुसंधान द्वारा विकसित की गई धान की किस्म, श्री राम सुपर 4466, बिहार के किसानों में बेहद लोक प्रिय हो रही है। इसमें मजबूत तना, लम्बी बालियाँ, भरपूर दाने, रोगों के प्रति सहनशीलता और कम समय व कम पानी में अधिक पैदावार मिलने के चलते ये बीज बिहार, मध्यप्रदेश ,छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, के किसानों में लोकप्रिय बन गया है। बिहार, नालंदा के ऐसे ही एक जागरूक किसान विनय कुमार का कहना है कि श्री राम सुपर 4466 में 12-14 कल्ले आते है।

## धमधमिया में मनाई गई बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धमधमिया बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की 124वीं पुण्यतिथि मनायी गयी.इस अवसर पर पारम्परिक तरीके से पूजा अर्चना की गयी.मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीओ पुरनाडीह शकील अहमद ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया.उसके बाद उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किया.इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लिया.इस मौके पर पिओ शकील अहमद ने कहा कि भगवान बिरसा झारखंड के महानायक थे जिन्होंने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान किया .साथ ही आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई और उलगुलान किया.हमे उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए.विस्थापित नेता बहुरा मुंडा ने कहा की आदिवासी समाज के लिए बिरसा मुंडा प्रेरणा स्त्रोत है.कहा कि भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासको के शोषण की भट्ठी में आदिवासी समाज झुलस रहा था जिसे बचाने का काम किया. इस मौके पर रामेश्वर भोक्ता, महेंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव ,प्रदीप उरांव ,पंकज मुंडा, किसून मुंडा ,शत्रुघ्न मुंडा, उमेश लोहरा, विजय उरांव, उमाकांत सिंह ,गोपाल सिंह, गीता उरांव, संगीता उरांव ,रामप्रसाद उरांव आदि उपस्थित थे.

## निर्माणाधीन अपार्टमेंट की छत से गिरकर गार्ड की मौत

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ( सीएचसी ) के बगल में अपार्टमेंट निर्माण चल रहा है। यहीं सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात पुरुषोत्तम तिवारी (30) की अपार्टमेंट की पांचवी मंजिल की छत से गिरकर मौत हो गई। वह पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र स्थित तेतर गाँव का रहने वाला था। कर्मियों ने बताया कि निर्माणाधीन अपार्टमेंट में दो सरक्षा गार्ड श्रवण कुमार झा और पुरुषोत्तम तिवारी तैनात थे। शुक्रवार रात लगभग 11 बजे दोनों एक साथ खाना खाया। इसके बाद पुरुषोत्तम छत पर सोने की बात कहकर चला गया। सुबह लगभग 5:30 श्रवण ने देखा कि पुरुषोत्तम नीचे गिरा हुआ है और लहूलुहान है। उसने तुरंत साईट इंचार्ज और अन्य कर्मियों को इसकी सूचना दी। सभी घटना स्थल पर पहुँचे और एंबुलेंस बुलाकर तुरंत पुरुषोत्तम को रिम्स ले जाया गया, जहां जाँच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाते ही नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद व कंस्ट्रक्शन कंपनी के पदाधिकारी पहुँचे। सबने घटनास्थल का मुआयना किया, पता चला कि पुरुषोत्तम छत के किनारे से मात्र डेढ से 2 फीट की दूरी पर सोया हुआ था। थानेदार ने बताया की प्रथम दृष्ट्या यह हादसा लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## कुरमी/कुड़मी समन्वय ने संगठन प्रभारी और रांची जिला प्रभारी मनोनीत किया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुरमी/कुड़मी ( महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के फाउंडर सदस्यों एवं प्रभारियों के निर्णयानुसार मानगर मानिक चांद महतो ( पुपूनकीआश्रम चास जिला बोकारो) को झारखंड समन्वय समिति का संगठन प्रभारी एवं मानगर मृत्युंजय महतो ( सावडीह सोनाहातु रांची) को रांची जिला प्रभारी मनोनीत किया जाता है तथा समाज को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने केलिए ईमानदारी पूर्वक काम करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने कि दिशा में कार्य किया जाए।

## गुरमी गांव के सीमान से होकर बहने वाली बनई नदी पर बनाया गया बोरी बांध



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरहू प्रखंड अंतर्गत कोड़ाकेल पंचायत के गुरमी ग्रामसभा में लिए गए निर्णय के आलोक में रविवार को गुरमी गांव के सीमान से होकर बहने वाली बनई नदी पर बोरीबांध बनाया गया। प्रचंड गर्मी के कारण ग्रामीण रविवार को बोरीबांध बनाने के कार्यक्रम को सथगित करना चाह रहे थे। लेकिन ग्रामप्रधान समीर सुनील सोय ग्रामसभा के फैसले पर अडिग रहे और अकेले ही कुदाल लेकर बोरीबांध बनाने निकल पड़े। यह देख उनके गांव के अब्रहाम सोय, जोलेन पुर्ती, धनमसी सोय, मनसिद पुर्ती और नमजन पुर्ती भी उनके साथ हो लिए, जिसके बाद मात्र छह लोगों ने पहले बोरियों में बालू भरा और तेज धूप के बावजूद चार घंटे की अथक मेहनत के बाद बनई नदी पर बोरीबांध बना डाला। उनके साथ सेवा वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष ने भी बोरीबांध निर्माण में श्रमदान किया। बता दें कि सोसाईटी द्वारा शुरू किया गया यह अभियान सामुदायिक सहयोग से चलने लगा है। ग्रामीण स्वंय चंदा एकत्रित कर बोरीबांध बनाने का काम करने लगे हैं। मड़गांव के ग्रामीण बोरीबांध के पानी से कर रहे हैं सब्जी की खेती एक तरफ इस प्रचंड गर्मी में नदियां सूख गई हैं, लेकिन गानालोया पंचायत के मड़गांव ग्रामसभा द्वारा बनाए गए दो बोरीबांध के बाद यहां लगभग एक किमी तक नदी में पानी छलछला रहा है। पिछले वर्ष जिला प्रशासन द्वारा बोरीबांध से सिंचाई कर खेती करने के लिए यहां सोलर एरिगेशन सिस्टम अधिष्ठापित कराया था। अब बोरीबांध के पानी को सोलर एरिगेशन सिस्टम के माध्यम से खेतों तक पहुंचाकर गांव के किसान सब्जी की खेती कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गांव के महिला-पुरूष, बच्चे नदी में नहाने-धोने आते हैं। किसान अपने मवेशियों को लेकर पानी पिलाने नदी आते हैं। गांव के लोगों को आजीविका का एक रास्ता नजर आया है। लगभग आठ-दस किसानों ने टमाटर, मिर्च, कद्दू आदि साग-सब्जी की खेती कर रहे हैं।

## भीषण और उमस भरी गर्मी से पिपरवार कोयलांचल के लोग परेशान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस-पास का पुरा इलाका इन दिनो भीषण और उमस भरी गर्मी की चपेट मे है।भीषण भरी गर्मी मे कड़ी धुप,लु और उमस से कोयलांचल के लोग परेशान हैं।प्रचंड गर्मी ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे पिछले कई सालो का रिकार्ड तोड़ दिया है।गर्मी के कारण लोगो के घरो मे लगा एसी और कूलर भी पुरी तरह से फैल साबित हो रहा है।जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे से पुरा इलाका कड़ी धुप की चपेट मे आ जा रहा है।वही 10 बजे के बाद लु का असर शुरू हो जा रहा है।प्रचंड गर्मी और लु से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरो मे कैद हो गये है,लेकिन लोगो को घरो मे भी चैन नही मिल रहा है।वही क्षेत्र के सभी बाजारो और चौक-चोराहो मे सन्नाटा पसरा हुआ है।जिसके कारण बाजारो की रौनक कम हो गई है।दिन मे कड़ी धुप और रात मे उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है।कोयलांचल क्षेत्र का तापमान 43 डिग्री के पार बताया जा रहा है।गर्मी के कारण क्षेत्र की सभी प्रमुख नदी व तालाब सूख चुकी है।बचरा सपही नदी,दामोदर नदी और गहरी नदी सूख जाने के कारण नदी मे सिर्फ बालु की रेत नजर आ रही है।जिसके कारण कई जगहो पर जल संकट गहरा गया है।

## कंजिया निवासी के परिजनों से मिली विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे पंचायत के ग्राम हतमा में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, घायलों को मांडर में चल रहा इलाज। मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत हातमा जंगल में अनियंत्रित होकर वैगन आर कार पेड़ में टकरा गई जिस से बुढ़मू निवासी सदाम अंसारी और कंजिया निवासी सालीस अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत और दो अन्य घायल हो गए। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओ एवं न्यूज के माध्यम से मिलने के पश्चात स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मृतक मांडर प्रखंड के कंजिया निवासी के घर पहुंची, मृतक के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया एवं ढांढस बधाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, सरिता जी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मिशन बदलाव की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** दिनांक 09/06/2024 दिन रविवार को मिशन बदलाव सामाजिक संगठन के द्वारा खिजरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम टाटी के सरना स्थल पर शशि मुंडा की पहल पर बैठक रखा गया । बैठक कि अध्यक्षता भास्कर महतो, अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा की गयी । जिसमे सरना स्थल की खाली जमीन पर पर्यावरण को ध्यान मे रखते हुए वृक्षारोपण और उसे संरक्षित करने का निर्णय लिया गया । इसके साथ ही अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिथलेश महतो,सुरेन महतो, रवि महतो,बंधन महतो,राहुल महतो, सुरेंद्र महतो,ज्योतिलाल महतो, अशोक महतो,अरुण महतो, अजय महतो,विजय महतो, सतेंद्र महतो,विक्रम महतो,दीपक महतो,अरबिंद महतो, रोहित महतो, सुमित महतो,ब्रज किशोर महतो,भागीरथ महतो सुमन उराँव का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।



## भगवान बिरसा मुंडा जैसे महान बलिदानियों के कारण ही आज हम आजाद हैं : कालीचरण मुंडा

*__खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :__ सांसद कालीचरण मुंडा ने स्वतंत्रता सेनानी और लोक नायक भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनके ननीहाल अड़की प्रखंड के चलकद गांव में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर चलकद समेत पहाड़ी इलाके में बसे विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण चलकद पहुंचे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों ने सांसद बनने के बाद पहली बार चलकद पहुंचने पर कालीचरण मुंडा का ढ़ोल-नगाड़ों के साथ पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत चलकद के ग्रामप्रधान अब्रहम मुंडू की अध्यक्षता में एक सभा हुई। जिसे संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह भूमि भगवान बिरसा मुंडा की है। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिये लड़ाई लड़ी। आजादी के लिए महज 25 वर्ष की आयु में ही अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले बिरसा मुंडा जैसे महान बलिदानियों के कारण ही आज हम आजाद हैं। कालीचरण मुंडा ने आगे कहा की भगवान बिरसा मुंडा संसाधनों के अभाव के बावजूद लोगो को जिस तरह से एकत्रित कर अंग्रेजो से लोहा लिया, वह हम सब के लिए प्रेरणास्रोत है। धरती आबा का सपना जल, जंगल और जमीन का रक्षा करना था। भगवान बिरसा मुंडा हमेशा लोगों के हक और अधिकार के लिए लड़े। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होने कहा कि आजादी व आदिवासियों के जीने का सहारा जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले धरती आबा के अधुरे सपनों को पूरा करने का काम हमें करना है। उनके साहस, समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय को सदैव प्रेरित करता रहेगा। भगवान बिरसा मुंडा के साहस, समर्पण और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि शोषितों, दलितों और आदिवासी भाई बहनों के सम्मान और संस्कृति की रक्षा कर हम भगवान बिरसा मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। धरती आबा ने अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंका। इस मौके पर मुख्य रूप से खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, नईमुद्दीन खान,पीटर मुन्डू, चंद्रप्रभात मुंडा, बिनसाय मुंडा, पांडेया मुंडा, अनीश मांझी, विजय कुमार स्वांसी, नरेश तिर्की, डेविड हमसोय, विल्सन तोपनो उपस्थित थे।*

## भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर बुंडू के विभिन्न क्षेत्रों में भाकपा मामले ने उलगुलान मार्च निकाला

*__बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :__ उलगुलान के महानायक बिरसा मुण्डा के 125वीं शहादत दिवस पर बुण्डू शहर के अलावे हेसादा, गितिलडीह में आदिवासी संघर्ष मोर्चा, भाकपा माले ने उलगुलान मार्च निकाला। मार्च में बिरसा की उलगुलान परंपरा को आगे बढ़ाओ - कॉरपोरेट-फासीवाद को निर्णायक शिकस्त देने के लिए आगे बढ़ो, रायशा जलाशय परियोजना रद्द करो, झल से बल तक आदिवासी भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करो, पूर्व आदिवासी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रिहा करो आदि जोरदार नारे लगे। बुण्डू में बिरसा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता सुखदेव मुंडा ने कहा -ब्रिटिश हुकुमत व जमींदारी शोषण के खिलाफ हुए उलगुलान जंगल-जमीन, भाषा- संस्कृति, अस्मिता-पहचान की रक्षा हो पायी है। पर सीएनटी-एसपीटी होने के बावजूद पूंजिपतियों के हित में जंगल-जमीन की लूट जारी रहा। पिछले 10 वर्षों में मोदी-पूंजिपती गठजोड़ ने आक्रमक ढंग से प्राकृतिक संसाधनों की लूट मचाई और विरोध की आवाज दबाने के लिए राजद्रोह के मुकदमें तो वहीं झूठे मुकदमें में फंसे आदिवासियों के लिए खड़े फादर स्टेन स्वामी को जेल में मार डाला गया। निश्चित ही बिरसा के सपनों का झारखंड को कुचलने वाले भाजपा को आम चुनाव में आरक्षित सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। और साथ ही इन्हें मोदी सरकार से ह्ष्ठ की सरकार पर खड़ा कर दिया। इनके हिन्दुव के आड़ में फिर से कंपनीराज स्थापित करने करने के हिडेन एजेंडे पर अल्पविराम भी लगा। कोरपोरेट-फासीवाद को निर्णायक शिकस्त देकर लोकतांत्रिक भारत, कंपनीराज के मंसूबे को चकनाचूर कर %अबुआ दिशुम - अबुआ राज% के बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ने का संकल्प लें। कार्यक्रम में माले जिला सचिव जगमोहन महतो, सिमैला मुंडा, ठाकुरा मुण्डा,पूर्णचंद्र मुण्डा, रामेश्वर मुण्डा, अम्लकांत महतो, भीष्म महतो, नवीन महतो, कालीपद मुंडा, दुलाल मुंडा, जोगेन मुंडा, लखिन्द्र मुंडा, पार्वती मुंडा, सानिका मुंडा,बिरसा मुंडा, रामजी मिर्धा, बुधनलाल मुण्डा व गुरुवा मुंडा मुख्यरूप से शामिल रहे।*


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बिरसा मुंडा की 124वीं पुण्यतिथि पर हमारा गांव हमारा राज के नारों से गूंजा बड़ा सिकदी गांव

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा मुंडा आदिवासी सास्कृतिक मंच,बड़ा सिकदी की ओर से धरती आबा बिरसा मुंडा की 124वी पुण्यतिथि मनाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए आदिवासी भूमिज सलाहकार समिति के सलाहकार सिदेश्वर सरदार ने कहा की प्राकृतिक संसाधनो की रक्षा व बचाने के लिए बिरसा मुंडा ने संघर्ष किया व बलिदान दिया। जिसकी वजह से आदिवासियों के हित में सीएटी कानून लागू हुआ।अंत में उन्होंने युवाओं की उनके आदर्श को आत्मसात कर झारखंड की प्राकृतिक धरोहर को बचाने का आह्वान किया। इसके पूर्व लोगो ने हमारा गांव में हमारा राज का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा आदिवासी सास्कृतिक मंच ,बड़ा सिकदी की ओर से विभीषण, प्रियंका मुंडा,गौरी मुंडा,लखींद्र मुंडा ,जोबा टुडू,जयंती सरदार, सुरेश सरदार, अर्जुन सरदार, मालती सरदार, अनीता सरदार, सिद्धेश्वर सरदार ने हिस्सा लिया।

## कपाली पॉलिथीन मैदान के पास सड़क हादसा में बाइक सवार की मौत, दो गंभीर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला- खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत पॉलिथीन मैदान के समीप रविवार को हुए जोरदार सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दो की स्थिति नाजुक बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर तेज रफ्तार में जा रहे थे, पॉलिथीन मैदान के निकट मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक घर से टकरा गई. बताया जाता है कि स्पीड ज्यादा होने के कारण यह घटना घटी है.वहीं सूचना मिलते ही कपाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को आनन-फानन में ब्रह्मानंद अस्पताल ले जाया गया है. इनमें से एक की इलाज के क्रम में मौत हो गई है, जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायलों की पहचान नहीं हो पाई है. वही बाइक का नंबर जेएच 05 डीएच-1528 है. कपाली ओपी के एएसआई मोहम्मद बशीर खान ने बताया कि यह घटना तेज रफ्तार की वजह से हुई है. पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## ईचागढ़, कुकड़ु में धूमधाम से मना धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का पुण्यतिथि

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का पुण्य तिथि धूमधाम से मनाया गया। ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड मुख्यालय, सभी पंचायत सचिवालयों सहित बिरसा डुंगरी कुटाम ,गौरांगकोचा सहित कई जगहों में भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। कुटाम, गौरांगकोचा व कुकड़ु में धरती आबा के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में बीडीओ किकु महतो सहित प्रखंड कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पंचायत सचिवालयों में पंचायत प्रतिनिधियों ने धरती आबा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। भगवान बिरसा मुंडा सुदखोरों, महाजनी प्रथा व अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पारम्परिक हथीयार से संग्राम कर अंग्रेजों का निंद हराम कर दिया था और गुलामी के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए आज के दिन बिरसा मुंडा शहीद हो गए थे। वहीं पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने बताया कि आज भगवान बिरसा मुंडा का पुण्य तिथि पर जगह जगह उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया।



## पारगामा में गुणधर महतो स्मृति मेला 13 जून को

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड के पारगामा गांव में 13 जून को गुणधर महतो स्मृति मेला मनाया जाएगा। लोक-संस्कृति विशेषकर बाई नाच के आशिक व शौकीन और विद्वता के धनी रहे महतोश्रेष्ठ स्व गुणधर महतो जहां स्वयं झुमूर गीत लिखते व गाते थे वहीं उन्हें गणित विषय के जटिलतम प्रश्नों को कई विधियों में मौखिक हल करने में अद्भुत महारत हासिल था। मेला के संस्थापक व संरक्षक गुरुचरण महतो अपवाद ने जानकारी देते हुए बताया कि हरेक वर्ष की तरह इस वर्ष भी झुमूर के आशिक और गणित के मालिक स्व गुणधर महतो के इस पावन पुण्यतिथि पर स्कूल-कॉलेज के ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक प्रतियोगिता जबकि झारखंड-मानभूम लोक कला प्रेमियों के लिए तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिताओं में रंग भरो-चित्र बनाओ, कविता पाठ, गणित दौड़, श्रुतिलेख, म्यूजिकल चेयर रेस, सामान्य ज्ञान, शंख बजाओ, लोकगीत गायन, डांस धमाका आदि शामिल हैं।



## भाजपा नेता राज कुमार सिंह ने पीएम मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने पर मनाया जश्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज कुमार सिंह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ने नरेंद्र दामोदर दास मोदी के आज लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की खुशी को सोनारी निर्मल नगर के निवासियों के बीच गुलाल लगाकर तथा लड्डू बांटकर साझा किया. मोदी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने से बच्चों से लेकर बड़ों तक में अभूतपूर्व उल्लास है. खासकर मातृशक्ति स्वरूपा महिलाओं में सबसे ज्यादा खुशी दिखी. इस मौके पर किशोर ओझा जी, मुरारी लहेरी, कपूर दास,सोम, भरत लोधी ,देवेन भगत ,राजेन्द्र चटर्जी, पुरस्कार सेठ, बुद्धेश्वर मुंडा सुनील दास,राजन जी आदि साथ रहे।



## कमलपुर में शराबी पुत्र ने ली पिता की जान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कांकीडीह गांव में रविवार की सुबह करीब 10 बजे करीब 55 वर्षीय जालीराम टुडू की उसके शराबी बेटे ने कुदाल से कनपटी पर वार करते हुए जान ले ली। घटना के तुरंत बाद गांव में मौजूद नर्सिंग होम में ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। समाजसेवी हरिहर टुडू ने बताया कि आरोपी पुत्र ज्योतिलाल टुडू हमेशा शराब के नशे में चूर रहता था। जबकि उसके पिता पिछले कई दिनों पूर्व खरसावां से मजदूरी करके घर लौटा था। आरोपी पुत्र हमेशा घर का चावल या अन्य सामग्री बेचकर शराब पीता था और मना करने पर उल्टे घरवालों की पिटाई करता था। रविवार को भी जब पिता ने कोई सामान बेचने से मना किया तो घर में मौजूद एक कुदाली से उनके कनपटी पर जोरदार तरीके से वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए और थोड़ी ही देर में प्राण त्याग दिए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपी ज्योतिलाल टुडू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# जेईई एडवान्स में नारायणा जमशेदपुर के 36 छात्रों का हुआ चयन

### - नारायणा जमशेदपुर के क्षितिज नयन ने ऑल इंडिया रैंक 1742वां स्थान हासिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. (एडवान्स)-2024 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में रिजल्ट जांचे जाने तक 36 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है। श्री भूषण ने सभी छात्रो के उज्जवल

**जमशेदपुर सेंटर से सफल छात्र-छात्राओं की सूची**

क्षितिज नयन (ऑल इंडिया रैंक-1742), अनुज कुमार (ऑल इंडिया रैंक-6846), रितिकेश कुंवर (ऑल इंडिया रैंक-9653), किसलय करण सिंह (ऑल इंडिया रैंक-13579), अयान कुण्डु (ऑल इंडिया रैंक-15500), करण कुमार प्रसाद (ऑल इंडिया रैंक-15871), शाह इरम हाशीम (ऑल इंडिया रैंक-16446), मो. फैजान आरिफ (ऑल इंडिया रैंक-19429), प्रियांशु शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-22598), मिस्टी शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-24006), अनिकेत रिषभ (ऑल इंडिया रैंक-एस.सी.-1471), अभिषेक राज (ऑल इंडिया रैंक-ई.डब्ल्यू.एस.-4444), अभिनंदन कुमार (ऑल इंडिया रैंक-एस.सी.-5395)।

## जेसीए रेड, जमशेदपुर ब्लूज और देवेंद्र माँझी की शानदार जीत



### शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहीद निर्मल महतो स्टेडियम कदमा में खेले जा रहे शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में जेसीए रेड की टीम ने देवेंद्र माँझी सीकेपी को 26 रन से हराया. देवेंद्र माँझी ने 20 ओवर में 151/7 रन के जवाब में जेसीए रेड की टीम ने 14.4 ओवर में 75 रन ही बना सकी. देवेंद्र माँझी सीकेपी यश श्यामलीवाल 3 विकेट मैन ऑफ़ द मैच बने.दिन का दूसरा मैच ऐम्बिशन क्रिकेट एकेडमी बनाम जमशेदपुर ब्लूज के बीच खेला गया. एम्बिशन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 110/ 7 रन बनाए। रेयान ने 41 रन का योगदान दिया. वहीं जमशेदपुर ब्लूज ने 13.2 ओवर में बिना विकेट गवाएं 111 रन बनाकर मैच 10 विकटो से जीत लिया। अर्णव रे 58 नाबाद को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।दिन का तीसरा मैच सीएजे बनाम देवेंद्र माँझी सीकेपी के बीच खेला गया। सीएजे ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 167 /7 रन बनाये। 168 रन का पीछा करते हुए देवेंद्र माँझी की टीम ने यह मैच 10 विकेट से अपने नाम किया। वैभव दत्ता मैन ऑफ़ द मैच रहे।

## इस्लामिक क्विज में अमन और तसनीम बने विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो वेलफेयर मिशन की ओर गांधी मैदान में मदरसा के बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप में शनिवार को इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें मदरसा रहमानिया के बच्चों ने शिरकत की. बालक वर्ग में अमन बरकत अली व बालिका वर्ग में तसनीम फातिमा विजेता बनी. विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ अफरोज शकील और बारी मस्जिद के इमाम अब्दुल जब्बार रिजवी ने पुरस्कृत किया. मौके पर अफरोज असलम गुड्डू, शाहिद अख्तर और मो राशिद सोनी व अन्य लोग मौजूद थे. इस समर कैंप का आयोजन संरक्षक अजमेरी खान की देखरेख में की जा रही है. कैंप का समापन 12 जून को होगा. कैंप में शहर के विभिन्न मदरसों के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं।

## बिरसा मुंडा उलगुलान समाज के लिए प्रेरणा स्रोत : मदन मोहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला अनुमंडल जन अधिकार मंच की ओर से धरती आबा बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर मुसाबनी में बिरसा मुंडा की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर झारखंड नवनिर्माण अभियान के संरक्षक मदन मोहन सोरेन ने कहा कि बिरसा मुंडा हमारे देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया। इस अवसर पर मदन मोहन सोरेन, मोहम्मद गुलाम, गणेश मुर्मू निरंजन गिरी, सुखलाल मार्डी, अजगर अली, सूफी इरफान आदि उपस्थित थे।

## कवियत्री वीणा कुमारी नंदिनी की दो पुस्तकों का हुआ लोकार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में नगर की ख्यातिलब्ध कवयित्री वीणा कुमारी नंदिनी की दो पुस्तकें भाव नंदिनी (दोहा संग्रह) तथा साहित्य नंदिनी (छंद संग्रह) का आज लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन साहित्य समिति के उपाध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा गाजीपुरी ने की । कार्यक्रम में आये विद्वानों, साहित्यकारों एवं अतिथियों का स्वागत संस्थान के महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने किया। लोकार्पित पुस्तक भाव नंदिनी पर पाठकीय प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिव्येन्दु त्रिपाठी ने कहा कि भाव नंदिनी भारतीय जनमानस की आस्थाओं , विश्वासों तथा संस्कारों से संबंधित एक हजार दोहों का संग्रह है। जबकि माधुरी मिश्र ने साहित्य नंदिनी पर बोलते हुए कहा कि साहित्य नंदिनी में अनेक प्रकार के छंदों का प्रयोग हुआ है। इसकी मुकरियाँ विशेष रूप से रोचक है। लेखिका ने अपने आभार उद्गार में तुलसी भवन एवं सभी सहयोग करने वालों को धन्यवाद दिया।

## जलमीनार कार्य में अनियमितता को लेकर रूगुडीह मुखिया ने उपायुक्त से जांच की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के पूर्व प्रमुख सह रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रूगुडीह पंचायत के विभिन्न गांव में पेयजल व स्वच्छता विभाग से लगाए गए जलमीनार कार्य की अधुरी गुणवत्ताहीन व अनियमितता पर सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग किया है। उन्होंने बताया कि रुगुडीह पंचायत के विभिन्न गांव व टोला में पेयजल व स्वच्छता विभाग से किए गए जलमीनार कार्य काफी गुणवत्ताहीन व अनियमितता है। कहीं कहीं डीप बोरिंग करने के जगह साधारण बोरिंग कर दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों की विरोध करने के बावजूद खराब चापाकल पर जलमीनार को जोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को अभी तक पानी नहीं मिल पाया है ग्रामीण पानी की आश से चिंतित हैं। संवेदक व विभाग की मिली भगत से सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में आधा अधूरा काम कर कागजी प्रक्रिया में पूर्ण कर चुप्पी साधी है। वहीं जल जीवन मीशन के तहत मौजा रोचोदा,नीमडी,डोडरोदा,व चिरुबेडा गांव में अभी तक बोरिंग डीप बोरिंग जलमीनार लगाने की कार्य नहीं हुआ है। जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी काफी परेशानियों की सामना करना पड़ रही है।



## गम्हरिया के कालियाडूंगरी में सांसद कालीचरण, विधायक गागराई ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा और खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने गम्हरिया प्रखंड के अंतर्गत कालिया डूंगरी गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। श्री गागराई ने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने उन्हें दी थी। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो के जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, समाजसेवी बसंती गागराई,प्रमेंद्र कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल महतो,अकबर जिया, मानसिंह मुंडा,रानी हेमब्र आदि उपस्थित थे।



## द वारियर्स ऑफ कोल्हान ने किया पर्यावरण जागरूकता सह पौधा वितरण कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** पूर्व सैनिकों की संस्था द वारियर्स ऑफ कोल्हान की ओर से बड़ा गम्हरिया के बागानपाड़ा स्थित हरिमंदिर परिसर में पर्यावरण जागरूकता सह पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि कोल्हान डिवीजन के सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल किशोर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों से वृक्ष लगाकर उसे संरक्षित रखने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बसंत कुमार ने प्रदूषण से मानव शरीर पर हो रहे दुष्प्रभाव से लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर भारती कला मंदिर की छात्राओं में भारती कुमारी, दिव्या एवं नीमिषा ने पर्यावरण संरक्षण पर मनमोहक गीतो की प्रस्तुति की। कार्यक्रम को समाजसेवी सुनीता मिश्रा ने भी संबोधित किया जबकि मंच संचालन संस्था के अध्यक्ष एस शेखर ने किया। कार्यक्रम के अंत में करीब ढाई सौ फलदार एवं छायादार पौधों का मुफ्त वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के महासचिव सुधीर कुमार सिंह, सचिव कैप्टन अनिल कुमार महतो, हरिमंदिर समिति के अध्यक्ष लखन बेज, समाजसेवी रश्मि साहू, अजीत सिंह, संजय कुमार, पूर्व सैनिक देवशरण कुमार सिंह, एसएस वाग, नरसिंह दास, विष्णु चरण प्रमाणिक, वकील सिंह, देवेन्द्र कुमार समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



## प्रेमिका के भाई ने युवक पर किया चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतबाहिनी, जमालपुर में 18 वर्षीय युवक को उसकी प्रेमिका के भाई ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था मे युवक को ईलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। प्रेमी युवक का नाम कुलदीप ठाकुर उर्फ राजा बताया जाता है जो गम्हरिया के बलरामपुर स्थित एनकेएस मैदान के समीप का निवासी है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस सम्बंध में बताया गया है कि मृतक कुलदीप का सातबाहिनी की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब डेढ़ साल पूर्व दोनों के बीच अनबन हो गई थी। उसके बाद दोनों अलग-अलग रह रहे थे। रविवार को प्रेमिका के घर वालों ने युवक और उसके परिजनों को बातचीत के लिए बुलाया था। उसके बाद कुलदीप, उसकी मां एवं परिवार के अन्य सदस्य रविवार को दोपहर करीब तीन बजे युवती के घर पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक युवती के परिजनों ने कुलदीप और उसके परिवार वालों पर हमला कर दिया। इसी क्रम में युवती के भाई द्वारा कुलदीप पर चाकू से वार कर दिया गया जिससे वह घायल हो गया। इधर, अचानक हुए इस हमले के बाद कुलदीप के परिवार वाले भी घबरा गए और आनन-फानन में कुलदीप को लेकर इलाज के लिए टीएमएच पहुंचे जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है। चाकू से हमला किए जाने के बाद प्रेमिका का भाई मौके से फरार हो गया।



# टाटा स्टील के एफएएमडी को मिला कलिंगा एनवायरमेंट एक्सीलेंस अवार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने शनिवार को पर्यावरण, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन पर 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिष्ठित कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार कंपनी की सुकिंदा क्रोमाइट माइन को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास अभ्यासों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदर्शन वर्ष 2023 के लिए फाइव स्टार श्रेणी में प्रदान किया गया।कंपनी की ओर से एफएएमडी के चीफ (माइंस) शंभू नाथ झा और एफएएमडी के असिटेंट मैनेजर (एनवायरनमेंट) बिस्वरंजन धल ने सम्मेलन के दौरान विशिष्ट अतिथि महामहिम लेबोहांग वैलेंटाइन मोचाबा, उच्चायुक्त, किंगडम ऑफ लेसोथो से पुरस्कार प्राप्त किया।इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एंड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट्र सर्विसेज (आईक्यूईएमएस) और इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज (आईपीई), हैदराबाद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पर्यावरणविदों, सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और उद्योग जगत के दिग्गजों ने भाग लिया, जिन्होंने पर्यावरण, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। टाटा स्टील के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने कहा, हम सभी पानी, ऊर्जा, भोजन और जलवायु परिवर्तन के परस्पर संबंध से अवगत हैं। जबकि हमने अन्य क्षेत्रों के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली को लागू किया है, हम कचरे से मूल्य सृजन पर भी काम कर रहे हैं। खदान से निकलने वाले एग्रिगेट्स के बजाय, प्लांट के अंदर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए सड़कें बनाने में फेरो क्रोम स्लैग चिप्स का उपयोग किया जा रहा है। कम कार्बन फुटप्रिंट के लिए ऊर्जा कुशल उपकरण और स्वच्छ ईंधन एक बड़े उद्देश्य के लिए हमारी ओर से एक मामूली सहयोग है।




# संकल्प सभा आयोजित कर बिरसा उलगुलान समिति ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला -खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखण्ड में सरकारी कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अंग्रेजों की हुकुमत के खिलाफ जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 124वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रृद्धांजलि सभा अयोजन कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। वहीं नीमडीह प्रखण्ड के अधीन मातकमडीह मोड़ के समीप बिरसा उलगुलान समिति के बैनर तले 124वां पुण्यतिथि सह संकल्प सभा का अयोजन किया गया। उक्त सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखण्ड आंदोलनकारी सह समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम उपस्थित होकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भी हमारे अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जल, जंगल जमीन को लुटा जा रहा है। हम सभी आदिवासियों को एकजुट होकर अपने अस्मिता और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए संकल्प लेना होगा। पातकोम दिशोम माझी महाल पारगाना के सचिव श्यामल मारडी ने कहा कि हमारे आदिवासी समाज को अपना अधिकार समझना होगा और उस अधिकार के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाना होगा। सभा की अध्यक्षता सुरेंद्र नाथ सिंह, संचालक फनीभूषण सिंह ने किया। संकल्प सभा को पुष्पा सिंह, नीमडीह मुखिया संघ के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, मुखिया सुभाष सिंह, डमन बास्के, सूर्य नारायण सिंह, भोलानाथ सिंह, श्यामल मारडी, देवेन माझी, अरुण सिंह, विश्वनाथ मंडल, लालमोहन गोराई, गुहीराम सिंह, भदरू सिंह मुंडा, कमल सिंह, कृष्ण दास महतो, हरेकृष्ण सिंह, जगत सिंह सरदार आदि ने सम्बोधित किया।



संपादकीय

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला

**विपक्षी** दल अकसर आरोप लगाते हैं कि भाजपा 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की विरोधी है। जबकि इतिहास साक्षी है कि वर्तमान विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों की सरकारों ने ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला किया है। संविधान के अनुच्छेद 19 में संशोधन से लेकर आपातकाल और पत्रकारों के बहिष्कार से लेकर समाचारपत्र/चैनल पर प्रतिबंध लगाने तक अनेक उदाहरण हैं। विपक्षी गठबंधन के प्रमुख दल आम आदमी पार्टी की सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि उसने पंजाब में एक प्रमुख समाचार चैनल 'जी न्यूज' को प्रतिबंधित कर दिया है। चैनल ने खुद इसकी जानकारी दी है। चैनल ने कहा कि जी मीडिया के सभी चैनलों को पंजाब में बंद कर दिया गया है, वहाँ लोग अपने घर में जी के चैनल नहीं देख पा रहे हैं। मीडिया संस्थान ने इसे प्रेस की आज़ादी पर हमला बताते हुए कहा है कि उसे पंजाब में ब्लैकआउट कर दिया गया है। चोर की भाँति आम आदमी पार्टी की दाड़ी में भी तिनका इसलिए भी नजर आ रहा है क्योंकि इस मामले में पार्टी या पंजाब सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब अब तक नहीं आया है। दिन-रात अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र की दुहाई देनेवाली कांग्रेस भी पंजाब सरकार की चुप्पी पर प्रश्न नहीं उठा रही है। हालांकि कांग्रेस किस मुंह से इस मामले में बोलेगी क्योंकि कांग्रेस ने तो कुछ समय पर देश के लगभग 14 पत्रकारों की सूची जारी करके उनका सार्वजनिक बहिष्कार किया था। यह और बात है कि जनता के बीच अपनी बात पहुँचाने के लिए कांग्रेस के प्रवक्ता उन पत्रकारों के कार्यक्रम में लगातार जा रहे हैं। बीते दिन ही कांग्रेस के चेहरे राहुल गांधी ने एक वरिष्ठ पत्रकार की प्रतिष्ठा को चोट पहुँचाने के उद्देश्य से उनके लिए 'चमची' शब्द का उपयोग किया। मीडिया और पत्रकारों के प्रति यह जो वातावरण कांग्रेस एवं विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से बनाया जा रहा है, वह किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस मानसिकता की जितनी आलोचना की जाए कम है। मीडिया को कभी 'गोदी मीडिया', 'चाटुकार, चम्मच, चमची इत्यादि उपमाएं देने का जो चलन विपक्ष की ओर से प्रारंभ हुआ है, वह घातक है। यह मानसिकता आपातकाल का स्मरण भी कराती है, जब कांग्रेस ने समाचारपत्रों की निगरानी के लिए सरकारी लोग बैठा दिए थे। उनको दिखाए बगैर कोई समाचार प्रकाशित नहीं हो सकता था। जो समाचार पत्र/पत्रकारों कांग्रेस के दमन के आगे झुके नहीं, उनकी स्वतंत्रता को बाधित करने के लिए सत्ता के इशारे पर बिजली काट दी गई। डर यह है कि जब कभी कांग्रेस और विपक्षी दल सत्ता के केंद्र में आएंगे, तब मीडिया के प्रति इनका आचरण किस प्रकार का होगा? यह चिंता इसलिए भी है क्योंकि कई कांग्रेसी नेता पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों को चेतावनी देते हुए देखे जा सकते हैं। विपक्षी दलों के व्यवहार से यह तो स्पष्ट हो जाता है कि ये केवल चुनावी लाभ के लिए ही लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों पर बात करते हैं। इनकी सुरक्षा के संदर्भ में ये दल बहुत गंभीर नहीं हैं। जी मीडिया पर पंजाब में अघोषित प्रतिबंध लगाए जाने की सबको मिलकर निंदा करनी चाहिए। मीडिया की स्वतंत्रता भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

संविधान के अनुच्छेद 19 में संशोधन से लेकर आपातकाल और पत्रकारों के बहिष्कार से लेकर समाचारपत्र/चैनल पर प्रतिबंध लगाने तक अनेक उदाहरण हैं। विपक्षी गठबंधन के प्रमुख दल आम आदमी पार्टी की सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि उसने पंजाब में एक प्रमुख समाचार चैनल 'जी न्यूज' को प्रतिबंधित कर दिया है। चैनल ने खुद इसकी जानकारी दी है। चैनल ने कहा कि जी मीडिया के सभी चैनलों को पंजाब में बंद कर दिया गया है, वहाँ लोग अपने घर में जी के चैनल नहीं देख पा रहे हैं। मीडिया संस्थान ने इसे प्रेस की आजादी पर हमला बताते हुए कहा है कि उसे पंजाब में ब्लैकआउट कर दिया गया है। चोर की भाँति आम आदमी पार्टी की दाड़ी में भी तिनका इसलिए भी नजर आ रहा है क्योंकि इस मामले में पार्टी या पंजाब सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब अब तक नहीं आया है। दिन-रात अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र की दुहाई देनेवाली कांग्रेस भी पंजाब सरकार की चुप्पी पर प्रश्न नहीं उठा रही है। हालांकि कांग्रेस किस मुंह से इस मामले में बोलेगी क्योंकि कांग्रेस ने तो कुछ समय पर देश के लगभग 14 पत्रकारों की सूची जारी करके उनका सार्वजनिक बहिष्कार किया था। यह और बात है कि जनता के बीच अपनी बात पहुँचाने के लिए कांग्रेस के प्रवक्ता उन पत्रकारों के कार्यक्रम में लगातार जा रहे हैं। बीते दिन ही कांग्रेस के चेहरे राहुल गांधी ने एक वरिष्ठ पत्रकार की प्रतिष्ठा को चोट पहुँचाने के उद्देश्य से उनके लिए 'चमची' शब्द का उपयोग किया।

धूम्रपान सहित तमाम तंबाकू उत्पाद ऐसा धीमा जहर हैं, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटते हैं

# जरूरी है भावी पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों से बचाना

योगेश कुमार गोयल

पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान करना अथवा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है।

**तंबाकू** उत्पादों को लेकर पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान करना अथवा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोध यह प्रमाणित कर चुके हैं कि धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान सहित तमाम तंबाकू उत्पाद ऐसा धीमा जहर हैं, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटते हैं। ये शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देते है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनते हैं। लोगों को तंबाकू को छोड़ने और इसे कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 'तंबाकू उद्योग के दखल से बच्चों की रक्षा करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है ताकि भविष्य की



पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल में गिरावट जारी रहे। यह थीम निर्धारित करते समय तंबाकू उद्योग द्वारा युवाओं को टारगेट करते हुए बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर खास ध्यान दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इत्यादि के जरिये दुनियाभर में युवा तेजी से तंबाकू उत्पादों के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और समाज कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियाभर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि अधिकांश देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वैसे तो हुक्का, गुटखा, खैनी, जर्दा इत्यादि तमाम तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसका सबसे हानिकारक रूप है धूम्रपान, जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है। धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं। हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदुषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

दृष्टि कोण

# मुस्लिम साझेदारी सुधारने का सवाल

**अठारहवें** लोकसभा चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या में गौरतलब गिरावट भारतीय चुनावी राजनीति की दो दिलचस्प दिशाओं को रेखांकित करती है। अव्वल तो यही लगता है कि सियासी दल वास्तव में पेशेवर हो गए हैं। उन्होंने जीतने की क्षमता को ही प्रत्याशी चयन का पैमाना बना लिया है। दलों की टिकट वितरण व्यवस्था अब किसी वैचारिक प्रतिबद्धता से निर्देशित नहीं होती है। इसके बजाय, जाति, धर्म को ज्यादा महत्व दिया जाता है। सिर्फ राजनीतिक साख के लिए किसी मुस्लिम को टिकट देना अब व्यावहारिक रूप से कठिन हो गया है। दूसरी, राजनीति के प्रमुख आख्यान के रूप में हिंदुत्व-संचालित राष्ट्रवाद के उद्भव ने गैर-भाजपा दलों पर भी असर डाला है। ये दल खासकर राजनीतिक संदर्भों में महज मुस्लिम पहचान या छवि से बचने लगे हैं। भाजपा अपने अब तक के प्रयासों से यह धारणा बनाने में सफल रही है कि अतीत में विपक्षी दलों ने मुसलमानों का तुष्टीकरण किया है और इससे हिंदू हित कमजोर हुआ है। कोई भी पार्टी नहीं चाहेगी कि वह सिर्फ मुस्लिम समर्थक के रूप में पहचानी जाए। वैसे, आज के भारत में मुसलमानों के सियासी हाशिये पर होने का जवाब तलाशते हुए, उनकी समाजशास्त्रीय विविधता के साथ-साथ कानूनी-संविधानिक ढांचे पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। एक समय था, जब जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में उत्तर-औपनिवेशिक सरकार इस मोर्चे पर स्पष्ट थी। वह मुसलमानों को संविधानिक अल्पसंख्यक के रूप में मान्यता देने और उनकी रक्षा करते हुए, सांप्रदायिक राजनीति से छुटकारा पाने की इच्छुक थी। सांप्रदायिक राजनीति की वजह से ही देश विभाजित हुआ था। इस परस्पर विरोधी लगने वाले मुद्दे से निपटने के लिए एक अलिखित मानदंड बनाया गया था। नागरिकों के एक समूह को 'मतदाता' के रूप में देखते हुए प्रतिनिधित्व की धर्मनिरपेक्ष अवधारणा बनाई गई थी। वैसे, जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 साफ कहता है कि धर्म को चुनावी प्रक्रियाओं से अलग रखना चाहिए। असंख्य मतदाताओं की धर्मनिरपेक्ष सोच ने कम से कम सैद्धांतिक रूप से एक संभावना पैदा की कि मुस्लिम मतदाता सिर्फ मुस्लिम उम्मीदवारों को वोट नहीं करेंगे। दूसरे शब्दों में कहें, तो नेहरूवादी सरकार ने निर्वाचित निकायों में पृथक मुस्लिम प्रतिनिधित्व को दृढ़ता से हतोत्साहित किया था। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि सामूहिक मुस्लिम हितों की अनदेखी की गई। धर्मनिरपेक्ष भारत में मुस्लिम भागीदारी के लिए दो महत्वपूर्ण तंत्र अपनाए गए। सबसे पहले, राज्यसभा और राज्य विधान परिषदों से मुस्लिम नेताओं को लाने का तरीका आजमाया गया। बाद में भारतीय जनसंघ और भाजपा भी अपने मुस्लिम नेताओं को राज्यसभा के रास्ते ही आगे लेकर आई। दूसरा, धर्मनिरपेक्ष भारतीय संस्कृति के एक अभिन्न पहलू के रूप में मुस्लिम उपस्थिति की सराहना की गई। संविधान में अल्पसंख्यक को दिए गए अधिकारों के प्रावधान के साथ यह अच्छा हुआ। सरकारों ने भी देश के धर्मनिरपेक्ष लोकाचार को दर्शाने के लिए मुस्लिम तहजीब और विरासत को सामने पेश किया। निर्वाचित निकायों में अलग मुस्लिम प्रतिनिधित्व से इनकार और सार्वजनिक जीवन में सकारात्मक मुस्लिम उपस्थिति के बीच का समीकरण बहुत नाजुक था। सियासी दल चुनावी गणना से निर्देशित होते थे। ऐसे में, जरूरी था कि वे चुनावी मुद्दे के रूप में मुस्लिम हितों को सामने लाएं। नेहरू के निधन के ठीक बाद यही हुआ। इंदिरा गांधी ने धर्म की एक नई राजनीति शुरू की, जिसने मुस्लिम प्रतिनिधित्व और मुस्लिम भागीदारी के बीच संतुलन की पूरी तरह उपेक्षा की। वास्तव में, 2006 में सच्चर आयोग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद मुस्लिम प्रतिनिधित्व पर बहस को नवजीवन मिला। मुस्लिमों की उपेक्षा और पिछड़ापन नीतिगत मुद्दों के रूप में उभरे, जबकि सामाजिक समावेशन का खाका चुनावी राजनीति का मार्गदर्शक सिद्धांत था। मुस्लिम भागीदारी और मुस्लिम प्रतिनिधित्व के मिश्रण ने यह धारणा बनाई कि सांविधानिक धर्मनिरपेक्षता एक अलग मुस्लिम सियासी पहचान की रक्षा से संबंधित है। इस अस्पष्ट स्थिति ने हिंदुत्व की राजनीति की इस दलील को मजबूत किया कि मुस्लिम पिछड़ेपन व भागीदारी पर कोई चर्चा अलगाववाद को ही जन्म देगी। 2024 में भाजपा का चुनावी अभियान स्पष्ट रूप से इसी तर्क की अभिव्यक्ति है। अब सवाल उठता है : हमें मुस्लिम राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बारे में कैसे बात करनी चाहिए, खासकर अब जब मुस्लिम पहचान गैर-भाजपा दलों के लिए भी राजनीतिक समस्या बन गई है? मैं इससे निपटने के लिए, एक प्रस्ताव करता हूं। सबसे पहले, प्रतिनिधित्व के विचार को ही लोकतांत्रिक बनाने की जरूरत है। मुस्लिम प्रतिनिधित्व पर किसी भी चर्चा में मुस्लिम दलितों, मुस्लिम महिलाओं और गरीब मुसलमानों की चिंताओं को स्वीकार किया जाना चाहिए। इसमें पसमांदा राजनीति का योगदान बहुत खास है। दूसरा, व्यापक संस्थागत व्यवस्था का लोकतंत्रीकरण। हमें मुस्लिम प्रतिनिधित्व का मूल्यांकन करने के लिए सिर्फ संसद और विधानसभाओं को ही नहीं देखना चाहिए।

कुछ अलग

# छायादार पेड़ों की कटाई, सब पर अब पड़ रही है भारी

**इस** साल मई के अंतिम सप्ताह में उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश शहरों में तापमान ने पिछले कई सालों का रेकॉर्ड तोड़ दिया। मई के अंतिम दिनों में सूर्य ने रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश किया। आम बोलचाल की भाषा में ये नौतपा के दिन कहे जाते हैं और मान्यता है कि नौतपा के दौरान तापमान सामान्य से अधिक होना अच्छे मानसून का संकेत होता है। लेकिन इन दिनों धरती जिस तरह तप रही है, वह असामान्य है। एक बड़ा कारण यह भी है कि हमारे शहरों से छायादार वृक्ष तेजी से गायब होते जा रहे हैं। छायादार पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल हमें फल और औषधि देते हैं , अपितु अनेक जीवों को अपने आश्रय में स्थान देकर पर्यावरण के संरक्षण में भी योगदान करते हैं। क्या आपने कभी ग़ौर किया कि हमारे घरों के आसपास हमेशा फुदकने वाली गौरैया की चहचहाट अचानक कहां गुमने लगी है या गुम हो गई है? छायादार पेड़ों का कटना जैव विविधता की दृष्टि से बड़ी चुनौती बन गया है। पिछले दिनों डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के कुछ शोधार्थियों ने भारत के साठ करोड़ पेड़ों का एक मानचित्र बनाया और उनके बारे में अध्ययन किया। इस अध्ययन की रिपोर्ट नेचर सस्टेनेबिलिटी नामक एक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में छपी है। इस अध्ययन में सामने आया है कि सन् 2018 से 2022 के बीच भारत के खेतों से 53 लाख छायादार पेड गायब हो गए हैं। आम, नीम, पीपल, बरगद, महुआ, जामुन, कटहल, खेजड़ी, शीशम, नारियल जैसे पेड़ हैं जिनमें से कई पेड़ों का मुकुट 67 वर्ग मीटर या उससे भी अधिक था। इस वर्ष मई के तीसरे सप्ताह में ही जिस तरह से पश्चिम और मध्य भारत के शहरी इलाके तपने लगे, उसने आम आदमी में यह चिंता जगा दी है कि आने वाले समय में गर्मी कितनी कठिन होगी। हमारे पूर्वज पेड़ों के महत्त्व को समझते थे। इसीलिए भारतीय वांग्मय में छायादार पेड़ों को बहुत पवित्र माना गया है। गीता में तो कृष्ण स्वयं को पेड़ों में अश्वत्थ यानी पीपल बताते हैं। पुराने ग्रंथों में पीपल, बड़ जैसे पेड़ों की महत्ता विस्तार से लिखी गई है। वनस्पति के प्रति भारतीय मानस के मन में सम्मान की परंपरा का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब किसी काम से पेड़ की लकड़ी के एक हिस्से या थोड़ी सी जड़ भी लेनी होती थी तो शास्त्रों का निर्देश था कि पहले पेड़ की पूजा करो और फिर क्षमा मांग कर उस चीज को प्राप्त करो। पेड़ों की पूजा किसी दकियानूसी मानसिकता का परिणाम नहीं था बल्कि प्रकृति की उस रचना के प्रति मनुष्य का आभार व्यक्त करना था जो फल, छाया, लकड़ी, गोंद जैसी कितनी ही चीजों के साथ हमारे कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहती है। कोपनहेगन विश्वविद्यालय के जिन शोधार्थियों ने यह पाया है कि 1918 से सन् 1922 के बीच भारतीय खेतों से 53 लाख से भी अधिक छायादार पेड़ कट गए, उन्होंने अपने अध्ययन में उन वृक्षों का तो जिक्र ही नहीं किया जो खेतों से इतर जगहों पर थे और विकास के नाम पर नेस्तनाबूद कर दिये गए। रिपोर्ट के अनुसार कुछ इलाकों में तो एक किलोमीटर में पचास से अधिक पेड़ की दर से घने छायादार पेड़ काटे गए हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को डरा सकती है। शहरीकरण के कारण पिछले कुछ सालों में कृषि भूमि पर अंधाधुंध निर्माण हुआ है और इसी क्रम में घने छायादार पेड़ों को भी निर्ममता से काटा गया है।

देश दुनीया से

# झुलसाती हवाओं का बढ़ता इलाका

जलवायु परिवर्तन के कारण अब हर मौसम पिछला रिकॉर्ड तोड़ता नजर आता है। इसी साल जनवरी पिछले वर्ष के जनवरी माह से अधिक गरम था। फरवरी, मार्च या अप्रैल महीने की भी यही कहानी रही। स्थिति यह है कि वैश्विक गरमी 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान की सीमा को पार कर चुकी है, जबकि समुद्र तटों के किनारे के देश साल 2100 तक वैश्विक गरमी को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के हिमायती हैं। पेरिस समझौते में भी वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस कम करने पर सहमति बनी थी, लेकिन नतीजा अब भी सिफर ही दिख रहा है।

**हर** साल मई के आखिरी पखवाड़े से लेकर जून के अंत तक, जब तक मानसून गंगा के मैदानी इलाकों में नहीं आ जाता, उत्तर भारत में गरमी सामान्य मौसमी परिघटना है। इन दिनों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, झारखंड, बंगाल जैसे तमाम राज्य तपते रहते हैं। यह मानसून में तेजी लाने के लिए आवश्यक भी माना जाता है, क्योंकि गरमी जितनी तेज होती है, अरब सागर से उतना ही मजबूत मानसून भारत को भिगोता है। मगर अब जरूरत से अधिक गरमी पड़ने लगी है और तापमान 50 डिग्री के पार जाने लगा है। भारत के कई शहर तो पहले से अधिक गरम हो चले हैं। आखिर क्यों? दरअसल, इसकी बड़ी वजह जलवायु में लगातार हो रहा बदलाव है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब हर मौसम पिछला रिकॉर्ड तोड़ता नजर आता है। इसी साल जनवरी पिछले वर्ष के जनवरी माह से अधिक गरम था। फरवरी, मार्च या अप्रैल महीने की भी यही कहानी रही। स्थिति यह है कि वैश्विक गरमी 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान की सीमा को पार कर चुकी है, जबकि समुद्र तटों के किनारे के देश साल 2100 तक वैश्विक गरमी को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के हिमायती हैं। पेरिस समझौते में भी वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस कम करने पर सहमति बनी थी, लेकिन नतीजा अब भी सिफर ही दिख रहा है। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) का कहना है कि जब तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होती है, तो हीट वेव की आवृत्ति (आने की दर), समय और प्रभाव में कम से कम दोगुना का इजाफा होता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हीट वेव आने की दर बढ़ गई है। पहले झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र जैसे राज्य ही इसकी चपेट में आते थे, लेकिन अब तेलंगाना, उत्तरी कर्नाटक जैसे इलाके भी मार्च-अप्रैल से ही बेहिसाब गरमी झेलने को मजबूर हैं। सरकारों ने तो पहले से ही इससे लड़ने की तैयारियां शुरू कर दी थीं। बहरहाल, तापमान का बढ़ना और गरमी की तपन महसूस करना, दोनों अलग चीजे हैं। आपने खबरों में भी देखा होगा कि कहीं तापमान तो कम होता है, लेकिन गरमी अधिक महसूस होती है। यह काफी हद तक नमी पर निर्भर करता है। यदि वातावरण में नमी कम हो, तो शुष्क, यानी सूखी गरमी पड़ती है, जिसमें कूलर, पंखा आदि से राहत मिल जाती है। मगर जब तापमान के साथ नमी भी होती है, तो हमारे शरीर से काफी ज्यादा पसीना निकलने लगता है और 35-36 डिग्री सेल्सियस तापमान भी 40 डिग्री के समान महसूस होने लगता है। ऐसी उमस में एयर कंडिशनर ही कारगर साबित होता है। उल्लेखनीय है कि तापमान मापने का तरीका बिल्कुल सामान्य है। शहर की कुछ जगहों पर इसकी मशीनें लगाई जाती हैं, जिनमें थर्मामीटर की तरह तापमान मापने वाला यंत्र होता है। वही हवा की गति भी माप लेता है। अभी विशेषकर उत्तर भारत में तापमान में जो उछाल दिखने को मिल रहा है, उसमें जल्द ही कुछ राहत मिल सकती है। अगले तीन-चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ आ सकता है। दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में तो बुधवार की शाम हल्की बारिश भी हुई। इस विक्षोभ से राजस्थान को छोड़कर शेष मैदानी इलाकों में कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, इसका असर भी तीन-चार दिनों तक ही रहेगा, फिर सूरज पहले की तरह आग बरसाने लगेगा। यह स्थिति कमोबेश मानसून आने तक बनी रहेगी। बढ़ती गरमी मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाती है। जिस तरह 98.5 फारेनहाइट तापमान के बाद शरीर में हलचल तेज हो जाती है, उसी तरह 37 डिग्री से अधिक का तापमान शरीर को बेचैन कर सकता है। इसके बाद मुख्यतः बेहतर प्रतिरोधक क्षमता ही गरमी का मुकाबला करती है। चूंकि बच्चे और बुजुर्गों में यह क्षमता कम होती है, इसलिए उनके साथ-साथ उन लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, जो पहले से बीमार होते हैं। हालांकि, सावधानी सामान्य आदमी को भी रखनी चाहिए, क्योंकि जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है, तो शरीर में पानी घटने लगता है और शारीरिक क्षमता घटकर आधी रह जाती है। यही कारण है कि गरमी के महीने में पानी अधिकाधिक पीने और मौसमी फलों का सेवन करने को कहा जाता है। नारियल, खीरा, तरबूज, ककड़ी, खरबूजा जैसे फल शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में सक्षम होते हैं। एक यह सावधानी भी बरतने को कहा जाता है कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम चार बजे तक धूप के 'एक्सपोजर' से बचना चाहिए।




आप का नजरीया

# छोटी नदियों को जिंदा रखने की मुहिम

**छोटी** नदियों के संगम से बनी गंगा 2,550 किलोमीटर, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भारत में क्रमशः 916 और 1,114 किलोमीटर लंबी हैं। लगभग सभी बड़ी नदियों के उद्गम ग्लेशियरों से हैं। इनके बहाव क्षेत्र में जंगल, तराई, मैदान और बीहड़ क्षेत्रों से छोटी-छोटी नदियां बड़ी नदियों में मिल रही हैं। भारत की सबसे छोटी नदी अरवरी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर राजस्थान के अलवर जिले में बहती है। यमुना सबसे बड़ी सहायक नदी है। यमुना में भी टौंस, हिंडन, चंबल, बेतवा आदि मिलती हैं। छोटी नदियां बड़ी नदियों के प्रवाह बढ़ाने के साथ उन्हें भूजल पुनर्भरण में सक्षम बनाती हैं। मिट्टी की नमी बनाए रखती और जैव विविधता में सुधार करती हैं। सूखे और बाढ़ का सामना करने में मदद करती हैं, लेकिन सूख रही छोटी नदियों का कायाकल्प समुदाय के बिना संभव नहीं है। इन सहायक और छोटी नदियों में निरंतर घटती जल राशि चिंता का विषय है। ग्लेशियरों के सूखने से हिमपोषित नदियां भी सूख रही हैं। भीषण गर्मी से बुंदेलखंड की कई नदियां सूख गई हैं। गंगा-यमुना की छोटी नदियां और जल स्रोत सूख गए हैं। हर वर्ष हिमालय से लेकर मैदानों तक भारी जल सैलाब से अपार जन-धन की हानि हो रही है। बारिश के पानी को रोकने की पारंपरिक शैली को आधुनिक विकास ने रौंद डाला है, जहां तालाब, जोहड़ जैसी जल संरचनाएं होती थीं। अब उन स्थानों पर बहुमंजिला इमारतें बन गई हैं। खनन, सीमेंटेड संरचनाओं ने पूरे जल क्षेत्र की जलवायु पर विपरीत असर डाला है। भूजल बहुत नीचे चला गया है। इन चुनौतियों के बावजूद आज भी भारत के गांवों में लोग अपने पारंपरिक प्रबंधन से जल की व्यवस्था करते हैं, जिससे विवेकपूर्ण जल उपयोग को बढ़ावा मिलता है। सक्रिय समाजसेवियों, पर्यावरणविदों और पानीदार समाज ने मिलकर ऐसे उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं कि सूखी छोटी नदियां फिर से बहने लगी हैं। अलवर में तरुण भारत संघ ने सूखी नदियों को जिंदा कर दिया है। लोग वहां नदियों के पुनर्जीवन के सामाजिक और पर्यावरणीय तरीके सीख रहे हैं। बुंदेलखंड में परमार्थ समाजसेवी संस्थान ने छोटी नदियों के पुनर्जीवन के लिए जोरदार अभियान चला रखा है। उन्होंने अब तक विलुप्त होती बछेड़ी, कनेरा, बारगी, खूडर, घुरारी नदी के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय राज-समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। मध्य प्रदेश के खजुराहो में हाल ही में जल जन जोड़ो अभियान और परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा आयोजित एक संवाद में 15 राज्यों से 50 नदी प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि 51 नदियों के पुनर्जीवन हेतु यात्रा का आयोजन होगा। जलपुरुष राजेंद्र सिंह की अगुवाई में देश भर से आए जल विशेषज्ञों ने मांग की है कि केंद्र सरकार नदियों के लिए एक स्पष्ट नदी नीति बनाए। नदियों के लिए काम करने वाले लोग मानते हैं कि छोटी नदियों का समुदाय की खाद्य सुरक्षा, उनका सम्मानजनक जीवन और उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है।

# लातेहार में नशा तस्कर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## छह लाख के अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस ने अफीम तस्कर गिरोह का पर्दाफाश कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।इस दौरान पुलिस ने लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित बस स्टैंड के पास में छापेमारी कर करीब 5 से 6 लाख अफीम डोडा के साथ एक तस्कर राजकुमार उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं रविवार को प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अरविंद कुमार चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में चंदवा थाना अंतर्गत सुभाष चौक स्थित बस स्टैंड के पास छापेमारी की। जब पुलिस टीम के द्वारा राजकुमार उरांव उम्र 33 वर्ष पिता जगेश्वर उरांव के पास से उसके बैग से लगभग 6 किलो अफीम बरामद किया गया। बरामद अफीम की खुले बाजार में कीमत करीब 5 से 6 लाख रुपये है। इस दौरान एक तस्कर राजकुमार उरांव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वे अन्य तस्करों के माध्यम से अफीम का स्टॉक करवाता है। इसके बाद उसे बाहर के बाजार राजस्थान और हरियाणा में बेच देता है। आगे श्री कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चंदवा थाना कांड संख्या 74/2024 धारा 17 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एक अन्य तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी रणधीर कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे।



# सिमरिया दुकानदार संघ ने किया बैठक, लिया गया कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के किसान भवन में सिमरिया दुकानदार संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुधीर सिंह ने किया। जिसकी संचालन हाजी मो नसरूल्लाह ने किया। बैठक के चर्चा में अंचलाधिकारी सिमरिया द्वारा सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 2000 की धारा 3 के अधीन अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों को नोटिस दी गई है। जिसे लेकर सिमरिया चौक के सैकड़ो दुकानदारों ने दिए गए नोटिस के विरुद्ध एक बैठक आयोजित किया। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की हम गरीब ठेला खोमचा के दुकानदार चौक पर रह कर थोड़ी बहुत सामग्री बेच अपने व अपने बच्चों को भरण पोषण एवं शिक्षा दीक्षा करते आ रहे हैं। यदि हम लोगों को अतिक्रमण के तहत हटा दिया गया तो जीवन यापन में परेशानी होगी। वहीं 18 जून को सिमरिया प्रशासन द्वारा आहुत बैठक में चौक के सभी दुकानदार मौजूद रहने का निर्णय लिया गया। प्रशासन द्वारा आयोजित बैठक में यदि बेरोजगार दुकानदारों पर चाभुक चलाया गया तो हम सभी दुकानदार मजबूर होकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। मौके पर उदय यादव, रामस्वरूप रजक, नंद किशोर गुप्ता, प्रमोद गुप्ता,अरुण कुमार सिंह, मो हसमुद्दीन, शिवकुमार राम, लक्ष्मण लाल, तैयब अंसारी, सुरजीत कुमार, संजय प्रसाद केशरी, कोमल साहू, सूरज राम के अलावे सैकड़ों दुकानदार शामिल थे।

# नकास ट्रांसपोर्ट कंपनी के विरोध में गाड़ी मालिकों ने खोला मोर्चा



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र से कोयला ढुलाई करने वाले विस्थापित -प्रभावित हायवा वाहन मालिकों ने की बैठक। नकास ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के विरुद्ध की जमकर नारेबाजी। वाहन मालिकों ने स्थानीय वाहन मालिकों पर शोषण व दमन करने का कंपनी के उपर लगाया आरोप। साथ ही कहा कि सुधार नहीं होने पर बाध्य होकर कंपनी के विरोध में जोरदार आंदोलन की जाएगी।

# सेवानिर्वित सैनिक का हृदय गति रुक जाने से निधन, शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के जांगी पंचायत अंतर्गत देल्हो चाडरम गांव के पूर्व सेवानिर्वित सैनिक भुवनेश्वर गोप का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गई है। वे एक वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुए थे और घर पर रहकर शेष जीवन व्यतीत कर रहे थे। शनिवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल चतरा ले जाया गया किंतु चिकित्सकों के काफी प्रयास के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। पूर्व सैनिक व्यवहार के कुशल और मृदुभाषी स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई समाजिक अभियान में हिस्सा लिया था। जिसके कारण वे क्षेत्र में लोकप्रिय थे। उनके इस प्रकार अचानक हुए निधन से ग्रामीणों में शोक संतप्त हैं। हालांकि रविवार को स्थानीय नदी घाट में नमः आंखों से उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल थे। पूर्व सैनिक के निधन पर पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने गहरा शोक जताया और उनके परिवार जनों से मिलकर सांत्वना एवं ढाढस दिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक के असमय चले जाने से उन्होंने एक सशक्त संगठन सदस्य खो दिया है। दुख की इस घड़ी में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि उनके परिवार के साथ संगठन हमेशा खड़ी है। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किसुन राम, अमृत साव, सौरव कुमार यादव समाजसेवी मनोज चंद्रा सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।



# बलात्कारी संजय पांडेय को अविलंब गिरफ्तार नहीं की गई तो होगा जन आंदोलन : दर्शन गंझू

## बहुत हो गया अत्याचार अब ना सहेगी भोगता खरवार : छोटू सिंह भोगता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना क्षेत्र के टुटीलावा गांव निवासी संजय पांडेय को अभी तक सिमरिया पुलिस गिरफ्तार करने में विफल रही है। जो पुलिस विभाग के लिए शर्म वाली बात है। यह बाते खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान चतरा लोक सभा के प्रत्याशी दर्शन गंझू ने दुख प्रकट करते हुए कहा है। आगे कहा है कि बलात्कारी संजय पांडेय एक नाबालिक बच्ची के साथ आज से लगभग पांच माह पूर्व बलात्कार का अंजाम दिया था। जिसे लेकर भुक्तभोगी के माता पिता ने सिमरिया थाना में पहुंच कर लिखित आवेदन देकर गिरफ्तारी करते हुए सजा की मांग किया था। किंतु सिमरिया पुलिस ने महज आरोपी संजय पांडेय के घर में इश्तेहार चिपका खानापूर्ति किया है। जबकि बलात्कारी संजय पांडेय अभी भी अपने घर टूटीलावा में आना जाना लगा हुआ है। पुलिस इस लिए गिरफ्तार नहीं कर रही है चुकी आरोपी से रिश्वत ले चुका है। वहीं आरोपी पांडेय समाज के होने और भुक्तभोगी एक आदिवासी समाज के होने के कारण इस तरह का भेदभाव किया जा रहा है। जबकि संविधान में सबका न्याय बराबर है। आगे केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर उक्त बलात्कारी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हम हजारों की संख्या में भोगता खरवार समाज सिमरिया में उतर कर आक्रोष जन आंदोलन चलाएंगे। जिसमें समाज के लोग पारंपरिक हथियार के साथ लैस रहेंगे। जिसका जिम्मेवार खुद सिमरिया पुलिस होगी। चुकी हम अपने समाज के साथ पूर्व में भी सिमरिया करबला मैदान में सैकड़ों लोग एकजुट होकर न्याय की गुहार लगाया था। वहीं भोगता खरवार समाज के प्रखंड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता ने कड़े तेवर में कहा है कि भाजपा सरकार के नरेंद्र मोदी ने एक तरफ बेटी बचाव बेटी पढ़ाव का नारा दिया है किंतु ऐसे भ्रष्ट पुलिस के रहते कैसे बेटी सुरक्षित रहेगी। क्या यह नारा उच्चस्तरीय लोगों के लिए है ।हम जैसे गरीब निर्धन परिवार के लिए अलग से कानून एवं न्याय की व्यवस्था है। हम लोग पुलिस की सभी हरकतों पर बारीकी से देख चुके हैं ।सिमरिया पुलिस केवल रुपया लेकर था को ना और ना को था करती है। जबकि यह बलात्कार का मामला हुए कई महीने गुजर चुका है और आरोपी गिरफ्तारी से कोसो दूर है।वैसे में हम पिछड़ी आदिवासी समाज अब कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। अब आरपार की लड़ाई होगी। साथ हीं चतरा जिला से लेकर अन्य जिला के भोगता खरवार समाज अपने पारंपरिक हथियार से लैस होकर हजारों की संख्या में सिमरिया चौक से लेकर सिमरिया थाना पहुंच अपने बहु बेटियों के साथ हुए अत्याचार का न्याय लेगी। बहुत हो गया अत्याचार अब ना सहेगी भोगता खरवार।



केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू | प्रखंड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता

# मनिका पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक को किया जप्त, चालक को भेजा जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका पुलिस ने रविवार की सुबह लगभग 4:00 बजे मनिका प्रखंड क्षेत्र के बंदूआ मोड़ के समीप से अवैध कोयला लदा 12 चक्का ट्रक को जप्त कर ट्रक चालक सुभाष खरवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दी है। एवं ट्रक मलिक अभय कुमार सिंह एवं भट्ठा मलिक ललू प्रसाद यादव पर भी मुकदमा दर्ज की गई है। हालांकि ट्रक चालक और भट्ठा मालिक पुलिस प्रशासन के पकड़ से बाहर है जिसकी गिरफ्तारी को लेकर मनिका पुलिस प्रशासन लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि अवैध कोयला लदा ट्रक ललू प्रसाद यादव के ईट भट्ठे में जा रही थी उन्होंने कहा कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्रथम प्राथमिकता है एवं मनिका पुलिस प्रखंड क्षेत्र में अवैध धंधे पर अपनी नजर रखी हुई है। उन्होंने कहा कि अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति को मनिका पुलिस लगातार चिन्हित करने का कार्य कर रही है। ताकि प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बना रहे।

# कोयल नदी में स्नान करने के दौरान डूबे युवक की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू मोहम्मद गंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमचुल्हा शिव मंदिर के समीप कोयल नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबा युवक का शव 24 घंटा बाद स्वतः पानी में तैरते देखा गया। स्थानीय गोता खोरों ने शनिवार को लगातार छ घंटे तक खोज बिन के दौरान शव नहीं मिल सका था। इसके बाद हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने एनडी आर एफ की टीम को बुलाया था। एनडी आर एफ की टीम को दो बजे दिन तक मोहम्मद गंज कोयल नदी तट पर पहुंचने की सुचना दी। किंतु टीम पहुंचने के पूर्व ही शव रविवार को लगभग एक बजे पानी में तैरता देखा गया। युवक बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा मुख्य बाजार क्षेत्र का 25 वर्षीय सोनू तिवारी के रूप में पहचान हुई है। सोनू कपड़ा फेरी का काम करता था। कोयल नदी में स्नान करने गया था। जब काफी देर तक बाहर नही निकला तो साथ दो और रिश्तेदार उसके साथ थे। सोनू को खोजने में हल्ला मचाया, तो मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को तत्काल दिया था।सुचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने ए एस आई सुबीर किस्कू सदल बल घटना स्थल भेजा। मोहम्मद गंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर स्थस्नीय गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन कराने का अथक प्रयास किया। लगातार छ घंटा खोजने के बाद भी शव नहीं मिल सका था। जो रविवार को स्वतः पानी से उपर तैरता देखा गया। इस घटना की सुचना के बाद परिजन भी मोहम्मद गंज पहुंच गए हैं। शव मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जमा हो गई है। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा दिया है।



# टोरी फ्लाई ओवरब्रिज को लेकर माकपा का ऐलान 12 जून को खुन से लिखकर उपायुक्त को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने ऐलान किया है कि आगामी 12 जून 2024 को टोरी - चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए खुन से लिखकर मांगपत्र तैयार कर उसे उपायुक्त को सौंपा जाएगा।पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह व वरिष्ठ नेता अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि समाहरणालय स्थित नगर पंचायत कार्यालय परिसर में खुन से मांगपत्र लिखे जाने की कार्यक्रम है।नेताओं ने बताया कि 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने टोरी में आरओबी का आउनलाईन शिलान्यास किया था। लेकिन एनएच विभाग की घोर लापरवाही के कारण आजतक निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ।रेलवे क्रॉसिंग जाम से प्रतिदिन लाखों ग्रामीण परेशान हैं। जाम पर घंटों फंसे रहने के कारण महिलाओं का प्रसव और बिमार व्यक्तियों की मौत रेल क्रॉसिंग पर ही हो जा रही है।

# अनुकम्पा के तहत चौकीदार पद के लिए दो लोगों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुकम्पा समिति के तहत श्री शशि कुमार पासवान, पिता-स्व0 रामचन्द्र पासवान, पता-ग्रामपोस्ट-धनगडा, थाना टण्डवा, जिला चतरा को व श्रीमती आरती देवी, पति-स्व0 राम पवन कुमार, पता-ग्राम दाड़ी, पोस्ट-एदला, थाना-सिमरिया, जिला-चतरा को आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा चौकीदार पद के लिए नियुक्ति पत्र दी गई।



# कालीचरण सिंह की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ निकाला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने चतरा लोक सभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह की जीत की खुशी मे गाजे बाजे के साथ विजय जुलुस निकाला। विजय जुलुस फूलसु तीन मुहान से चलकर भाजपा कार्यालय से होते हुए बारियातु बस स्टैंड परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू तक बैंड बाजे के साथ अबीर गुलाल लगाकर खुशियाँ मनाया. चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के चुनावी जीत व केन्द्र में एनडीए के सरकार मे नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के शपथ लेने के अवसर पर मंडल अध्यक्ष लव सिह के नेतृत्व में विजय जुलुस निकाल कर बम पटाखे के साथ खूब आतिशबाजी की। विजय जुलुस मे काफ़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने हिस्सा लिया. इस अवसर पर लोगों के बीच मिठाईयां भी बांटी गयी। लोगो ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर खुशी व्यक्त किया। युवा कार्यकर्ताओ ने एक से एक बम पटाखे छोड़कर जमकर आतिशबाजी की। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिह ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की भारी मतों से जीत व केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों तथा क्षेत्रवासीयों के प्रति अभार व्यक्त किया। मौके पर भारी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समारहणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति, मनरेगा, आवास योजना, सभी विकास योजना, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समेत अन्य के प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की जानकारी दी गई कि जिले को कुल प्रथम फेज में 152 लक्ष्य प्राप्त है वहीं फेज दो में 371 कुल 523 लक्ष्य प्राप्त हैं। प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप प्रखण्डवार समीक्षा करते हुए कान्हाचट्टी, हंटरगंज, प्रतापपुर, टण्डवा, मयूरहंड के धीमी प्रगति पर उन्होने अप्रसन्नता व्यवक्त की और कहा योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण कराएं। साथ ही पूर्ण हुए योजनाओं का डेटा अपडेट कराने का निर्देश दिया। योजनाओं को पूर्ण कराने में अगर भूमि से संबंधित मामला सामने आता है तो अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इसका निष्पादन करें। योजनाओं का निरंतर औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वहीं आगे कहा कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमित्ता बरती जाती है तो संलिप्त लोगों के उपर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा प्रत्येक 15 दिनों पर प्रखण्ड में जनता दरबार का आयोजन मेरी अध्यक्षता में की जाएगी और साथ ही विकास योजनाओं का भी समीक्षा किया जाएगा। प्रखण्ड निरीक्षण के दौरान अगर प्रखण्ड कार्यालय में साफ सफाई में अनियमित्ता देखी जाती है तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई होगी। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को मंगलवार और शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में कहा अगर वैसे लोग जो अबुआ आवास का पात्रता नहीं रखते है और वैसे लोगों का अबुआ आवास का सेंक्शन हो गया है तो वैसे लोगों का अबुआ आवास का भौतिक सत्यापन करते हुए अस्वीकृत करें। यह सुनिश्चित करें कि अबुआ आवास योजना का लाभ पात्र लोगों को ही मिले। साथ ही किस्त की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। जिन्हे किस्त की राशि दे दी गई है और अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसका कार्य प्रारंभ कराएं। साथ ही इसके लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि योजनाओं का जियो टैग कराएं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 15 दिनों के अंदर तक 40 प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराने का निर्देश दिया।बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य 3756, सेंक्शन 3986 है। जिसमें 623 योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त है परन्तु अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुई है और 3361 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस पर उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा शत प्रतिशत योजनाओं को पूर्ण कराते हुए योजनाओं को धरातल पर लाएं। सभी पंचायत सचिव अपने पदस्थापित पंचायत में बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाना सुनिश्चित करें। वहीं डिजिटल पंचायत योजना अंतर्गत पंचायत भवन में ही स्थानीय नागरिकों को सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने हेतु चतरा जिला अंतर्गत 152 पंचायतों में से 151 पंचायतों में सीएससी केन्द्र का चयन किया गया है। जिससे स्थानीय नागरिक पंचायत भवन से ही सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकेंगे।कल्याण विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 के प्रि मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं की भी समीक्षा की गई। वहीं जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 176 लाभुकों को लाभ दिया गया है की जानकारी दी गई। चतरा जिला अंतर्गत योजनावार पेंशनधारियों का मासिक भुगतान से संबंधित अधतन प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में उन्होने कहा पेंशनधारियों के दस्तावेज सत्यापन करवा लें, कई बार ऐसा मामाल प्रकाश में आता है कि लोग गलत दस्तावेज का प्रयोग कर पेंशन का लाभ ले रहें है। इस तरह की शिकायत ना मिले इस लिए पेंशनधारियों का दस्तावेज का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर करा लें।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# बरही के खोड़ाहर जतरा मेलाटांड में भगवान बिरसा मुंडा की मनाई गई पुण्यतिथि

**सीमित संसाधन होने के बावजूद अंग्रेजों के हुकूमत को उन्होंने हिला कर रख दिया था : मनोज यादव**

◆ **राष्ट्र धर्म व सरना धर्म के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने किया था उलगुलान : रंजीत चन्द्रवंशी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भगवान बिरसा मुंडा के पुण्य तिथि पर बरही प्रखंड के खोड़ाहर जतरा मेलाटांड में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चन्द्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, महिला नेत्री कविता कुमारी, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, राजेंद्र चन्द्रवंशी मौजूद थे। माल्यार्पण से पूर्व स्थानीय लोगों द्वारा पारंपरिक तरीके से प्रतिमा की पूजा भी किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव समेत अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भविष्य में जतरा मेलाटांड को विकसित बनाने की दिशा में काम करने की बात कही। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को भारतीय समाज एक ऐसे नायक के तौर पर जानता है, जिसने सीमित संसाधनों के बावजूद अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। भाजपा प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि 15 नवंबर 1875 को जन्मे बिरसा ने राष्ट्र के लिये और सरना धर्म के लिए उलगुलान किया। बिरसा मुंडा ने एक अक्टूबर 1894 को सभी मुंडाओं को एकत्र कर अंग्रेजों से लगान माफी के लिए आंदोलन छेड़ दिया था। मौके पर अनीता देवी, आशा टोप्पो, मगदली बड़ा, सीलमणि बेग, सुम्मी तिर्की, तेतो देवी, राजमुनी देवी, पोलो देवी, टुनी देवी, शांति देवी, बिरसी देवी, रूपा मिंज, पोलो देवी, तेतो देवी, रंजीत मिंज, मनीष एक्का, महादेव बड़ा, सुखदेव उरांव, महावीर उरांव, शीतल बड़ा, अशोक बड़ा, अर्जुन उरांव, मनीष टोप्पो समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।

**भाजपा नेता ने वसुधा कल्याण संस्था के साथ मिलकर तालाब में किया सफाई**

# आप सभी के साथ व सहयोग से मिलकर सुंदर व स्वच्छ हजारीबाग बनाएंगे : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहां कि तालाब में प्लास्टिक जमा होने के कारण जल दूषित हो रहे है। उसी कड़ी मे शहर स्थित स्थानीय हुरहुरू लांबा तालाब में वसुधा कल्याण संस्था के साथ मिलकर जल संरक्षण को लेकर साफ सफाई किया। उनहोनें कहा कि आगामी वर्षों में जल संकट की समस्या और अधिक विकराल हो जाएगी अगर अभी से हम सब सचेत नही हुए तो स्थिति बहुत भयावह हो जाएगी ।श्री प्रसाद ने कहां कि सरकार और हम सब लिए चिंता का विषय है। इस दिशा में अगर त्वरित सार्थक पहल की जाए तो नियंत्रण में रखी जा सकती है अन्यथा अगले कुछ वर्षो में हम सब के लिए चुनौती पूर्ण साबित होगा। उन्होने कहाँ कि वसुधा कल्याण संस्था के लोगों का सरहाणीय पहल को अनुकरण करने की आवश्यकता है। वसुधा कल्याण के अंजलि नीरज ने कहाँ कि एक साथ मिलकर स्वच्छ सुंदर हजारीबाग बनाएंगे। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाने के लिए हम सबको मिलकर पहल करना होगा। हमारा संस्था पिछले कई वर्षो से इस पर काम कर रही है। इस अवसर पर वसुधा कल्याण के अंजली नीरज , रुचि नीरज , कुंदन कुमार , राहुल पंडित , अधिवक्ता श्री प्रकाशा झा, धंनजय सिहं, राहूल मंडल, मनोज कुमार, पंडल यादव, विकास कुमार , भूसन,ऋषि प्रसाद ,प्रकाश, मुकुल आदर्श,दिलीप ,शिवानी ,सपना, रश्मि,रेयान ,रवि , सोनी,निशा, मंटू शुभम, रवींद्र, आदित्य, लखन, सिद्धेश्वर, शिवम, सुमन्त सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत है, धरती आबा भगवान बिरसा की शहादत : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भगवान बिरसा मुंडा के 124वीं शहादत दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने आवास में धरती आबा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा की शहादत हम सब के लिए प्रेरणा के समान है। हम झारखंडवासियों को उनपर गर्व है। उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुर्बानी दे दी। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति का हीं परिणाम था कि उस समय के ताकतवर सामंतों और अग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान संभव हो सका,भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हे शत शत नमन। जिला प्रशासन द्वारा भी पुराना बस स्टैंड अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि दी गई तथा उनके बलिदानों को याद किया।

# बड़कागांव को नशा मुक्त बनाने के लिए थाना प्रभारी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**युवाओं को ब्राउन शुगर के नशे से बचाने के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान : मुकेश कुमार सिंह**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना प्रभारी कार्यालय में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बड़कागांव प्रखंड को नशा मुक्त प्रखंड बनाने को लेकर पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में बड़कागांव थाना क्षेत्र में हो रहे ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री एवं अवैध रूप से नशे की सामग्रियों के व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ब्राउन शुगर से युवाओं को बचाने के लिए, ग्रामीणों का सहयोग लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बड़कागांव थाना क्षेत्र में संचालित स्कूल एवं कॉलेजो में बच्चों के बीच नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया जाएगा तथा उन्हें जागरूक किया जाएगा ताकि वे नशे की लत में ना पड़े और अपना सुनहरा भविष्य बनाने में ध्यान दे सके। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति ब्राउन शुगर जैसे नशीली पदार्थ का खरीद बिक्री करता हो तो उसके बारे में गुप्त सूचना मुझे दें ताकि उसे पड़कर जेल भेजा जा सके, और बड़कागांव में नशे पर अंकुश लगाया जा सके। जानकारी देने वाला व्यक्ति का नाम एवं पता गुप्त रखा जाएगा। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पास से ब्राउन शुगर पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है, आजीवन कारावास की सजा भी हो सकती है। ब्राउन शुगर का कारोबार नहीं करें पकड़े जाने पर किसी को छोड़ा नहीं जाएगा । बैठक के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारी को लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने में योगदान के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्य रूप से सिद्धनाथ कुमार, सुदेश कुमार, इंद्रजीत कुमार, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, भगवान सिंह, अमित कुमार, वरुण कुमार, रामराज सिंह, एएसआई हादी खान, रामनिवास सिंह, बसंत प्रसाद, दीपक रोशन लकड़ा, बसंत भगत आदि उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भगवान बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि 19 वीं सदी के अंत में 15 नवंबर 1875 को रांची के उलिहातु में इनका जन्म हुआ था । बिरसा मुंडा ने भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध के इतिहास में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई । वह मुंडा आदिवासी समुदाय से थे और वह एक लोक विद्रोही आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक नेता और भारतीय कार्यकर्ता थे । कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, जावेद इकबाल, कजरू साव, विजय कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, रघु जायसवाल, परवेज अहमद आदि उपस्थित थे ।

# विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग पर बाइक को बचाने में ट्रक असन्तुलित होकर पलटी



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत जमनिजारा के निकट मोड़ पर विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग पर एक ट्रक दुर्घटना होकर पलट गई।हालांकि ट्रक के पलटने पर जान- माल की हानि नही हुई,चालक और उप-चालक दोनो सुरक्षित बताये जाते है। घटना के बाद सुरक्षित चालक ने बताया कि सुबह करीब 03:30 बजे मध्यप्रदेश से भूसा लोड कर बोकारो थर्मल पावर जा रहा था। दुर्घटना स्थल पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक को बचाने के क्रम में ट्रक असन्तुलित होकर पलट गई ।इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थल पर तीखा मोड़ है।जिसकी वजह से विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को देखना काफी मुश्किल होता है,इस वजह से यह क्षेत्र दुर्घटना संभावित बना रहता है,और आये दिन यहाँ दुर्घटना घटती रहती है।

# माली मालाकार कल्याण समिति का किया गया पुनर्गठन



**हजारीबाग :** माली मालाकार कल्याण समिति की जिला इकाई के पुनर्गठन को लेकर बडम बाजार स्थित भाग्यमणि भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष भोला मालाकार एवं संचालन पूर्व सचिव कामाख्या भगत के द्वारा किया गया। बैठक में जिले भर के 16 प्रखंड से माली समाज के लोग शामिल थे। बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में जिलाध्यक्ष पद के लिए पदमा के सतीश मालाकार,कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश मालाकार, उपाध्यक्ष अनिल माली , महासचिव विनोद भगत, सचिव विनोद माली, उपसचिव दीपक मालाकार, मीडिया प्रभारी अमित मालाकार, सुमित कुमार संयोजक वीरेंद्र भगत सहसंयोजक विजय कुमार, संरक्षक भोला भगत, सह संरक्षक प्रदीप मालाकार एवं रवि मालाकार का मनोनयन किया गया।मौके पर अध्यक्ष सतीश मालाकार ने कहा कि समाज ने मुझे जिस उद्देश्य से अध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा है मैं उसपर खरा उतरने का प्रयास करते हुए जिले के सभी प्रखंडों के मालाकार भाईयो की समस्याओं के निवारण का भरपूर प्रयास करूंगा।मौके पर दुर्गा भगत, प्रयाग माली, महेंद्र कुमार माली, बंसी भगत, सुधीर माली, बसंत माली, विजय माली, वीरेंद्र भगत, भोला माली, शंभू माली, बबन मालाकार, विकी मालाकार, ऋषि मालाकार, रामू मालाकार, दिलीप मालाकार, पिंटू माली, अजय माली, राजा मालाकार, कुलदीप भगत सहित माली मालाकार समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# आदिवासी जन जागरण के एकलव्य थे भगवान बिरसा मुण्डा : विकास राणा



**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की जिला कमिटी द्वारा रविवार को भगवान बिरसा मुण्डा के शहादत दिवस पर पुराना बस स्टैण्ड स्थित अमर शहीद भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर जिलाध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर,अमर शहीद भगवान बिरसा मुण्डा अमर रहे के नारा भी लगाया।जिलाध्यक्ष श्री राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानन्द थे।ब्रिटिश हुकूमत ने इसे खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुण्डा को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया, जेल में अंग्रेज़ों ने उन्हें धीमा जहर दिया था जिस कारण 09 जून 1900 को वे शहीद हो गए।

# कलश यात्रा के साथ 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव महायज्ञ की शुरुआत

**जय माता दी, हर हर महादेव, जय श्री राम के नारों से गूंज उठा वातावरण**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में श्री श्री 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा नेता सुनील साहू, रंजीत चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, विहिप के गुरुदेव गुरुदेव, मुखिया गोविंद साहू, उप मुखिया वीरेंद्र साहू, हरि यादव, दिनेश साहू, मिथलेश श्रीवास्तव, चंदन केशरी आदि मुख्य रूप से शामिल हुवे। मौके पर अतिथियों के हाथों मुख्य पुजारी विशेश्वर साहू सह धर्मपत्नी, पुजारी सरयू साहू सह धर्मपत्नी, रामावतार साहू सह धर्मपत्नी, रामखेलावन साहू सह धर्मपत्नी, बुधन साहू सह धर्मपत्नी, अशोक साहू सह धर्मपत्नी, सत्येंद्र कुमार सह धर्मपत्नी समेत महिला श्रद्धालुओ के बीच कलश वितरण किया गया। वहीं गाजे बाजे के साथ महावीर स्थान छोटकी बरही से कलश यात्रा की शुरुआत की गई, जो उत्तरवाहिनी नदी बड़ाकर नदी पहुंची। जहां आचार्य पंडित ऋषिराज वेद व्यास मिश्रा ने वैदिक मंत्रोंचार के बीच कलश में जल भरवाया, जिसके बाद रसोईया धमना होते हुवे वापस यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। इस दौरान जय माता दी, हर हर महादेव, जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण गुंजमान हो उठा। कलश यात्रा में वरिष्ट समाजसेवी रामनारायण साहू, बासुदेव साहू, ग्राम अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, पूजा समिति की अध्यक्ष विकास साहू, रामप्रसाद साहू, भिखारी साहू, अर्जुन साहू, कैलाश साहू, सुखदेव साहू, शिक्षक बीरेंद्र साहू, बिरजू साहू, मिथलेश साहू, इंद्रदेव साहू, पुरनदेव साहू, सुखदेव साहू, रोहित साहू, डेगलाल साहू, उपेंद्र साहू, चौरंगी कुमार, विजय साहू, बीरबल साहू, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार, शशि कुमार, नौरंगी कुमार, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, सोनू कुमार, मंटू कुमार समेत भरी संख्या श्रद्धालू उपस्थित थे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना आरके क्लब खरिका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय मैदान में बीते 30 मई से शुरू हुए डे-नाइट क्रिक्रेट टूर्नामेंट का समापन शनिवार रात हो गया। आरके क्लब खरिका ने अमृत नगर इलेवन को 16 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले की शुरुआत से पहले आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और खेल भावना से खेलने को लेकर प्रेरित किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के अमृतनगर इलेवन का फैसला सही साबित नहीं हुआ और पहले बल्लेबाजी करते हुए आरके क्लब खरिका ने शानदार 83 रन बना डाले, जिसमें कप्तान के 28 रनों की आतिशी पारी भी शामिल है। 84 रनों का लक्ष्य पीछा करने उतरी अमृत नगर इलेवन की टीम ने 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर महज़ 67 रन ही बना सकी और 16 रनों से मैच गंवा दिया। हालांकि अमृत नगर इलेवन की ओर से राजेश कुमार ने जरूर 35 रनों की बेहतरीन पारी खेली लेकिन अपने टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे। आरके क्लब खरिका की ओर से शानदार गेंदबाजी का मुज़ाहरा करते हुए बैजनाथ ने तीन और संदीप ने दो विकेट अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में आरके क्लब खरिका के बैजनाथ कुमार को उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। विजेता टीम आरके क्लब खरिका को 21हजार रूपए का चेक व ट्रॉफी जबकि उपविजेता टीम अमृत नगर इलेवन को 11 हजार रुपए का चेक व ट्रॉफी प्रदान कर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व कुलपति डॉ पीके नायक के हाथों सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल के क्षेत्र में भी खिलाड़ियों को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से विभागीय स्तर पर विश्वविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं तो आयोजित कराई जाती है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ियों में भी प्रतिभा निखर कर सामने आए और उचित प्रशिक्षण के माध्यम से एक सफल मुकाम तक इन्हें पहुंचाया जाए, इसी उद्देश्य से टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आने वाले समय में फुटबॉल टूर्नामेंट का भी विश्वविद्यालय की ओर से कराया जाएगा। इस पूरे टूर्नामेंट को सफल बनाने में विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन उदय रंजन, आदित्य कुमार, अमित कुमार, मुकेश कुमार, संजय कुमार दांगी, राहुल राजवार, शिवजी, अजित पासवान, विकास, करण, पिंटू, जयप्रकाश सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार सरकार बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने एवं सरकार बनाने पर पुर्वी उरीमारी मंडल कमिटी के सदस्यों ने खुशी इजहार किया एवं मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के गोंदलपुरा पंचायत के फुटबॉल मैदान में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के संग बैठक किया गया। बैठक कर हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को प्रचंड जीत पर बधाई दी गई एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। साथ ही साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नव युवकों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाई गई। वहीं गोंदलपुरा, बादम, हरली, नापो, नयाटांड, चोपदार बलिया पंचायत में कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उपाध्यक्ष किशोर राणा, पुर्व मुखिया श्रीकांत निराला, महेंद्र महतो, रवि कुमार दांगी, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, लालदेव महतो, सीताराम राणा, हेमराज यादव, आनंद कु. यादव, नरेश कु. मेहता, सूरज कु. राणा, नंदू कु. राणा, सेवक महतो, मनोज यादव, सुबोध यादव, कुलदीप यादव, रंजन करमाली, कामेश्वर यादव, उपेंद्र कु. यादव, देव कुमार राणा, चंदन कु. यादव, धर्मनाथ महतो, सौरभ कुमार, अभिनंदन कु. महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आदिवासी समुदाय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित था भगवान बिरसा मुंडा का जीवन : मुन्ना सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर पुराना बस स्टैंड स्थित बिरसा मुंडा चौक पहुंच कर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माला पहनाकर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन श्री सिंह ने कहा कि, धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन और उनके द्वारा दिए गए बलिदान हमें जल-जंगल-जमीन और झारखंडी अधिकारों के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। बिरसा मुंडा ने अपने जीवन को आदिवासी समुदाय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी वीरता और संघर्ष की कहानियां हमें सिखाती हैं कि किस प्रकार अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प और संघर्ष आवश्यक है।उन्होंने न केवल आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि एक प्रेरणादायी नेता के रूप में उभरे। हमें उनके आदर्शों का पालन करते हुए उनके सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।कार्यक्रम में बबलू सिंह, दिनेश यादव सुजीत सिंह विक्की कुमार धान, विशाल कुमार समेत दर्जनों अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस कस्टडी से भाग रहे अभियुक्तों को पुलिस ने किया गया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** 8 जून को मिलिट्री इंटेलिजेन्स लखनऊ से सूचना मिली कि सिख रेजिमेन्ट सेंटर रामगढ़ कैन्ट के अंदर आर्मी इंटेलिजेन्स के पदाधिकारी/जवानों द्वारा मादक द्रव्य पदार्थ (अफीम) के साथ एक युवक को पकड़ा गया। तत्पश्चात् आर्मी के अधिकारी द्वारा पकड़े गए युवक एवं उसके पास से बरामद किये गये नशीला पदार्थ (अफीम) को जब्त कर रामगढ़ थाना को सौंपा दिया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-156/24, दिनांक 08.06.2024, धारा-17 (ए) एनडीपीएस एक्ट अभियुक्त शंकर कुमार राय उम्र करीब 30 वर्ष पिता-बबन राय, सा0 थाना-बनियापुर, जिला-छपरा-सारण (बिहार), वर्तमान पता-बिजुलिया तालाब रोड, थाना जिला-रामगढ़ अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। यह जानकारी रविवार को रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने दी। उन्होंने बताया कि पकड़े अभियुक्त शंकर कुमार राय से थाना सिरिस्ता में दिनांक 08.06.2024 को पूछताछ किया जा रहा था। इसी क्रम में उसका परिचित संतोष कुमार उम्र 32 वर्ष, पिता स्व0 नवल किशोर यादव सा0-बलवा थाना-फतुहा जिला-पटना (बिहार) वर्तमान पुराना दामोदर पुल के पास, थाना चौक थाना जिला-रामगढ़, अभियुक्त से मिलने थाना आया। पकड़े गए अभियुक्त शंकर कुमार राय द्वारा बाथरूम जाने का बहाना बनाकर अपने परिचित संतोष कुमार के साथ पुलिस को चकमा देकर मोटर साईकिल पर सवार होकर रामगढ़ थाना से भाग निकले। थाना प्रभारी ने बताया कि रामगढ़ थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल द्वारा अभियुक्त का पीछा करते हुए भदानीगर ओपी क्षेत्र के ग्राम लादी के पास भुरकुंडा ओपी एवं भदानीनगर ओपी प्रभारी के सहयोग से मोटर साईकिल से भाग रहे शंकर कुमार राय एवं संतोष कुमार को पकड़ा गया। बताया कि भागने में प्रयुक्त मोटर साईकिल नं0 जेएच01ईएस-4328 को जब्त किया गया तथा पकड़े गए अभियुक्त शंकर कुमार राय एवं संतोष कुमार को पुनः रामगढ़ थाना लाया गया। पुलिस कस्टडी से भागने के आरोप में शंकर कुमार राय एवं इनको भगाने में सहयोग करने वाले साथी संतोष कुमार के विरूद्ध रामगढ़ थाना कांड सं0-157/2024, दिनांक 09.06.2024, धारा-224/225 भादवि अंतर्गत अंकित किया गया है।

**गिरफ्तारी अपराधकर्मी**

1. शंकर कुमार राय, उम्र करीब 30 वर्ष पिता-बबन राय, सा0 थाना-बनियापुर जिला-छपरा-सारण(बिहार) वर्तमान पता-बिजुलिया तालाब रोड थानाजिला-रामगढ़।2. संतोष कुमार उम्र 32 वर्ष पिता-स्व0 नवल किशोर यादव सा0-बलवा थाना फतुहाँ जिला-पटना (बिहार) वर्तमान पुराना दामोदर पुल के पास, थाना चौक थाना जिला-रामगढ़।

# पतरातु प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़कों की हालत बदहाल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुण्डा :** झारखंड राज्य के रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखंड के भदानीनगर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र के दर्जनों गांव को जोड़ने वाली सड़क की हालात काफी खराब है। चीटो, अमझरिया, सालगो, ओर यातु, सुथरपुर, साकी बिचा, दर्जनों गावों को जोड़ने वाली सड़क विकास से कोसों दूर है, ग्रामीण क्षेत्र का विकास का पैमाना सड़क होता है ,पर सड़क नहीं होने से कारण विकास की गति पूरी तरीका से ग्रामीण क्षेत्रों में रूका जाता है, पतरातु प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र सुथरपुर से भुरकुंडा बाजार जाने के लिए 10 से 12 किलोमिटर की दूरी ग्रमीणों को तैय करनी पड़ती है। पूरी तरहा से पहाड़ सा लगता है,

**वही बिचा पंचायत का**

पूर्व वार्ड सदस्य बैजनाथ बेदिया ने बताया कि इस पंचायत में पूरा रोड ऊपर खबड है यह समस्या 20 से 25 साल से है ना कोई विधायक ना कोई सांसद सुनने के लिए तैयार नहीं हो रहा है बार-बार न्यूज़ में आने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।सालगो से फुलेश्वर महतो ने बताया कि न पूर्व दिशा के जाने वाले न दक्षिण की दिशा में और र न उत्तर के किसी की ओर जाने के लायक रोड नहीं है अगर एंबुलेंस आया तो मरीज वही खत्म हो जाएगा हम लोगों का कोई भी रोड सही नहीं है।अन्य ग्रमीणों का कहाना है की विधायक सिर्फ छठी , शादी, मरणी, गांव में लगने वाले मेला मे बोलने पे आती है। लेकिन ग्रामीण समस्याओं से विधायक को किसी प्रकार का कोई नाता नहीं है, ग्रमीणों द्वारा पूछे जाने पे विधायक सिर्फ अस्वासन ही देती है । वही ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों ने यह भी कहा कि पूर्व सांसद जयन्त सिन्हा क्षेत्र मे चुनाव के समय में वोट मांगने के लिए आए थे, जीतने के बाद वह आज तक क्षेत्र में नहीं आए, हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नए सांसद मनीष जयसवाल से लोगो को अब भरोसा है, ग्रामीण का यह भी कहना है कि गांव में अगर किसी महिला पुरुष की तबियत बहुत ज्यादा खराब हो जाए तो सरकारी एंबुलेंस को फोन करने पर भी एंबुलेंस नहीं आना चाहती है, जिसका मुख्य कारण सड़क का नही होना, सड़क में बड़े बड़े पत्थर निकल जानें से लोगो को सड़क पर चलने मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर सजेगा विशेष दीवान




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर विशेष दीवान सजाया जाएगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में शहीदी दिवस को लेकर 8 जून को अखंड पाठ रखी गई थी जिसका समापन 10 जून को सुबह 7ः30 बजे रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में होगा। पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में 10ः30 बजे से लेकर 2ः00 बजे तक गुरबाणी कीर्तन और कथा विचार किया जाएगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने बताया कि इस मौके पर भाई नरेंद्र सिंह जी बनारस वाले अपने शब्दों से संगत को निहाल करेंगे। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह कथा विचार कर सिख इतिहास के बारे में जानकारी देंगे। पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई सरबजीत सिंह अपने शब्दों से संगत को निहाल करेंगे। बता दे की गुरुद्वारा कमेटी की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।इसके बाद संगत के बीच में लंगर अटूट बरतेगा।

## फिटजी रांची का जेईई एडवांस 2024 में ऐतिहासिक रिजल्ट



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईआईटी-जेईई और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा प्रशिक्षण के लिए भारत के अग्रणी संस्थान, फिटजी रांची केंद्र के छात्रों ने एक बार फिर से आईआईटी जेईई के आज घोषित परिणामों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। फिटजी रांची का जेईई एडवांस 2024 में ऐतिहासीक रिजल्ट के साथ अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन रहा है। तमन्ना कुमारी फिटजी रांची के 7.वर्ष का छात्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुए झारखंड स्टेट टॉपर हुई। तमन्ना कुमारी का AIR-305 है। आईआईटी भुवनेश्वर जोन के अन्दर तमन्ना कुमारी का नाम गर्ल्स के लिस्ट में प्रथम स्थान पर है। फिटजी राँची से कुल आईआईटी-जेईई एडभांस 2024 में सफल छात्रों की संख्या 135 है। फिटजी राँची के सफल छात्रों की संख्या किसी भी संस्थान से अधिक है। यह क्रम पिछले 21 वर्षो से लगातार जारी है। पूरे भारतवर्ष में फिटजी का रिजल्ट जेईई एडवांस में शानदार रहा है। इस वर्ष फिटजी के चार छात्र AIR 10 में अपना स्थान ले कर आए है। इनका AIR 1 2 6 और 8 है।

## पंचायत भवन में किया गया वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा पंचायत भवन में रविवार को अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता के पी मुखर्जी एवं संचालन राजेंद्र राणा ने किया। बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय गान से की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया की हम सभी वरिष्ठ नागरिक साथ-साथ है, और हमेशा एक दूसरे के सुख-दुख में आगे बढ़कर कार्य करेंगे। किसी भी वरिष्ठ नागरिक को किसी भी समय में किसी प्रकार के समस्या होने पर अशोक कुमार चौहान के फोन पर सम्पर्क कर सकते है । इस बैठक मे नय वरिष्ठ नागरिकों को आई.कार्ड निर्गत किया गया। वहीं आज वरिष्ठ नागरिक कृष्णा कुमार सिंह एवं देबू चटर्जी का जन्मदिन भी मनाया गया। एवं उनके जन्मदिन पर उनको भेंट दी गई। वहीं आगली बैठक 21 जून को रखी गई है।इस बैठक में रणविजय सिंह, परमजीत सिंह धामी, लखेंद्र राय, सुबोध कुमार सिन्हा, प्रवीन शर्मा, राजकिशोर सिंह, बबन मिश्रा, साधु पासवान, प्रोफेसर रामानुज सिंह, प्रोफेसर एन.के. सिंह, राजन प्रशाद, जीबू सैनि, सुखचैन सिंह, सुभाष चंद्र सिंह, अरुण प्रजापति, राधेश्याम देवदास, गौरी शंकर, अशोक शर्मा,नागदेव इत्यादि।

## भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनके सपने को साकार करना ही आजसू पार्टी की प्राथमिकता : आजसू पार्टी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ में रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई द्य मौके पर सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभा सुमन अर्पित की गई और भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे, झारखंड के वीर शहीद अमर रहे के नारों के साथ संकल्प लिया गया कि भगवान फिर से मुंडे के बताए गए रास्ते पर हम सभी को चलना है तभी जाकर समृद्ध झारखंड का नवनिर्माण हो सकता है द्य मौके पर जिला परिषद् धनेश्वर महतो ने कहा की जनजातीय अस्मिता और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि करते हैं द्य ओर जिला सचिव लालचन्द महतो ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के लिए जनजातीय समुदायों को संगठित कर विदेशी हुकूमत के खिलाफ क्रांति का नेतृत्व करने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी ने सिर्फ जनजातीय समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश में राष्ट्रीयता की चेतना पैदा की । मातृभूमि के प्रति उनकी निष्ठा युगों-युगों तक प्रेरणा देती रहेगी । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, रामगढ़ सदर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल , नगर सचिव नीरज मंडल, अनुसूचित जाति महासभा जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान , जिला उपाध्यक्ष बिभन सिंह, प्रधान सचिव अनुज तिवारी, सुरेन्द्र दांगी, छोटू पटेल ,सुजीत सिंह, गुड्डू सिंह, प्रभात अग्रवाल , मोहर लाल महतो ,पंकज दांगी , बिक्की ठाकुर, पंकज वर्नवाल, अजय पांडे, सतीश कुशवाहा, राम ब्रिक्छ महतो ,शंकर पासवान, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, सुमन मिश्रा,अमित कुमार ,कुंती देवी ,कंचन देवी, नीलम देवी, मंजू देवी, सुनीता कुमारी,रूबी देवी ,रेखा देवी , गौतम गिरी सहित कई केंद्र के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी, नगर , प्रखण्ड के पदाधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी , सहित सम्मानित पदाधिकारी गण और सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण लेने पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ता द्वारा रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार चौक में एवं रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केदो में ग्रामीणों के बीच मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की एवं पटाखे फोड़े गए । साथ ही साथ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी झारखंड से रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ और कोडरमा लोकसभा के सांसद अन्नपूर्णा देवी को मोदी जी के मंत्रिमंडल कैबिनेट में मंत्री बनाए जाने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं यह दोनों मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे ले जाने में सहयोग मिलेगा साथ ही साथ झारखंड का भी चौमुखी विकास होगा खुशी जाहिर करने वालों में भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव रोहन लाल विनोद प्रसाद दिलेश्वर कुशवाहा अर्जुन कुशवाहा संजय यादव बबलू कुशवाहा दिनेश कुशवाहा संतोष कुशवाहा संतोष शर्मा अरुण राजवंश दामोदर यादव रवि कुशवाहा देवनाथ कुशवाहा अजय कुशवाहा प्रमोद यादव अनिल यादव विजय गिरी देवेंद्र गिरी सुरेंद्र कुशवाहा अमित कुशवाहा पिंटू कुशवाहा द्वारका महतो मंगल मुंडा वतन कुशवाहा संजय शाह मुरारी कुशवाहा नरेंद्र महतो रुपेश कुशवाह लाल कुशवाहा महावीर कुशवाहा ज्ञानी आदि थे ।

## भुरकुंडा पंचायत प्रतिनिधियों ने सीसीएल प्रबंधन का किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** सीसीएल प्रबंधन द्वारा अनदेखी किए जाने से नाराज भुरकुंडा पंचायत के प्रतिनिधियों ने रविवार को बैठक कर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के कार्यशैली की निंदा की। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अजय पासवान ने किया। बैठक में उप मुखिया सहित वार्ड सदस्य शामिल रहे। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी पर रोष जताते हुए आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि मामले को लेकर 10 जून को सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक और भुरकुंडा पीओ को ज्ञापन दिया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया ने कहा कि लोकल सेल खुलना खुशी की बात है। इससे कई जरूरत मंदों को रोजगार मिल सकेगा। लेकिन हिस्सेदारी को लेकर आधा दर्जन से ज्यादा गुट ताल ठोंक रहे हैं। आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं। प्रबंधन उनके साथ गुपचुप बैठक कर रही है और भुरकुंडा पंचायत के एक भी प्रतिनिधि को बैठक में न तो आमंत्रित किया जा रहा और ही कोई जानकारी दी जा रही है। ऐसे में विधि-व्यवस्था बिगड़ने पर प्रबंधन की जवाबदेही होगी। लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की सूरत पर जिला और राज्य के नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों से हस्तक्षेप की अपील की भी जाएगी। बैठक में उप मुखिया संजीत राम, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, रोशन पासवान, आशा देवी, अमित पासवान, कोशल्या देवी, ललिता देवी, उमेश कुमार नायक, सुनीता देवी, किरण देवी, प्रीति देवी मौजूद थे।

# शिव मंदिर कुरूम के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना का कार्य संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित शिव मंदिर कुरूम में 9 जून को शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चमचमाते कलश की स्थापना का कार्य संपन्न हो गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में सर्वप्रथम पंच देवता एवं कलश पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध यज्ञाचार्य रामशरण गिरी की देखरेख में यजमान पवन कुमार सिंह, सीताराम सिंह, अमित कुमार सिंह, कृष, राजा, भास्कर एवं गुलन ने पंच देवता एवं कलश पूजन का अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न किया।शिखर कलश को एक सुसज्जित वाहन पर विराजमान करवाकर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा वहीं, पूजन के उपरांत एक सुसज्जित वाहन पर शिखर कलश को विराजमन करवाकर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा गांव के विभिन्न मुहल्लों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। जो हर हर महादेव के उदघोष से वातावरण को भक्तिमय बनाते चल रहे थे।

**आकर्षक बैंड के साथ निकली शोभा यात्रा**

शिखर कलश शोभा यात्रा आकर्षक बैंड के साथ निकली। इस दौरान बैंड पार्टी ने मधुर भक्तिमय धूनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिखर कलश की स्थापना का कार्य हुआ संपन्न प्रसिद्ध यज्ञाचार्य रामशरण गिरी की देखदेख में 9 जून 3:00 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के शिखर कलश की स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के उदघोष से वातावरण को भक्तिमस बना दिया। इस मौके पर यज्ञाचार्य रामशरण गिरी ने कहा कि जिस क्षेत्र में भगवान शंकर का मंदिर होता है वहां खुशहाली आती है। साथ ही वहां का वातावरण हमेशा भक्तिमय बना रहता है। इस कार्यक्रम में मननारायण सिंह, मनोहर सिंह, कामेश्वर सिंह, ज्ञानी सिंह, रण विजय सिंह, सुरेश सिंह, जय कुमार सिंह, सदानंदन सिंह, मनोज सिंह, दीपनारायण सिंह, अवधेश कुमार सिंह, कारीनाथ मुंडा, सुरेश चंद्र महली, रमेश सिंह, अशोक सिंह, दीपनारायण सिंह,बबलू सिंह, श्रीकांत सिंह, रामाकांत सिंह, बिनय सिंह, लव कुमार, कुश कुमार, रूपेश कुमार,दिलीप कुमार, रितेश कुमार, राजकुमार सिंह, झुलन कुमार, रोहित कुमार, रौशन कुमार , कौशल सिंह, राकेश कुमार, रविन सिंह, मंटू सिंह, उत्तम सिंह, पिंटू सिंह, ओम सिंह, ऋृषु सिंह, अंकित सिंह, धर्मा रविदास, संतोष मुंडा, संतोष कुमार, उदय मुंडा, रामी मुंडा, अशोक मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या मे महिला और पुरूष शामिल हुए।

## बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर जल-जंगल-जमीन पर कारपोरेट लूट के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा : आदिवासी संघर्ष मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ के बरकाकाना क्षेत्र के अंबवा टांड के बिरसा नगर में बने बिरसा मुंडा के स्मारक पर आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नागेश्वर मुंडा ,बृजनारायण मुंडा, तृतियाल बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुषों की भागीदारी में बिरसा मुंडा की शहादत दिवस संपन्न की गई। बिरसा मुंडा के स्मारक पर महिलाओं ने पानी पांव पखारने,अग्नी में धूप-धूमन कर पुष्पांजलि अर्पित की और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक-देवकी नंदन बेदिया, नागेश्वर मुंडा, सुरेंद्र कुमार बेदिया,नीता बेदिया ने बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्पाजंली अर्पित करने के बाद एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। बिरसा मुंडा की याद में नारेबाजी की गई। बिरसा मुंडा अमर रहे, बिरसा मुंडा के सपनों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखो,वन संरक्षण संशोधन बिल 2023 को रद्द करो, आदिवासियों को निःशुल्क शिक्षा ,स्वास्थ और रोजगार की गारंटी करोद्य इस शहादत संकल्प सभा को संबोधित आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक-देवकी नंदन बेदिया ने किया। उन्होंने कहा कि आज बिरसा मुंडा के संघर्ष के रास्ते पर चलकर ही आदिवासियों की अपने हक अधिकार को सुरक्षित एवं बहाल कर सकते हैं। किसी की भी सता,कोई भी सरकार के द्वारा आदिवासियों के ऊपर चलाए गए हमले व दमन के खिलाफ संघर्ष को जारी रखना होगा। अब तक लाए गए आदिवासी विरोधी नीतियों को तत्काल रद्द व वापस लेने की मांग की गई। शहादत सभा स्थल में हिरोलाल मुंडा,जगु मुंडा,सीता देवी,धनमती देवी,कौलेश्वरी देवी, सुनीता देवी, प्रतिमा कुमारी,मोतीलाल बेदिया, बिगलाल मुंडा,अमर मुंडा,अमन मुंडा,मनोज मुंडा,मतलु करमाली, रोहित मुंडा, लालदेव मुंडा,इन्द्रदेव मुंडा, जितेन्द्र मुंडा अन्य लोग शामिल थे।

# प्रबंधन पूरी तरह निष्क्रिय और कर्मी असुरक्षित : पुरुषोत्तम पाण्डेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** कोल फील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रिए सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय ने अरगड्डा महाप्रबंधक को एक पत्र लिखकर के रोष व्यक्त एवं विरोध दर्ज किया है कि सुबह दो-तीन बजे गिद्दी ए फिल्टर प्लांट में कार्यरत सुरेंद्र यादव एवं अश्विनी कुमार को फिल्टर प्लांट के टूटे हुए बाउंड्री से घुसकर के 10- 15 अपराधी चोरी की नीयत से घुस आए और उन लोगों को बुरी तरह मारपीट कर एक कमरे में बंद कर दिया और आवाज करने पर जान से मारने की धमकी दिया उसके बाद वे सभी अपराधी मोटर खोलने लगे मोटर खोल करके अलग-अलग कर चुके थे लेकिन तब तक उन लोगों को आभास हुआ कि सुबह हो रही है और सूचना इधर-उधर कॉलोनी में फैल चुकी है जिस कारण वह वहां से भाग निकले। श्री पांडेय ने कहा कि इसके पहले भी फिल्टर प्लांट में इस तरह की चोरी और मारपीट की कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन प्रबंधन ने इससे कोई सबक नहीं लिया, कोलफील्ड मजदुर यूनियन ने फिल्टर प्लांट के टूटे हुए बाउंड्री को बनाने के लिए कई बार प्रबंधन का ध्यान आकर्षण कराया लेकिन प्रबंधन की इसकी कोई चिंता नहीं कि हमारे कर्मी असुरक्षित है अपराधियों के द्वारा सी सी एल कर्मी से मार पीट कर रहा है उनकी जान खतरे में है और रात पाली में ड्यूटी करना मानो जान जोखिम में डालने के बराबर है।इस घटना के चलते फिल्टर प्लांट के सारे कर्मी डरे एवं सहमे हुए हैं । ज्ञात हो की सुरक्षा विभाग का एक व्यक्ति वहां पर स्टैटिक रहता था लेकिन विगत कई दिनों से वह भी नहीं है पेट्रोलिंग गाड़ी रात में दो-तीन बार घूमती थी वह पेट्रोलिंग गाड़ी भी खाना पूर्ति कर रही है! मानो किसी को भी मजदूरों के जान माल की कोई चिंता नहीं है पाण्डेय ने आगे पत्र में लिखा है की यदि 15 दिनों के अंदर फिल्टर प्लांट में समुचित रोशनी, भरी पड़ी झाड़ी का कटाव और टूटे हुए बाउंड्री वॉल को ठीक नहीं किया गया तो हमारी यूनियन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगा।

## साथी फाउंडेशन के द्वारा पनशाला का हुआ उद्घाटन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर स्थित एसबीआई बैंक के समीप समाजिक संस्था साथी फाऊंडेशन के द्वारा पनशाला का उद्घाटन किया गया। जहां मिट्टी के घड़ा मे शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। वहीं आते जाते प्यासे राहगीरों को पानी पिलाया गया। साथ ही ओआरएस, चना, गुड़ आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साथी फाऊंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम ने बताया की भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होने इस कार्य को अंजाम दिया है ताकि राहगीरों की प्यास बूझ सके। मौके पर झारखण्ड कांग्रेस के प्रवक्ता शमशेर आलम, धनबाद जिला कांग्रेस के महामंत्री ए.आर. साहेब, वार्ड संख्या 19 के पार्षद प्रत्याशी शमीम अख्तर, रेड क्रॉस संस्था की सदस्य बेनजीर परवीन, धनबाद जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नगर अध्यक्ष इंजिनियर गुलाम अनवर, मोहम्मद शाहनवाज, अली अशरफ, लड्डुन खान, कैश खान, इकबाल, एहसान आलम कॉलेज के प्रोफेसर अनवर समेत साथी फाऊंडेशन के सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

## कंचनपुर में ट्रस्ट के कार्यालय परिसर में लगाया गया दर्जनों पौधा



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय परिसर कंचनपुर(महुदा) में दर्जनों वृक्षारोपण किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कार्यालय परिसर में आम, अमरूद आदि का पौधा लगाया गया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्रस्ट द्वारा एक हजार फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाया जाएगा। बाघमारा प्रखण्ड में सघन पर्यावरण संरक्षण पर सघन जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति से दो पोधा लगाने की अपील किया। मोके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, नितेश कुमार वर्मा, दीपा रवानी, चंदा कुमारी, सुमित्रा देवी, मुमताज अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी,मोहन रजक, असरफ अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत गिरिडीह में लाखों पेड़ लगेंगे : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में 14 जून से शुरू होगा पेड़ लगाओ अभियान वही गिरिडीह के शहरी क्षेत्रो,मुफ्फसिल क्षेत्रो और ग्रामीण क्षेत्रों के घरों को चिन्हित कर के जिन घरों में एक भी पेड़ नही है, उन घरों में पर्यावरण अभियान के सदस्य पेड़ मुहैया कराएंगे, आज उसी के तहत 150 नीम, कदम्ब, आम और अमरुद के पौधे को समाजसेवी संजय यादव ने पौधे खरीद कर पर्यावरण बचाओ अभियान के सदस्यो को गिफ्ट किया, अभियान को आगे ले जाने के लिए सभी दाताओं से पौधा जमा कर 14 जून को हजारों की संख्या में पौधे बाटे जायेंगे, इसकी तैयारी जोरों पर है। उसरी बचाव अभियान के कोर कमिटी, सलाहकार कमिटी और सदस्यो की कमिटी ने अपनी सहमति दी है, आज समिति के निशांत भास्कर, पूर्व वार्ड पार्षद मो पप्पू, मंजर आलम, संजय यादव के अलावा दर्जनों सदस्य मौजूद थे। इधर समिति ने कहा है कि छायादार और फलदार पेड़ लगेंगे, जिन्हें पेड़ समिति को दान देना है तो अभी से माइंड सेट करें आशा है लाखो पेड़ आम लोगो से दान लेकर आम लोगो तक पहुंचना है। वही महिला विंग को कुशुम संगीता सिन्हा, प्रीति भास्कर, सीमा साव, तनुजा सहाय, सीमा सिन्हा के अलावा दर्जनों महिला की टीम सैकड़ों महिला को पेड़ लगाव अभियान में जोड़ेंगे, वही कोर कमिटी के रंजय बरदियार, प्रभाकर कुमार, रामजी यादव, कृष्णमुरारी शर्मा, अशोक राम, अरविंद बर्नवाल, आलोक मिश्रा, आलोक रंजन,सूरज नयन, मुकेश चंद्रवंशी, गुड्डू सिंह, धर्मेंद्र यादव, पवन यादव, गौरी शंकर यादव, मुर्शीद मिर्जा आदि कई सामाजिक कार्यकर्ता इस अभियान में उपस्थित रहेंगे।

## राजस्थानी समाज ने राहगीरों के बीच किया शरबत वितरण

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास राजस्थानी समाज भवन ट्रस्ट एवं मारवाड़ी महिला समिति कतरास के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रचंड गर्मी को देखते हुए आम राजगीरों के बीच शरबत, तरबुजा, छाछ का वितरण किया गया। मौके पर राजस्थानी समाज के डॉ बी एन चौधरी, अधिवक्ता डीएन चौधरी, पूर्व पार्षद हरि अग्रवाल, श्रवण खेतान, संतोष जलान, गोपाल चौधरी, अशोक चौधरी मारवाड़ी महिला समिति के रितु अग्रवाल, संगीता जलान, कविता अग्रवाल, दीपा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# बंगाल से जेवरात लूट कर भाग रहे अपराधी को सरिया पुलिस ने दबोचा





रंजन कुमार@प्रभात मंत्र

**सरिया :** सरिया पुलिस को रविवार को एक बड़ी सफलता मिली है,बंगाल से जेवर दुकान से लुट को अंजाम देकर लाखों रुपये का सोना चांदी जेवरात लेकर अपराधी बगोदर जीटी रोड होते हुए सरिया थाना के कोयरीडीह जंगल होते हुए हुंडई क्रेटा जिसकी संख्या 24 बी एच 9296 वाहन से भाग रहा था लेकिन सरिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली और सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, भरत सीक्रेवाल सहित दलबल के साथ अपराधियों का पीछा करते हुए मायापुर जंगल के समीप एक अपराधी को धर दबोचा इसमें स्थानीय ग्रामीणों का भी काफी सहयोग रहा इस बाबत सरिया पुलिस ने बताया कि वरीय अधिकारियों के द्वारा सूचना मिली थी कि बंगाल से जेवरात लुट कर अपराधी भाग रहे है इसको लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुये कार्रवाई की गई जिसमें एक अपराधी वाहन के साथ दबोचा गया जिसके वाहन से कुछ जेवरात व खोखा व चाकू बरामद किया गया है हलाकि उसके कुछ अपराधी साथी जीटी रोड मे उतरने की बात कही जा रही है पुलिस अनुसंधान मे जुटी है अनुसंधान के बाद ही कुछ और जानकारी मिल सकती है।

मौके पर पहुंची बंगाल पुलिस लूट की घटना को बंगाल पुलिस अलर्ट मोड़ मे थी लगातार लुटेरों की पीछा कर रही थी लेकिन इनके हाथ ये शातिर अपराधी नहीं लगे, जब सरिया के द्वारा लुटेरे के पकडे जाने की सुचना मिली तब बंगाल की पुलिस मौके पर पहुंची व मामले को लेकर जाँचपड़ताल करने मे जुट गई, वहीँ ग्रामीण भी सरिया पुलिस की तारीफ करते दिखे।

## पानी बिजली आपूर्ति मंच ने अनुपमा सिंह के समक्ष अपनी समस्याएं रखी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कॉग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय जेलगोड़ा में पानी बिजली आपूर्ति मंच ने सिंह से मिल कर झरिया क्षेत्र में पानी बिजली की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है। मंच के पदाधिकारियों को सिंह ने अस्वासन दिया है की सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही समस्या का निदान किया जायेगा। मंच के संरक्षक किशोर कुमार एवम सह संरक्षक शुभाशीष राय ने मामला को उठाते हुए कहा की झरिया में झमडा द्वारा महीने 15 दिन भी मुश्किल से पानी की सप्लाई की जाती है। परन्तु बिल उपभोक्ताओं से पूरे महीने का लिया जाता है सरकार को जल्द ही निर्णय लेकर शब्सिडी देना चाहिए, ताकि झरिया वासियों को राहत मिल सके। श्री राय ने कहा डिगवाडीह बिधुत सब स्टेशन द्वारा मात्र 10 घंटे ही बिजली की सप्लाई की जाती हैं। बिजली की व्यवस्था चरमराई हुए हैं। सम्बंधित अधिकारी उपकरणों का अभाव बता कर पल्ला झाड़ देते है। बिजली की लचर व्यवस्था के कारण व्यपार चौपट हो गया है। वही बच्चों का पठन पाठन भी खटाई में पड़ गया है। झरिया क्षेत्र की जनता की दो सबसे बड़ी मूलभूत समस्या का निदान जल्द से जल्द कराया जाये।

## गुरुनानक पुरा में बच्चों को गुरमत ट्रेनिंग कैंप में किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 3 जून से 9 जून तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, गुरुनानक पुरा, धनबाद में बच्चों का गुरमति सिखलाई कैंप लगाया गया। इस कैंप में 5 वर्ष से 14 वर्ष के तकरीबन सौ बच्चों ने भाग लिया एवं गुरमति की शिक्षा ली। इस कैंप में पंजाब से तीन प्रचारक गुरविंदर सिंघ, जसप्रीत सिंघ एवं गुरुचरन सिंघ आये जिन्होंने बच्चों को सिक्ख धर्म के दस गुरुओं के जीवन के बारे में बताया। इसके साथ ही सिक्खों के इतिहास के बारे में, देश के लिये उनकी शहादत के बारे में बताया। इस विषय में बच्चों की परीक्षा भी ली गई एवं अव्वल आने वाले बच्चों को 9 जून के समापन दीवान में ईनाम दे कर सम्मानित किया गया।

# उपायुक्त, एसएसपी ने अर्पित की भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भगवान बिरसा मुंडा की 124वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक ह्दीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश की संस्कृति के संरक्षक थे। जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और उनके कर्म और धर्म को समझाया, साथ ही ज्ञान का उजियारा भी फैलाया। उन्होंने पारंपरिक भूमि अधिकारों, सांस्कृतिक, धार्मिक आस्थाओं के संरक्षण के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ अदम्य संघर्ष किया।




मौके पर सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषिनी मुर्मू, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, जिला नाजिर आनंद कुमार, शहीद बिरसा मुंडा स्मारक स्मृति संचालन समिति के संयोजक महादेव हांसदा, शंभु साव, नारायण महतो, अमित संथाल मरांडी, जितेन्द्र कुमार पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो नाबालिक बच्चों को चोरी के मवेशी के साथ ग्रामीणों ने पकड़ा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र के परसाटांड़ पंचायत के ग्राम चंदनडीह में शनिवार शाम को दो नाबालिग बच्चों को एक मवेशी ले जाते ग्रामीणों ने संदेह अवस्था में पकड़ा। दोनों की उम्र करीब 14-15 वर्ष है। पूछताछ की तो मवेशी गिरिडीह ले जाने के लिए उन दोनों को पांच सौ रुपए मिलते हैं उसने बताया। दोनों ने अब तक चार मवेशियों को इस तरह से पहुंचाने की बात कबूल की। ग्रामीणों ने चोरी के मवेशी सहित दोनों बच्चों को पचंबा थाना को सौंप दिया है। थाना परिसर में करीब 100 से अधिक ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों की मांग थी कि दोनों बच्चों के बयान पर अविलंब कार्रवाई की जाए, क्योंकि पचंबा थाना क्षेत्र से मवेशी चोरी की कई घटनाएं पहले से ही घट चुकी हैं, लेकिन आज तक न कोई मवेशी बरामद हुआ और न ही चोर की गिरफ्तारी हो सकी है।

पचंबा थाना इंस्पेक्टर मंटू कुमार साव ने दोषियों को चिंहित कर के कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब उग्र ग्रामीण शांत हुए। पचंबा थाना इंस्पेक्टर मंटू कुमार ने कहा बच्चों की निशानदेही पर पुलिस छानबीन कर रही है। बच्चे जिन जगहों पर मवेशी पहुंचाने की बात कह रहे हैं, वहां जाकर छापेमारी की जा रही है और आगे की करवाई की जाएगी।

## गांवां व तीसरी वन विभाग संयुक्त टीम ने ढिबरा लदा पीक अप वैन किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीसरी :** गांवॉ वन विभाग टीम ने अवैध ढिबरा लदा पीक अप वैन जब्त किया गांवॉ वन प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पचरूखी के जंगल से एक ढिबरा लदा पीक अप वैन घाघरा के रास्ते जा रहा है जिसके आधार पर गांवॉ और तीसरी के वन विभाग ने संयुक्त टीम बना कर छापेमारी की जिसमें अवैध ढिबरा लदा पीकअप वैन को जब्त किया गया है पीक अप वैन में अवैध ढिबरा लाद कर ले जाया जा रहा था इस दौरान वैन नदी के रेत में फंस गया और वैन का इंजन भी खराब हो गया आज दोपहर बारह बजे के करीब वन विभाग टीम ने वैन को जब्त कर



गांवॉ वन कार्यालय ले आई और आगे की कार्रवाई में जुट गए । आपको बता दें कि वन विभाग के लगातार दबिश के बावजूद भी ढिबरा माफिया क्षेत्र में सक्रिय हैं मौक़े पर गांवॉ वन प्रभारी पवन चौधरी, वन पाल राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, जिलाजीत कुमार, अशोक कुमार के अलावा और भी वन कर्मी मौजूद थे।

## पीडीएस दुकानदार पर राशन नहीं देने का लगा आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गरीबों को मिलने वाले राशन को जन वितरण प्रणाली के दुकानदार डकार जा रहे हैं। ताजा मामला धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र के बेनागढ़िया में देखने को मिला। जहां के लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बताया कि पिछले कई महीनो से उन्हें राशन नहीं दी गई, जिसकी शिकायत उच्च अधिकारी को भी की गई लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। साथ ही उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार महीने में सिर्फ एक बार ही राशन का वितरण करते हैं। जिस कारण वह राशन का उठाव नहीं कर पाते हैं। इसके बाद राशन को देने से मना कर दिया जाता है। ऐसे में कई बार उच्च अधिकारियों के पास शिकायत की लेकिन इसका कुछ असर नहीं हुआ।

## धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया गया। इस जांच अभियान में कुल 1895 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 10 लाख 44 हज़ार 425 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 174 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बैंक मोड़ के थाना प्रभारी ने केंदुआडीह थाना का पदभार ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केन्दुआडीह थाना का अतिरिक्त प्रभार धनबाद बैंक मोड़ के थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वक्कार हुसैन ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि केंदुआडीह थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आमजनों के समस्याओं का निदान करने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने थाना क्षेत्र के लोगों से पुलिस को सहयोग करने का अपील की। बताते चलें केन्दुआडीह थाना प्रभारी



सह इंस्पेक्टर रामनरायण ठाकुर को एक हरिजन युवक की पिटाई मामले में कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को एसएसपी एचपी जनार्दनन ने संस्पेंड कर दिया था। वे यहाँ चार महीने ही रहे।

**खनन टास्क फोर्स ने रात 11:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक चलाया औचक जांच अभियान**

## अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर व एक हाइवा जब्त, एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात 11:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुदामडीह थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर जब्त किए गए। तीनों जब्त ट्रैक्टर को अंचल अधिकारी झरिया ने सुदामडीह थाना को सुपुर्द कर दिया।वहीं बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मेमको मोड़ के पास जिला



खनन पदाधिकारी तथा खान निरीक्षक ने अवैध बालू का परिवहन करते एक हाइवा जब्त किया। जब्त हाइवा को बरवाअड्डा थाना को सुपुर्द कर दिया। सुदामडीह थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे तीनों ट्रैक्टर तथा बरवाअड्डा थाना में अवैध बालू का परिवहन करते हाइवा पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, माइनिंग इंस्पेक्टर बिनोद बिहारी प्रमाणिक, अंचल अधिकारी निरसा इन्द्र लाल ओहदार, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, अंचल अधिकारी गोविंदपुर शशि भूषण सिंह, अंचल अधिकारी झरिया राम सुमन प्रसाद, अंचल अधिकारी टुंडी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, अंचल अधिकारी पूर्वी टुंडी देवराज गुप्ता के अलावा संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस बल शामिल थे।

## मायुमो ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने धनबाद, बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उनके आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि अंग्रेजी सरकार से लोहा लेते हुए भगवान बिरसा मुंडा की मृत्यु 9 जून 1900 ई0 में हो गया था। अंग्रेज़ी सरकार ने जेल में बंद डायरिया जैसी छोटी बीमारी में मोत के कारण बताया गया था। लेकिन उस जमाने में अंग्रेज भगवान बिरसा मुंडा के आंदोलनात्मक कार्रवाई से इतने भयभीत थे कि सही तरीके से उनका ईलाज नहीं करवाया। मृत्यु के पूर्व जमींदारों के साथ साथ अंग्रेजों के खिलाफ बड़ी लडाई का आह्वान किया था और उनका संघर्ष जारी था लेकिन गांव के कुछ लालची लोगों ने अंग्रेजों से मिलकर उनको गिरफ्तार करवा दिया था। परिणाम 25 साल के युवा अवस्था में जेल में उनकी मृत्यु हो गई। लेकिन आज भी लोग भगवान बिरसा



मुंडा की क्रांतिकारी एवं संघर्ष शील जीवन की परिचर्चा करते नहीं थकते हैं। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव राणा चटराज, जय दास, हिरा महतो, सुरेश दास, किशोर महतो, राजेश कुमार महतो आदि शामिल थे।

# आदिवासी समाज, संस्कृति, सभ्यता को हम सभी मिल कर करें संरक्षित : डॉ. रामेश्वर उरांव

## अरकोसा में राजी पड़हा प्राथना सभा के द्वारा उपवास सह प्राथना सभा का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** रविवार को लोहरदगा प्रखंड के ग्राम अरकोसा में राजी पड़हा प्राथना सभा के द्वारा उपवास सह प्राथना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव हुए शामिल हुए। आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ आदिवासी रितिरिवाज के साथ धूम धाम से किया गया। एवं अंग वस्त्र पुष्पभुज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सरना उपवास (चाला आयो) रखे सभी को माननीय मुख्य अतिथि के द्वारा पानी दे कर उपवास तोड़ा गया। इससे पूर्व सभी के द्वारा झंडा गड़ी पूजा अर्चना कर उपवास खत्म किया गया । मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा आदिवासी संस्कृति सभ्यता यही हम आदिवासी की पहचान है। उपवास तोड़ाई राजी पड़हा समाज के द्वारा किया जाना सराहनीय कार्य इस प्रकार के समाज का विकास होती है। हम लोग समाज के प्रति जागरूक होते हैं। आज हमारी सरकार आदिवासी समाज, संस्कृति, सभ्यता के रक्षा एवं उनके विकास के लिए कार्य कर रही है। हम सभी को मिलकर अपने समाज को आगे बढ़ने का कार्य करनी है। वर्तमान समय में सबसे पहले अपने समाज को शिक्षित करने की जरूरत है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज का विकास करते हैं। हमारे द्वारा लोहरदगा विधानसभा में आदिवासी समाज के संरक्षण हेतु काफी कार्य किया जा रहे हैं। समाज को एकत्रित करने एवं आगे बढ़ाने के लिए आदिवासी बहुल क्षेत्र में धुमकुडिया, पड़हा भवन का निर्माण किया जा रहा है जिससे हमारे समाज के लोग एकत्रित होकर समाज का कार्य कर सके। साथ ही हमारे संस्कृति के लिए विभिन्न आदिवासी बहुल गांव में अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही अखड़ा में स्ट्रीट लाइट का भी कार्य किया जा रहा। आदिवासी संस्कृति में वाद्य यंत्र भी एक पहचान है जिसके संरक्षण के लिए। विभिन्न गांव में मांदर, नगाड़ा, आदि वाद्य यंत्र का वितरण किया जा रहा है। इन सभी से हमारी संस्कृति की पहचान होती है जिससे आगे बढ़ाने की और कार्य किया जा रहा है। झारखंड सरकार के द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों कार्य कर रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, अजय उरांव, बिरेंदर उरांव, गोयंदा उरांव, रीता उरांव, जमुना उरांव, बालकिशुन उरांव, बांधनी उरांव, पुनीत उरांव, मनीषा उरांव एवं काफी संख्या में आयोजन करता है एवं उपवास वर्ती उपस्थित थे।

# भंडरिया जंगल में युवती का शव मिला, प्रेमी पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के नग्नाहा गांव के दिलवाही जंगल में प्रेमी ने अपने प्रेमिका सुषमा की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद बिजका गांव निवासी प्रेमी मनसू सिंह फरार हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद भंडरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. उसने शव को अंत्यपरीक्षण के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेजा. इस मामले में मृतका सुषमा के पिता ज्ञानचंद तुरी ने मनसू सिंह के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है. ज्ञानचंद ने बताया की उसकी बेटी का मनसू सिंह के साथ दो वर्षों से प्रेम-प्रसंग था. वहीं दोनों का एक पुत्र भी है. इसे लेकर उसकी बेटी उसके पास मायके में रहती थी. उन्होंने बताया कि दोनों के बीच अक्सर सामान्य तरीके से बातचीत होती रहती थी. वहीं उसकी बेटी मनसू से बार-बार शादी करने की बात कह रही थी. लेकिन आरोपी शादी से इनकार कर रहा था. शादी की बात पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी देता था. उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम करीब सात बजे उसकी बेटी घर से बिना किसी को बताये निकली थी. वापस घर नहीं आने पर उसकी बहुत खोजबीन की गयी. नहीं मिलने पर उसका मोबाइल नंबर पर फोन किया गया, तो मोबाइल स्विच ऑफ बताया. इसके बाद आरोपी प्रेमी के नंबर पर भी पर कॉल किया गया. उसमें रिंग हुआ, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया. बाद में ग्रामीणों ने गांव के पास दिलवाही जंगल में एक शव देखे जाने की चर्चा के बाद जाकर देखा, तो वह उसकी बेटी का शव निकला. इसके बाद उसने इसकी प्राथमिकी दर्ज करायी है. प्राथमिकी में सुषमा की हत्या किये जाने का मामला दर्ज कर प्रेमी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गयी है।

# डॉ. रामेश्वर उरांव एवं धीरज प्रसाद साहू ने किया जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** रविवार को लोहरदगा जिला के बगडु मोड़ स्थित राहत नगर में जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का उद्घघाटन माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा की लोहरदगा जिला में जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का उद्धघाटन से लोहरदगा वाशियो को स्वास्थ के क्षेत्र में काफी लाभ होगा। वर्तमान समय में हर व्यक्ति को स्वास्थ की जरूरत होती है। जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स के खुलने से लोगो को काफी राहत होगी। जिससे लोगो को परेशानी से निजात मिलेगी। साथ ही पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का खुलने से स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बेहतर कार्य का शुरुआत हुई है। इसका लाभ लोगो को स्वास्थ्य के साथ-साथ उचित दाम में दवा का व्यवस्था भी मिलेगी। लोगों को वर्तमान समय में लोगों की सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य है जो दूर होगी। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा, जिप अध्यक्ष रीना भगत, डॉ अजय नाथ सहदेव, हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया के सदर रऊफ अंसारी, हाजी अब्दुल जबारुल, शेखर भगत, आदिब हुसैन, कमरू जमा कुरैसी, डॉ मंसूर अंसारी, खास असलान, एवं काफी संख्या में उपस्थित थे।

## आलोक साहु ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

# सांसद सुखदेव ने भगत अपनी ओर से किए संवेदना प्रकट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** दो दिन पूर्व लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में भैसमुंदो गांव के समीप सड़क दुर्घटना में ग्राम तेतरडाड़ प्रखंड किस्को के रहने वाले धनु उरांव की पुत्री सीता कुमारी का निधन हो गया था तथा तेतरडाड़ के ही दो युवक अरविंद उरांव एवं विशाल उरांव घायल हो गया था जिसका इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है। आज कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू तेतरडाड़ ग्राम पहुंचकर मृतक के माता-पिता परिजनों से मुलाकात किये ।मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत इस घटना से काफी मर्माहत है तथा अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किए हैं। आपदा विभाग से शोकाकुल परिजनों को एक लाख की राशि दिलाई जाएगी। मौके पर श्री साहू ने मुखिया से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने एवं थाना प्रभारी भंडरा से जल्द से जल्द पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आग्रह किये। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष ईमान उरांव, मुखदेव उरांव भी थे।

# छात्रा की मौत से गांव में पसरा मातम

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा ग्राम पंचायत के गौसिया मस्जिद मोहल्ला निवासीस हकीम अंसारी के पुत्री तसीम सबा 17 वर्ष की मौत अचानक रविवार रात्रि में हो गई। वही परिजनों द्वारा बताया जाता है की तसीम सबा को रात्रि में दो बार अचानक दस्त और एक बार उलटी हो गया था? जिसे सुबह करीब 9 बजे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा ले जाया गया। जहाँ चिकित्सक द्वारा जांच करने के पश्चात मृत घोषित कर दिया गया। वही छात्रा के मृत्यु की सूचना पर अस्पतल में भीड़ लग गई। वही गांव घर में चर्चा है की भीषण गर्मी की वजह से गर्मी जनित बीमारी के कारण छात्रा की मौत हुई है। मृतक तसीम सबा नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में वाणिज्य की छात्रा थी। जो इस वर्ष वाणिज्य विषय में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हो विद्यालय का नाम रौशन की थी। वही अचानक से छात्रा की मौत का खबर सुनने पर गाँव मुहल्ला में मातम छा गया। छात्रा की मृत्यु का खबर पा कर शोक संवेदना प्रकट करने वालों में पंचायत के मुखिया धनबाज उरांव, वार्ड सदस्य रुस्तम अंसारी, सदर मोख्तार अंसारी, पूर्व सदर इमतियाज अंसारी कसमुल अंसारी, बाबर अंसारी, मुस्ताक अंसारी सहित अन्य ने शौक संवेदना प्रकट किया है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्धघाटन शनिवार की शाम गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित युवाओं और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने कहा कि क्रिकेट काफी लोकप्रिय खेल है, खेल में हार जीत तो लगी रहती है। हारने वाली टीम को हार से कुछ सबक मिलती है, खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं का एक प्लेटफार्म मिलता है, ऐसी प्रतिभाओं को तराशने का बेहतरीन मौका है। आयोजन समिति के बेहतरीन प्रयास के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। इस मौके डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, बीडीओ नंदजी राम, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, खरौधी प्रखंड जिला पार्षद धर्मराज पासवान, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, विजय रावत, बब्लू सिंह, शमशेर अंसारी आदि उपस्थित थे। मंच संचालन युवा शक्ति कॉस्को नाइट क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने किया। उद्घाटन मैच यूपी के दुद्धि क्रिकेट टीम एवं झारखंड के जंगीपुर नगर के बीच खेला गया, जहाँ दुद्धि कि टीम 31रनो से विजई हुई उद्घघाटन मैच में यूपी के दुद्धि क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर 9 विकेट खोकर 132 रन बनाए। वही जंगीपुर नगर क्रिकेट टीम सभी विकेट खोकर 101 रन ही बना पाई । इस मैच को दुद्धि 31 रनो से विजई हुई। मैन ऑफ द मैच दुद्धि टीम के खिलाड़ी मुकेश कुमार को दिया गया। इस मैच के अंपायर प्रिय रंजन यादव एवं चंचल कुमार ने किया।

# चार माह से जलमीनार खराब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विशुनपुरा :** मुख्यालय के लतीत मेहता के घर के पास मुख्य सड़क किनारे 15 वी वित्त से लगाया गया सोलर जलमीनार 4 माह से खराब पड़ी हुयी है.जल मीनार खराब हो जाने से गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रिंकी देवी, सोना कुंवर, विना कुँवर, लगन प्रसाद, सुनीता देवी, रामजी राम, अनिता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रमिला देवी, मिना देवी हरिहर राम, मंजू राम, अर्जुन राम सहित कयी लोगों ने बताया कि शुद्ध पेजजल के लिये 15 वे वित्त की राशि से लगभग 1 वर्ष पूर्व जलमीनार लगवायी गयी थी. लेकिन 4 माह से खराब पड़ी हुयी है.ग्रामीणों ने बताया कि जममिनार में स्टार्टर, समर सेबुल खराब होने के कारण पानी देना बंद हो गया है. जिस कारण ग्रामीणों को पानी के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस जलमिनकर से लगभग 20 घर के लगभग एक सौ लोग रहते है. जलमिनार खराब होने से दूसरे के निजी चापाकल से पानी लाकर पीना पड़ रहा है. इस भीषण गर्मी में पालतू पशुओं को पानी पिलाने में परेसानी हो रही है. ग्रामीणों ने बताया कि कयी बार मुखिया से शिकायत किया. लेकिन मुखिया द्वारा फंड में पैसे नही होने के हवाले देकर टालमटोल कर दिया गया.ग्रामीणों ने बताया कि पास में चापाकल भी है लेकिन चापाकल में पाइप खराब होने के कारण बंद है.पंचायत प्रशासन या संबंधित विभाग इसकी शुद्ध नहीं ले रहा है. वही बीडीसी शांति देवी ने भी पानी की समस्याओं को लेकर अविलंब जल मीनार की मरम्मती करवाने की मांग किया है इस सम्बंध में पूछे जाने पर मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि जलमिनार को जल्द ही मरम्मत करवायी जाएगी।

# आपसी विवाद में दो जख्मी पुलिस ने करवाया इलाज





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** कोराम्बे ग्राम में रविवार को एक ही परिवार के दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर हुआ मार पीट में दो लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची सेन्हा पुलिस घायलों को इलाज हेतु भेजा स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे ग्राम में शुक्ला परिवार के बीच पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज एवं मार पीट हुआ जिसमें दोनो पक्ष से एक एक घायल हो गये। वही बताया जाता है कि कोराम्बे निवासी शम्भू शुक्ला के पुत्र शिवनन्दन शुक्ला अपने भाई के साथ गुमला जिला के पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा मिश्री टोली स्थित तालाब में मछली मारने गया हुआ था। तभी गांव वालों ने मछली चोरी होने का संदेह जताते हुए घण्ट बजा दिया जिसके बाद ग्रामीण गोलबंद हो शिवनन्दन शुक्ला तथा उसके भाई और सहयोगी को धर पकड़ कर पंचायती किया गया जिसमें दंड देते हुए मार पीट किया और गांव से भेज दिया गया। वही घटना के बारे में बताते हुए शिवनन्दन शुक्ला ने कहा कि रविवार को अपने बहनोई से बात कर रहे थे। और हुई घटना की जानकारी दे रहे थे तभी प्रियंका शुक्ला हमलोगों को गाली गलौज करते हुए अपने पिता एवं चाचा को फोन कर बुलाई जो अपने गांव से कुछ लोगो के साथ आया और मुझे चोर कहते हुए मार पीट करने लगा। जिसमे मेरे माथा फट गया और शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। साथ ही कहा कि मुझे मछली मारने के लिए प्रियंका शुक्ला के पिता एवं चाचा ने बुलवाया था। वहीं दूसरे पक्ष प्रियंका शुक्ला के घायल चाचा ब्रजकिशोर दुबे उम्र 43 वर्ष पिता शीतल दुबे बघिमा मिश्र टोली निवासी ने बताया कि हमलोग किसी को मछली मारने के लिए नही बुलाए थे। इनलोग मछली चुराने जाल लेकर गये हुए थे। तभी गांव वालों ने तालाब से मछली चोरी करते हुए पकड़ा और सजा देकर भगा दिया। शिवनन्दन शुक्ला कोराम्बे गांव पहुंचने के बाद मेरी भतीजी को भदी भदी गालियां तथा हमलोग को बुलाने को कह मेरी भतीजी को मारने के लिए दौड़ रहा था। तभी प्रियंका हमलोगों को जानकारी देते हुए कोराम्बे आने के लिए बोली तो लगभग 12 बजे के आसपास कोराम्बे पहुंचे तो हमलोग को देख मारपीट आरम्भ कर दिया। जिसमें दोनो पक्ष से एक एक व्यक्ति घायल हो गये। घटना की सूचना एस आई मनोज कुमार को मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच दोनो घायलो को इलाज के लिए सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गये। फिलहाल दोनो पक्ष के बीच उतपन्न हुई पुराने मामला को लेकर विवाद होने का प्रतीत बताया जा रहा है।

# ज्योत्स्ना ने नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित कर माता पिता के सपना को किया साकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा ग्राम निवासी अजय साहु की पुत्री ज्योत्स्ना कुमारी नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित कर माँ पिताजी का सपना को सच कर दिखाया। परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि अजय साहू की पुत्री ज्योत्सना कुमारी द्वारा नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर परिवार व प्रखंड वासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं सहपाठियों के लिए प्रेरणा दायक बनी प्रखंड क्षेत्र के व्यवसायी अजय साहु की पुत्री ज्योत्सना कुमारी 2024 में नीट की परीक्षा में सफलता अर्जित कर प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन की है। ज्योत्स्ना कुमारी का पूरे भारत में 24,713 रैंक प्राप्त की है।ज्योत्स्ना कुमारी ने कहा कि मेरी सफलता के पीछे परिवार के सदस्य व गुरुजनों का श्रेय है। तथा बताते हुए मूल श्रेय दादा स्वर्गीय रामस्वारथ साहू, दादी सुमित्रा देवी तथा अपने चाचा चाची को देते हुए कहा कि माता पिता का उपकार कभी भुलाया नही जा सकता है। पूरे परिवार के प्रयास से हम नीट की परीक्षा में सफल हो सके और साथ ही कहा की डॉक्टर बन कर गरीबों का सेवा करना ही मेरा प्रथम लक्ष्य है। ज्योत्स्ना कुमारी जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा से पढ़ाई कर कोटा राजस्थान से नीट की तैयारी कर रही थी। जहाँ से वह नीट की परीक्षा में पास की है। ज्योत्स्ना के पिताजी व्यवसायिक हैं, तथा दादा स्व.रामस्वारथ साहु शिक्षक थे.दो बड़ी बहनों में एक शिक्षिका और दूसरी बहन सुलक्षणा कुमारी रिम्स राँची से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर चुकी है। ज्योत्स्ना की सफलता पर पिता अजय साहु माँ पद्मावती देवी, दादी सुमित्रा देवी, चाचा विजय साहु, मिथलेश कुमार, चाची रंजीता देवी व भाई बहनों में खुशी का माहौल है। वही लोगों ने सफलता अर्जित करने पर बधाई दिया है।

# राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा ने भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि अर्पित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** रविवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के द्वारा बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर लोहरदगा शंख नदी मोड़ और कुटमू दरहा देशवाली कचहरी मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में पुष्प माला देकर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव और जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि धरातल पर आदिवासी समाज अंधविश्वासों की आंधियों में तिनके-सा उड़ रहा है तथा आस्था के मामले में भटका हुआ है। उन्होंने यह भी अनुभव किया कि सामाजिक कुरीतियों के कोहरे ने आदिवासी समाज को ज्ञान के प्रकाश से वंचित कर दिया है। धर्म के बिंदु पर आदिवासी कभी मिशनरियों के प्रलोभन में आ जाते हैं,तो कभी ढकोसलों को ही ईश्वर मान लेते हैं। भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण की नाटकीय यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें तीन स्तरों पर संगठित करना आवश्यक समझा। जिला धर्मगुरु फूलकेश्वर उरांव ने कहा कि आर्थिक स्तर पर सुधार ताकि आदिवासी समाज को जमींदारों और जागीरदारों क आर्थिक शोषण से मुक्त किया जा सके। बिरसा मुंडा ने जब सामाजिक स्तर पर आदिवासी समाज में चेतना पैदा कर दी तो आर्थिक स्तर पर सारे आदिवासी शोषण के विरुद्ध स्वयं ही संगठित होने लगे। बिरसा मुंडा ने उनके नेतृत्व की कमान संभाली। आदिवासियों ने %बेगारी प्रथा% के विरुद्ध जबर्दस्त आंदोलन किया। परिणामस्वरूप जमींदारों और जागीरदारों के घरों तथा खेतों और वन की भूमि पर कार्य रूक गया।केन्द्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव ने कहा कि सामाजिक स्तर पर ताकि आदिवासी-समाज अंधविश्वासों और ढकोसलों के चंगुल से छूट कर पाखंड के पिंजरे से बाहर आ सके। इसके लिए उन्होंने ने आदिवासियों को स्वच्छता का संस्कार सिखाया। शिक्षा का महत्व समझाया। सहयोग और सरकार का रास्ता दिखाया। मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप ने कहा कि सामाजिक स्तर पर आदिवासियों के इस जागरण से जमींदार-जागीरदार और तत्कालीन ब्रिटिश शासन तो बौखलाया ही, पाखंडी झाड़-फूंक करने वालों की दुकानदारी भी ठप हो गई। यह सब बिरसा मुंडा के खिलाफ हो गए। उन्होंने बिरसा को साजिश रचकर फंसाने की काली करतूतें प्रारंभ की। यह तो था सामाजिक स्तर पर बिरसा का प्रभाव।जिला सचिव ने कहा कि राजनीतिक स्तर पर आदिवासियों को संगठित करना। चूंकि उन्होंने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर आदिवासियों में चेतना की चिंगारी सुलगा दी थी। राजनीतिक स्तर पर इसे आग बनने में देर नहीं लगी। आदिवासी अपने राजनीतिक अधिकारों के प्रति सजग हुए। सुधीर उरांव ने कहा कि आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा एक धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया। बिरसा मुंडा आंदोलनकारी भारत एवं झारखण्ड में एक महान व्यक्ति बने। आज भारत देश के आदिवासियों उन्हें भगवान मानते है और धरती आबा के नाम से जाना जाता है। इस पुण्य तिथि के अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति जिला धर्मगुरु फूलकेशर उरांव, जिला सचिव सुकेंद्र उरांव, उपाध्यक्ष सोमे उरांव,जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयंती उरांव, मिडिया प्रभारी नूतन कच्छप, आदिवासी कर्मचारी समिति के मिडिया प्रभारी सुधीर उरांव, प्रदीप उरांव व आदिवासी समाज के अन्य अगुवागण मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी बढ़ाई : मुख्यमंत्री



**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने के साथ खिलाड़ियों को मिलने वाले डाइट मनी और यात्रा प्रावधानों में वृद्धि की है।मुख्यमंत्री सुक्खू ने रविवार को यहां कहा कि खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी को 240 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये, जिला स्तरीय खेल आयोजनों के लिए 300 रुपये और खंड स्तरीय आयोजनों के लिए 240 रुपये किया गया है। प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी को 500 रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त खेल छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रारंभिक शिक्षा स्तर तक 250 रुपये तथा अन्यों को 400 रुपये की डाइट मनी का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाले खेल आयोजनों में भाग लेने वालों खिलाड़ियों को मिलने वाले यात्रा भत्ता प्रावधानों में भी वृद्धि की है। इस सुविधा के अन्तर्गत 200 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए खिलाड़ियों को एसी-थ्री टियर रेल किराया तथा 200 किलोमीटर से अधिक यात्रा करने वाले खिलाड़ियों को इकोनॉमी क्लास का हवाई किराया दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार के यह प्रयास दर्शाते हैं कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### नवीन पटनायक के करीबी पांडियन का राजनीति से संन्यास

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी और बीजेडी नेता वीके पांडियन ने एक्टिव पॉलिटिक्स से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. लोकसभा में बीजेडी की करारी हार के बाद पार्टी सुप्रीमो नवीन पटनायक के सबसे ज्यादा करीबी वीके पांडियन ने सक्रिय राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है. उन्होंने बड़े ही भावुक अंदाज में इसका ऐलान किया है. बता दें कि लोकसभा चुनाव में बीजू जनता दल को करारी हार का सामना करना पड़ा है. ओडिशा विधानसभा चुनाव में भी नवीन पटनायक को तगड़ा झटका लगा है. तकरीबन ढाई दशक में पटनायक को राजनीति में इस तरह की हार का सामना करना पड़ा है.बीजेडी नेता ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान करते हुए भावुक हो गए. उन्होंने कहा,अब मैंने एक्टिव पॉलिटिक्स से खुद को अलग करने का फैसला किया है. इस यात्रा में यदि मैंने किन्हीं का दिल दुखाया है तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं. इसके साथ ही मैं उस बात के लिए भी माफी मांगना चाहता हूं कि यदि मेरे द्वारा इस चुनाव प्रचार अभियान में दिए गए नैरेटिव से बीजेडी को किसी तरह का नुकसान पहुंचा हो या पार्टी को उस वजह से हार मिली हो. तमिलनाडु में जन्मे वीके पांडियन आईएएस रह चुके हैं. इसके बावजूद उन्होंने ओडिशा की राजनीति में अपनी पहचान बनाई. पूर्व आईएएस अधिकारी पांडियन की गिनती सर्विस टाइम से ही नवीन पटनायक के करीबियों में होती रही है.

# सीआईएसएफ कांस्टेबल के समर्थन में किसान संगठनों ने किया रोष मार्च

**एजेंसी**



**चंडीगढ़ :** हिमाचल से सांसद कंगना रानौत को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल के समर्थन में पंजाब के कई किसान संगठनों ने एकजुटता दिखाते हुए रविवार को मोहाली में रोष मार्च किया। किसान संगठनों ने कुलविंदर कौर की बहाली की मांग उठाई। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक), किसान-मजदूर मोर्चा तथा बीकेयू शहीद भगत के आह्वान पर किसानों व मजदूरों के कई संगठन आज मोहाली स्थित अंब साहिब गुरुद्वारा में एकत्र हुए। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर, मंजीत राय, जगजीत सिंह डल्लेवाल, गुरिंदर सिंह भंगू ने कहा कि कुलविंदर कौर के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। कुलविंदर कौर का निलंबन रद्द करके उसे नौकरी पर बहाल किया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान कई बयान दिए थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर आंदोलनकारियों की तुलना खालिस्तानी आतंकियों से की थी। किसान नेताओं ने कहा कि कंगना ने कुलविंदर कौर के साथ पहले अभद्रता की है, जिसके बाद यह सारा विवाद हुआ है। इस विवाद के बाद भी कंगना ने वीडियो जारी करके पंजाबियों को परोक्ष रूप से आतंकवादी की संज्ञा दी है। किसान संगठनों ने मोहाली के अंब साहिब गुरुद्वारा से शुरू होकर शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए लघु सचिवालय तक मार्च किया। संगठनों ने मोहाली के एसएसपी को मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन दिया। किसान नेताओं ने कहा कि अगर कुलविंदर कौर के खिलाफ दर्ज मामला रद्द नहीं किया जाता है तो वह मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात करके आगामी रणनीति का ऐलान करेंगे।

### राज्य के सभी प्रखंडों में दिव्यांग बच्चों के लिए 10 से लगेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत संचालित विकलांग व्यक्तियों को सहायक उपकरणों की खरीद, फिटिंग के लिए सहायता योजना (एडीआईपी योजना) के तहत वित्तवर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ जांच एवं सहायक उपकरण वितरण कैंप का 10 जून से 05 सितंबर तक आयोजन किया जाएगा। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), भुवनेश्वर के सहयोग से सभी प्रखंडों में विभिन्न तिथियों में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एलिम्को की पांच टीमें राज्य के सभी प्रखंडों में कार्य करेंगी। प्रत्येक टीम में विभिन्न श्रेणियों के विशेषज्ञ शामिल होंगे एवं निर्धारित तिथियों में प्रखंडों में आयोजित होने वाले जांच शिविरों में भाग लेंगे। जांच शिविरों के आयोजन से पूर्व जिला एवं प्रखंड द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शिविर में प्रखंड के सभी दिव्यांग बच्चे जिन्हें उपर्युक्त सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, भाग ले सकें, ताकि इन शिविरों का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को मिल सके। जिला एवं प्रखंडस्तरीय कर्मियों की यह जवाबदेही होगी कि गृह आधारित शिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों को भी इस जांच शिविर के क्रम में आवशयक सहायक सामग्री उपलब्ध हो सके।

# भाजपा ने निकाला विजय जुलूस

**तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री एवं बीडी राम के सांसद बनने पर खुशियां मनायी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवं पलामू लोक सभा क्षेत्र के सांसद बीडी राम को तीसरी बार सांसद बनने पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा द्वारा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में विजय जुलूस का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेता कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर, पठाखे फोड़ कर खुशिया मनायी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि विजय जुलूस का आयोजन बहुत ही गर्व की बात है। 60 वर्षो के बाद नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, सूरज गुप्ता, आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम रंका मोड़ संकट मोचन मंदिर के पास से शुरू होकर शहर भ्रमण करते हुए पुनः वही समाप्त हुआ। उपस्थित सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह सरकार 2047 विकसित भारत निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। समर्थन के साथ अपने पूरे कार्यकाल पाँच साल को पूरा करेगा। जनहित में जो कार्य पूर्व में नहीं हुआ है उसको पूरा करने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमोद चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, विनय चौबे, रिंकु तिवारी, शनि चन्द्रवंशी, विनोद चन्द्रवंशी, राजकुमार मधेशिया, रविंद्र पासवान, रविंद्र जायसवाल, दशरथ पासवान, दिनेश पासवान, चंदन जयसवाल, राजकुमार गुप्ता, धनंजय गोंड, मनोज पटनायक, राकेश शंकर गुप्ता, सुप्रीत केसरी, संजय केसरी, राजू सोनी, लखन गुप्ता, टींकु गुप्ता, शुभम् गुप्ता, विजय केसरी, दीपक तिवारी, अंजलि गुप्ता, वीणा पाठक, मनोज पाठक, मीरा यादव, वीणा गुप्ता, उषा देवी, मनोज महतो, अजय पासवान आदि उपस्थित थे।

# लालच देकर महिला से लाखों रुपये ठगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**फतेहाबाद :** क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक मिलने का लालच देकर साइबर ठगों ने गांव दरियापुर की एक महिला से लाखों रुपये हड़प लिए। इस बारे में रविवार को पीड़ित महिला ने पुलिस को सूचना दी। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव दरियापुर निवासी रजनी रानी ने कहा है कि उसके पास तीन क्रेडिट कार्ड है। 24 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक व्हाटसअप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि उसके एक्सिस बैंक व एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड पर फुल कैशबैक का ऑफर चल रहा है।

वह अपने क्रेडिट कार्ड से जितना खर्च करेगी, उसके पूरे रुपसये कैशबैक के रूप में वापस मिल जाएंगे। इसके बाद उन्होंने उसके मोबाइल नंबर पर 48 हजार रुपये के लिए एक ओटीपी भेजा, जोकि एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड के लिए था। इस पर उसने यह ओटीपी बता दिया। जिसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 48 हजार रुपये कट गए। इस पर उसने उक्त नंबर पर व्हाटसअप मैसेज भेजकर कैशबैक न मिलने बारे कहा तो उसे कहा कि यह ऑफसर उसके दोनों कार्ड पर है।

वह दूसरे कार्ड से भी पैमेंट करे तो ही कैशबैक मिलेगा और यह कैशबैक 24 घंटे में उसके पास ट्रांसफर हो जाएगा। इसके बाद 25 अप्रैल को उसके पास 48 हजार, 23 हजार व 2 हजार रुपये के ओटीपी भेजा जोकि एचडीएफसी बैंक के डेबिट कार्ड के लिए था। ओटीपी बताते ही उसके खाते से 73 हजार रुपये कट गए। इसके बाद फिर उसके पास ओटीपी भेजा। ओटीपी बताते हुए उसके एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से 73 हजार रुपये कट गए।

# अबुआ आवास के लाभुकों को दूसरी किस्त जारी करने का डीसी ने दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की।इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग,पंचायती राज विभाग,अबुवा आवास योजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा,स्वास्थ विभाग,स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग,कृषि विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की।समीक्षा के क्रम में प्रखण्डवार किये गये कार्यो के प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यो को निश्चित समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त श्री रंजन ने अबुवा आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के अलावे जिनका भी प्रथम या द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं हुआ है उन सभी लाभुकों के किस्त भुगतान करने के निर्देश दिये गये।उपायुक्त ने बीडीओ व बीपीओ को को वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना,बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बिरसा सिंचाई कूप सहित अन्य मनरेगा के कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करने पर अधिकारियों व कर्मियों पर कार्रवाई होगी। बैठक में डीसी ने सभी सीओ को उनके लॉगिन में पड़े सभी जाति प्रमाण पत्रों को ससमय छोड़ने की बात कही।

उन्होंने कहा कि इस हेतु शिक्षा विभाग संग बेहतर समन्वय स्थापित करने की जरूरत है।उन्होंने कृषि ऋण माफी,किसान क्रेडिट कार्ड बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, सहित अंचलों में म्यूटेशन पेंडिंग आदि योजनाओं की समीक्षा करलंबित कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया।ऑनलाइन मोड के जरिये डीडीसी समेत अन्य जिला स्तरीय,अनुमंडल स्तरीय व प्रखंड स्तरीय विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राजद कार्यालय में धरती आबा बिरसा मुंडा की मनायी गयी पुण्यतिथि

**रांची :** प्रदेश राजद कार्यालय में रविवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेता रघु ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यालय में देश की आजादी के लिए ब्रिटिश शासन प्रशासन के खिलाफ सन 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जरिये घोषित भारत छोड़ो आंदोलन का ऐलान कर करो या मरो के नारा और प्रखर समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया और ऊषा मेहता पर आधारित ए वतन मेरे वतन फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान श्रद्धेय राममनोहर लोहिया और ऊषा मेहता ने गुप्त रेडिओ का संचालन कर देशवासियों को जुनून पैदा किया था,दोनों लोगो ने समर्थकों के साथ कई बार जेल जाने के बाद भी आजादी की आवाजे बुलंदी करते रहें।

# 2047 तक विकसित भारत बनाना है : पीएम मोदी

**शपथ ग्रहण से पहले मोदी ने की मीटिंग, बोले- 5 साल का रोडमैप तैयार**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** शपथ ग्रहण से पहले नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री बनने वाले सांसदों के साथ पहली बैठक की।नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप तैयार है. इस दौरान उन्होंने 100 दिन के रोडमैप पर चर्चा की और उसे लागू करने के निर्देश दिए. सूत्रों के हवाले से खबर है कि पीएम मोदी ने अपनी कैबिनेट के नए सहयोगियों से कहा कि 100 दिन एजेंडा की कार्ययोजना को जमीन पर उतारना है. इसी के साथ पेंडिंग योजनाओं को पूरा करना है. उन्होंने कहा कि जो आपको विभाग मिलेगा, उसे जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए, इसकी चिंता कीजिएगा. प्रधानमंत्री आवास पर 22 सांसदों के साथ हुई बैठक में मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप भी तैयार है. आप उस पर जी जान से जुट जाइएगा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि साल 2047 में भारत को पूरी तरह से विकसित भारत बनाना है. जनता को एनडीए पर भरोसा है. उसे और मजबूत करना है.जो सांसद प्रधानमंत्री आवास पर मीटिंग में शामिल होने पहुंचे, उनमें सर्बानंद सोनोवाल, चिराग पासवान, अन्नपूर्णा देवी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भागीरथ चौधरी, किरेन रिजिजू, जितिन प्रसाद, एचडी कुमारस्वामी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, निर्मला सीतारमण, रवनीत बिट्टू, अजय टमटा, राव इंद्रजीत सिंह, नित्यानंद राय, जीतन राम मांझी, धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, हर्ष मल्होत्रा, एस जयशंकर, सीआर पाटिल व कृष्णपाल गुर्जर शामिल थे.

# पौधरोपण से मृतक की आत्मा को मिलेगी शांति : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के चिरू गांव निवासी दिवंगत विलास विश्वकर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।श्री कौशल ने मृतक की याद में उनके परिजनों की उपस्थिति में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाया। कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि केवल सेजिया दान से नहीं बल्कि पौधा दान से मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी। श्री कौशल ने यह भी कहा कि जब घर के बड़े बुजुर्गों का सर से साया हट जाय तो उनकी याद में लगाए गए पौधों की छाया से जीवन की कई समस्याओं का निदान संभव हो जाएगा।पर्यावरणविद श्री कौशल ने कहा कि लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने दिनचर्या में शामिल करें । अर्थ के लिए अनर्थ ना करें तभी प्रदूषण नियंत्रण में रहेगा । उन्होंने कहा कि प्रदूषण परमाणु बम से भी अधिक खतरनाक है।इसे रोकने के लिए लोगों को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा का इस्तेमाल अधिक और परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल कम करना होगा। वहीं गांव में वृक्ष खेती व शहर में आकाश बाग लगाकर जलवायु परिवर्तन और बेकाबू गर्मी को रोका जा सकता है। इससे जल संकट पर भी काबू पा सकते हैं। स्वयं और आने वाली पीढ़ी को इस विभीषिका से बचाने का दूसरा और कोई विकल्प नहीं है। मौके पर डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, नंदू विश्वकर्मा,स्व विलास विश्वकर्मा की धर्मपत्नी विमली कुंवर , पुत्र छोटू विश्वकर्मा, रोशन विश्वकर्मा, पुत्री नीलम देवी, कौशल्या देवी, गीता देवी, बसंत विश्वकर्मा, बबन विश्वकर्मा, कौशल विश्वकर्मा, प्रवेश विश्वकर्मा, गगन विश्वकर्मा, सुमन कुमारी रानती देवी, ममता कुमारी,,रामस्वरूप विश्वकर्मा,दिनेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### छतरपुर में एनएचएआई के महाप्रबंधक के घर और ऑफिस पर सीबीआई का छापा

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के छतरपुर में सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम ने एनएचएआई के महाप्रबंधक पीएल चौधरी के घर और ऑफिस में छापामार कार्रवाई की है। फिलहाल चौधरी के ठिकानों पर सीबीआई की कार्रवाई जारी है। सीबीआई टीम ने अभी मीडिया को कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। सीबीआई की टीम शनिवार रात आठ बजे चौधरी के पन्ना रोड स्थित अंबेडकर नगर कॉलोनी के मकान पर पहुंची और अपनी जांच शुरू की। चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चौधरी के ऑफिस में सीबीआई की कार्रवाई चल रही है। फिलहाल इस कार्रवाई से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी मीडिया से बातचीत नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि कार्रवाई जैसे ही खत्म होती है, पूरी जानकारी दी जाएगी। जानकारी मिली है कि एनएचएआई के महाप्रबंधक पीएल चौधरी के छतरपुर सहित कानपुर में पैतृक निवास पर सीबीआई की कार्रवाई चल रही है।

# मोदी कैबिनेट मे सबसे कम उम्र के मंत्री बने राम मोहन नायडू

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** मोदी कैबिनेट में तेलुगु देशम पार्टी के सांसद राम मोहन नायडू किंजरापु को जगह मिली है। सिर्फ 36 साल के राम मोहन नायडू का टीडीपी के कद बेहद बड़ा है. वह आंध्र प्रदेश की श्रीकाकुलम सीट से तीसरी बार सांसद चुनकर आए हैं. मोदी कैबिनेट 3.0 में राम मोहन नायडू को जगह मिली है। वह अब तक के सबसे कम उम्र के वे कैबिनेट मंत्री साबित हुए. बता दें कि राम मोहन नायडू, चंद्रबाबू नायडू के बेहद करीबी और खास माने जाते हैं. राम मोहन नायडू को राजनीति विरासत में मिली है. उनके पिता येरन नायडू भी टीडीपी के बड़े नेताओं में शुमार रहे हैं. पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद राम मोहन नायडू ने राजनीति में कदम रखा था.अगर पिता की असमय मृत्यु न होती, तो शायद राम मोहन नायडू कभी राजनीति में नहीं आते. दरअसल, दिल्ली में शुरुआती पढ़ाई करने के बाद वह हायर स्टडी के लिए अमेरिका चले गए थे. यहां उन्होंने इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. फिर एमबीए किया और इसके बाद सिंगापुर चले गए. यहां वह अपना करियर बनाने में जुटे ही थे कि सिर से पिता का साया उठ गया. 18 दिसंबर, 1987 को जन्मे राम मोहन नायडू तब सिर्फ 24 साल के थे. इसके बाद राम मोहन नायडू ने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 2014 में राजनीति में उतरे और 26 साल की उम्र में श्रीकाकुलम से पहली बार सांसद चुने गए. इसके बाद इन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा. चंद्रबाबू नायडू की जब गिरफ्तारी हुई, तो उस मुश्किल दौर में राम मोहन नायडू ने दिल्ली में टीडीपी चीफ के बेटे नारा लोकेश के साथ काफी काम किया था. राम मोहन करीब 9 साल से दिल्ली की राजनीति में सक्रिय थे, ऐसे में नारा लोकेश के साथ मिलकर उन्होंने चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाई. बता दें कि चंद्रबाबू जब भी दिल्ली आते हैं, तो उनके साथ राम मोहन नायडू नजर आते हैं. राम मोहन नायडू को 2020 में संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किये जा चुके हैं. संसद की कई समितियों के भी वह सदस्य रह चुके हैं.